3 राजधानी
हज समिति के चुनाव में आप को झटका

6 अभिमत
कठोर आर्थिक सुधारों की जरूरत

11 राष्ट्रीय
सुकेश चंद्रशेखर गिरफ्तार

12 स्पोर्ट्स
भारत की निगाहें एक और बड़ी जीत पर

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 104
नई दिल्ली, शुक्रवार, 17 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



फिजी का सहयोगी बनना भारत का सौभाग्यः जयशंकर

विदेश-10

# त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में भारी मतदान

● सभी 60 विधानसभा सीटों पर जमकर पड़े वोट

**पायनियर समाचार सेवा।** अगरतला

**त्रिपुरा** में 60 सदस्ईय विधानसभा के लिए बृहस्पतिवार को शाम चार बजे तक 81 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। यह जानकारी निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। राज्य के लिए विधानसभा चुनाव एक चरण में कराए जा रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रतिशत में अभी वृद्धि होगी क्योंकि लगभग 50,000 मतदाता अभी भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्रों पर कतारों में खड़े हैं। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी यू जे मोग ने कहा, शाम चार बजे तक सभी 60 विधानसभा क्षेत्रों में औसतन 81.11 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, जबकि आखिरी सूचना मिलने तक करीब 50,000 मतदाता कतारों में खड़े थे। उन्होंने कहा कि जो मतदाता कतार में हैं और शाम 4 बजे तक टोकन ले चुके हैं, उन्हें शाम 6 बजे या उसके बाद भी वोट डालने की अनुमति दी जाएगी। 2018 के विधानसभा चुनाव में मतदान निर्धारित समय से आगे रात 9.30 बजे तक जारी रहा था और कुल 79 प्रतिशत मतदान हुआ था। राज्य में हाल में फिर से बसे ब्रू शरणार्थियों ने पहली बार मतदान में हिस्सा लिया। राज्य में कुल 37,136 ब्रू आबादी में से 14,005 वोट देने के लिए पात्र हैं। सभी 3337 मतदान केंद्रों पर मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और दिन चढ़ने के साथ इसमें तेजी आई। कुछ अप्रिय घटनाओं के कारण चुनाव प्रभावित हुआ। पुलिस ने कहा कि दो घटनाओं में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के तीन कार्यकर्ता घायल हो गए। मोग ने कहा, गोमती जिले के काकराबन और सिपाहीजाला जिले के बॉक्सानगर में दो अलग-अलग घटनाओं में माकपा के तीन कार्यकर्ता घायल हो गए। निर्वाचन आयोग को मतदाताओं को डराने-धमकाने की कुछ शिकायतें और रिपोर्टें मिलीं। इन्हें पेशेवर तरीके से हल किया गया। ( शेष पेज 8 )



उत्तरी त्रिपुरा के पानी सागर में एक मतदान केंद्र पर पंक्तिबद्ध खड़े होकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते लोग

## त्रिपुरा कांग्रेस और भाजपा महासचिव को नोटिस

**नई दिल्ली।** ट्विटर पर वोट मांगने पर त्रिपुरा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस और भाजपा की राज्य इकाइयों के साथ-साथ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दिलीप सैकिया को पूर्वोत्तर राज्य में मतदान होने पर ट्विटर पर वोट मांगने के लिए नोटिस जारी किया। चुनाव आयोग ने कहा कि ये ट्वीट चुनाव कानून का उल्लंघन करते हैं, क्योंकि वे मंगलवार शाम से शुरू हुए 48 घंटे के मौन काल के दौरान किये गए थे। राज्य की 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए गुरुवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया। इन सभी से लोगों से इस संबंध में शुक्रवार शाम 5 बजे तक उल्लंघन के लिए अपना पक्ष स्पष्ट करने के लिए भी कहा गया है।

## पूर्वोत्तर के तीन चुनावी राज्यों में 147 करोड़ की सामग्री जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**त्रिपुरा,** नगालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को लालच देने में संभावित तौर पर इस्तेमाल होने वाली 147 करोड़ रुपए की शराब, मादक पदार्थ और नकदी जब्त की गई है। पिछले चुनाव में जब्त की गई सामग्री के मुकाबले यह 20 गुना अधिक है। त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को मतदान हुआ, जबकि मेघालय व नगालैंड के लिए 27 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के इस्तेमाल को नियंत्रित करने के लिए अंतर एजेंसी विशेष टीम का गठन किया गया, जिसका नतीजा है कि त्रिपुरा में 14.2 करोड़ रुपए के गांजा की फसल को नष्ट किया गया। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मतदाताओं को प्रलोभन देने के मामलों से कड़ाई से निपटने की नीति बनाई थी। इसी के नतीजा रहा कि चुनाव वाले तीनों राज्यों में अब तक 147.84 करोड़ रुपए की अवैध सामग्री जब्त की ( शेष पेज 8 )

# जल सुरक्षा भारत के लिए अहम दायित्वः मोदी

### कहा- देशवासियों में जल संरक्षण के मूल्यों के प्रति फिर से पुरानी आस्था पैदा करनी होगी

● ब्रह्माकुमारीज संस्थान के जल जन अभियान को वर्चुअली संबोधित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने जल प्रदूषण का कारण बनने वाली हर विकृति को दूर करने का आह्वान करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि हमें देशवासियों में जल संरक्षण के मूल्यों के प्रति फिर से पुरानी आस्था पैदा करनी होगी। मोदी ने कहा, इतनी बड़ी आबादी के कारण जल सुरक्षा भारत के लिए भी एक महत्वपूर्ण दायित्व है। यह हम सब की साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में जल संरक्षण जैसे कामों को लेकर लोगों की मानसिकता बदली है और नमामि गंगे अभियान आज देश के विभिन्न राज्यों के लिए एक मॉडल बनकर उभर रहा है। वह राजस्थान के आबूरोड में ब्रहमाकुमारीज संस्थान के जल जन अभियान की शुरुआत कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, बीते दशकों में हमारे यहां एक ऐसी नकारात्मक सोच भी बन गई थी कि हम जल संरक्षण एवं पर्यावरण जैसे विषयों को मुश्किल मानकर छोड़ देते हैं। कुछ लोगों ने यह मान लिया था कि इतने बड़ा काम है कि इसे किया ही नहीं जा सकता। लेकिन बीते आठ नौ वर्षों में देश ने इस मानसिकता को भी बदल है और हालत भी बदले हैं। उन्होंने नमामि गंगे को इसका एक सशक्त उदाहरण करार देते हुए कहा कि आज न केवल गंगा साफ हो रही है बल्कि उसकी तमाम सहायक नदियां भी स्वच्छ हो रही हैं। उनका कहना था कि गंगा के किनारे प्राकृतिक खेती जैसे अभियान भी शुरू हुए हैं तथा नमामि गंगे अभियान आज देश के विभिन्न राज्यों के लिए एक मॉडल बनकर उभर रहा है।



प्रधानमंत्री ने कहा, जल जन अभियान ऐसे समय में शुरू हो रहा है जब पानी की कमी को पूरे विश्व में भविष्य के संकट के रूप में देखा जा रहा है। 21वीं सदी में दुनिया इस बात की गंभीरता को समझ रही है कि हमारी धरती के पास जल संसाधन कितने सीमित हैं।

मोदी ने कहा, इतनी बड़ी आबादी के कारण जल सुरक्षा भारत के लिए भी एक महत्वपूर्ण दायित्व है। यह हम सब की साझी जिम्मेदारी है। इसलिए आजादी के अमृत काल में आज देश जल को कल के रूप में देखेगा तभी आने वाला कल भी रहेगा और इसके लिए हमें मिलकर आज से ही प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें संतोष है कि जल संरक्षण के संकल्प को अब देश एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ा रहा है तथा ब्रह्माकुमारी के इस जल जन अभियान से जनभागीदारी के इन प्रयासों को नई ताकत मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के ऋषियों ने हजारों वर्ष पहले ही प्रकृति, पर्यावरण एवं पानी को लेकर संयमित, संतुलित एवं संवेदनशील व्यवस्था का सृजन किया था। हमारे यहां कहा गया है कि हम जल को नष्ट न करें, उसका संरक्षण करें। यह भावना हजारों वर्षों से हमारे आध्यात्म एवं धर्म का हिस्सा है। यह हमारे समाज की संस्कृति है हमारे सामाजिक चिंतन का केंद्र है। इसलिए हम जल ( शेष पेज 8 )

# सिर्फ पांच दिन में होगा पासपोर्ट सत्यापन

● केन्द्रीय गृह मंत्री ने पासपोर्ट सत्यापन की ऑनलाइन सुविधा का लोकार्पण किया, नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी का उद्घाटन

**संजय राय।** नई दिल्ली

**पासपोर्ट** बनवाने में आम लोगों को अब कोई दिक्कत नहीं होगी। पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया में सबसे बड़ी मुश्किल लोगों के सामने सत्यापन के समय आती है, जिसे अब ऑनलाइन कर दिया गया है। इससे सत्यापन का काम 15 दिन के बजाय केवल पांच दिन में निपट जाएगा और पहले के मुकाबले बहुत कम समय में पासपोर्ट बन जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को दिल्ली पुलिस के 76वें स्थापना दिवस समारोह में के दौरान पासपोर्ट सत्यापन की ऑनलाइन सुविधा का लोकार्पण किया और मोबाइल फॉरेंसिक वाहन को दिल्ली पुलिस की बेड़े में शामिल किया। पासपोर्ट के लिए रोजाना औसतन दो हजार आवेदन प्राप्त होते हैं। उनकी ऑनलाइन प्रोसेसिंग होने से जनता की दिक्कते भी कम हो जाएंगी। अभी तक पासपोर्ट बनने में एक महीने का समय लगता है। सबसे ज्यादा वक्त वेरिफिकेशन में लगता है।



दिल्ली पुलिस के 76वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

समारोह में मुख्य अतिथि अमित शाह ने कहा कि दिल्ली पुलिस के लिए वर्ष 2023 बहुत महत्वपूर्ण है। इस वर्ष होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था में भी दिल्ली पुलिस देश को गौरवांवित करेगी। दिल्ली, पंजाब, राजस्थान पुलिस और एनआईए ने मिलकर उत्तर भारत में अंतरराज्यीय गिरोह पर नकेल कसी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आईपीसी और सीआरपीसी और एविडेंस एक्स में आमूलचूल परिवर्तन करने जा रही है। इन कानूनों को समय और संविधान की भावना के अनुकूल बनाने के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए फॉरेंसिक और अन्य साक्ष्यों की उपलब्धता के साथ और मजबूत बनाया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश के 9 राज्यों में नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी खोली जा चुकी है। अगले दो वर्षों में देश के सभी राज्यों में एनएफएसयू के परिसर खोले जायेंगे। उन्होंने एनएफएसयू के दिल्ली परिसर का शैक्षणिक सुविधाओं से लैस 34 करोड़ रुपए की लागत आधुनिक बिल्डिंग का लोकार्पण हुआ है। उन्होंने कहा कि 5000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में फैली ये बिल्डिंग छात्रों की सहायता करेगी और उन्हें पढ़ाई और शोध करने के लिए एक अच्छा माहौल मुहैया करेगी। इस भवन में 90 छात्रावास के कमरे भी उपलब्ध हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इससे न्यायतंत्र को फॉरेंसिक साइंस के साक्ष्य का आधार देकर मजबूत करने की बहुत जरूरत है।

# एयर इंडिया ने कुल 840 विमानों का ऑर्डर दिया

**एजेंसी।** नई दिल्ली


**एयर** इंडिया ने एयरबस और बोइंग को 840 विमानों का ऑर्डर दिया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि इस सौदे में 370 विमान खरीदने का विकल्प भी शामिल है। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक और रूपांतरण अधिकारी निपुन अग्रवाल ने एक लिंक्डइन पोस्ट में कहा कि एयरलाइन द्वारा विमान खरीदने के लिए दिए गए ऑर्डर से दुनिया भर में दिख रहे उत्साह को लेकर कंपनी विनम्र है। उन्होंने बताया कि दो साल पहले एयर इंडिया के निजीकरण के साथ शुरू हुई प्रक्रिया के तहत 840 विमानों का यह ऑर्डर दिया गया है। उन्होंने कहा, ऑर्डर के तहत अगले दशक में एयरबस और बोइंग से 470 विमान खरीदे जाएंगे, जबकि इसमें 370 विमान खरीदने का विकल्प शामिल है। यह आधुनिक विमानन इतिहास में किसी एयरलाइन द्वारा दिए गए सबसे बड़े विमान ऑर्डरों में से एक होगा। अधिकारी ने कहा कि भारतीय विमानन उद्योग के लिए यह ऑर्डर एक ऐतिहासिक क्षण है। इससे एक दिन पहले एयरलाइंस ने कहा था कि उसने 470 विमानों के लिए एक ठेका दिया है, जिसमें से एयरबस से 250 विमान और बोइंग से 220 विमान खरीदे जाएंगे। उन्होंने कहा, हमने सीएफएम इंटरनेशनल (सीएफएम), रोल्स-रॉयस और जीई एयरोस्पेस के साथ इंजनों के दीर्घकालिक रखरखाव के लिए करार भी किया है। अग्रवाल ने कहा कि यह ठेका एयर इंडिया को विश्व स्तरीय एयरलाइन में बदलने और भारत को दुनिया के हर बड़े शहर से सीधे जोड़ने की टाटा समूह की आकांक्षा को दर्शाता है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन एयरबस से 40 बड़े आकार के ए350 और 210 छोटे आकार के विमान खरीदेगी।

# सेल्फी से इनकार पर क्रिकेटर पृथ्वी शॉ की कार पर हमला

● एक लड़की समेत आठ लोगों के खिलाफ दंगा व जबरन वसूली समेत कई धाराओं में मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**मुंबई** में सांताक्रूज स्थित एक लग्जरी होटल के बाहर भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के साथ सेल्फी लेने को लेकर हुई कहासुनी के बाद एक व्यक्ति ने उनकी कार पर बेसबॉल के बल्ले से हमला कर दिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार तड़के हुई इस घटना के बाद पुलिस ने महिला सहित आठ व्यक्तियों के खिलाफ दंगा और जबरन वसूली का मामला दर्ज किया। बाद में पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सपना गिल को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब क्रिकेटर सांताक्रूज में घरेलू हवाईअड्डे के पास स्थित होटल में अपने एक व्यवसाई दोस्त के साथ खाना खाने गए थे। इस संबंध में शॉ के मित्र और कैफे चलाने वाले आशीष यादव ने शिकायत दर्ज कराई है। यादव पिछले तीन साल से बांद्रा में शॉ के साथ रह रहे हैं।



अधिकारी ने कहा कि शिकायत के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति सेल्फी के लिए शॉ के पास आया। अधिकारी ने कहा कि शुरुआत में क्रिकेटर ने उस शख्स को ऐसा करने दिया। हालांकि, जब व्यक्ति ने उनके साथ और सेल्फी लेने पर जोर दिया, तो शॉ ने अनुरोध ठुकरा दिया। इसके बाद आरोपी ने क्रिकेटर से बहस और बदसलूकी शुरू कर दी। यह देखकर होटल के प्रबंधक ने हस्तक्षेप किया और शॉ के साथ सेल्फी की मांग कर रहे व्यक्ति से परिसर से चले जाने को कहा। अधिकारी ने कहा कि इस घटना के बाद शॉ और यादव ने होटल में रात का खाना खाया, लेकिन जब शॉ अपने दोस्त के साथ उस जगह से बाहर निकल रहे थे, तो उन्होंने देखा कि वही व्यक्ति हाथ में बेसबॉल का बल्ला लिए हुए अपने साथियों के साथ खड़ा है। शॉ और उनके दोस्त के कार में बैठने के बाद आरोपियों ने बेसबॉल के बल्ले से गाड़ी के शीशे पर हमला कर दिया। हमले के बाद शॉ को दूसरी कार से भेजा गया, जबकि यादव और अन्य लोग उनकी कार को ओशिवारा ले गए।

अधिकारी के अनुसार यादव ने तीन मोटरसाइकिल और एक सफेद रंग की कार को उनके वाहन का पीछा करते देखा। उन्होंने तड़के 4 बजे के आसपास, उनका पीछा कर रहे लोगों ने उनकी कार पर उस समय हमला किया जब वह लिंक रोड पर एक पेट्रोल पंप के पास यू-टर्न ले रहे थे। अधिकारी ने बताया कि उनमें से एक ने बेसबॉल बैट को कार के पीछे के शीशे पर दे मारा, जिससे वह टूट गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मोटरसाइकिल सवार छह व्यक्तियों और कार में सवार महिला सहित दो अन्य व्यक्तियों ने यादव और उनके साथ के लोगों को अपशब्द भी कहे। इसके बाद ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,319 ↑ 44 | |
| निफ्टी | 18,035 ↑ 20 | |
| सोना | 56,270 ↓ 50 | /10g |
| चांदी | 65,720 ↑ 140 | /kg |

## क्विक न्यूज

### बीबीसी कार्यालयों पर आयकर विभाग का सर्वे समाप्त

**नई दिल्ली।** बीबीसी (ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन) के कार्यालयों में आयकर विभाग का सर्वे ऑपरेशन 58 घंटे से अधिक समय तक चलने के बाद बृहस्पतिवार को समाप्त हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस दौरान अधिकारियों ने कुछ चुनिंदा कर्मचारियों के वित्तीय डेटा एकत्र किए और समाचार संगठन के इलेक्ट्रॉनिक एवं कागजी आंकड़ों की प्रतियां बनाईं। सूत्रों ने बताया कि आयकर विभाग ने कथित कर अपवंचना की जांच के तहत बीबीसी के दिल्ली और मुंबई स्थित कार्यालयों में मंगलवार को पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे सर्वे ऑपरेशन शुरू किया था और आज रात दिल्ली में समाप्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि कर अधिकारियों ने उपलब्ध स्टॉक की एक सूची बनाई है, कुछ कर्मचारियों के बयान दर्ज किए हैं।

# पंतनगर कृषि विवि राष्ट्र के लिए गौरव का एक स्तम्भ चिन्हः डोभाल

**पायनियर समाचार सेवा।** पंतनगर

**गोविंद** बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोलते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय राष्ट्र के लिए गौरव का एक स्तम्भ चिन्ह है। हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि हमें यहां आने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय ने देश की सेवा उस समय पर की जब हमारे देश में अकाल की स्थिति थी और अन्य देशों से खाद्यान्न आयात करना पड़ा था। आज हम खाद्यान्न उत्पादन में सक्षम ही नहीं बल्कि अन्य देशों को निर्यात भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोसी देश चीन में हमसे कम जमीन में अधिक खाद्यान्न का उत्पादन किया जा रहा है।

( विस्तृत पेज 11 )

# सरकार की अगले साल तक ओटीटी लांच करने की तैयारी

### डायरेक्ट-टू-मोबाइल टीवी का भी कर रही परीक्षण, बिना इंटरनेट भी पकड़ेगा सिग्नल

● टीयर-2 व टीयर-3 शहरों तक एफएम रेडियो ले जाने के लिए नए सिरे से होगी नीलामी की भी तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आने** वाले दिनों में आपका मोबाइल सीधे टीवी का भी काम करेगा। केंद्र सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसके अलावा, ओटीटी प्लेटफॉर्म शुरू करने और एफएम रेडियो स्टेशनों की नए सिरे से नीलामी की योजना बना रही है। इससे आम लोगों तक सरकार की पहुंच और आसान हो जाएगी। मोबाइल पर टीवी योजना को मूर्त रूप देने के लिए कर्तव्य पथ और आसपास के क्षेत्रों में ट्रांसमीटर स्थापित किए गए हैं, ताकि यह परखा जा सके कि टेलीविजन सिग्नल सीधे मोबाइल फोन पर कैसे आ सकते हैं। सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने बृहस्पतिवार को दिल्ली में ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग सोसाइटी एक्सपो को संबोधित करते हुए कहा कि हम इस साल एफएम रेडियो स्टेशनों की नीलामी की दिशा में बढ़ रहे हैं। हम इस साल टियर 2 और टियर 3 शहरों में एफएम रेडियो ले जाने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि बड़ी संख्या में एफएम रेडियो स्टेशन हैं, लेकिन यह सेवा देश के केवल 60 प्रतिशत हिस्से में ही उपलब्ध है। चंद्रा ने कहा कि सरकार ने वाम उग्रवाद वाले, सीमावर्ती और रणनीतिक क्षेत्रों सहित विभिन्न जगहों तक प्रसार भारती की पहुंच को व्यापक बनाने के वास्ते प्रसारण आधारभूत रचना एवं नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) योजना के लिए चार साल की अवधि में 2,500 करोड़ रुपए का आवंटन किया है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य देश में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रसारण को बढ़ावा देना है और आकाशवाणी तथा दूरदर्शन सहित प्रसार भारती के बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करना है।



चंद्रा ने कहा कि आईआईटी-कानपुर और सांख्य लैब्स ने कर्तव्य पथ और आस-पास के क्षेत्रों में ट्रांसमीटर स्थापित किए हैं, ताकि यह प्रदर्शित किया जा सके कि टेलीविजन सिग्नल सीधे मोबाइल फोन पर कैसे प्रसारित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब आप सीधे अपने मोबाइल पर टेलीविजन सिग्नल प्राप्त कर सकते हैं। यह एक बहुत ही रोचक प्रौद्योगिकी है, जिसमें टेलीविजन मीडिया की पहुंच बढ़ाने की क्षमता है। चंद्रा ने कहा कि टेलीविजन सिग्नल प्राप्त करने के लिए मोबाइल फोन उपयोगकर्ताओं को अपने मोबाइल उपकरणों में एक विशेष डोंगल संलग्न करना होगा। इस डोंगल से भी छुटकारा पाने के लिए मोबाइल निर्माताओं को फोन उपकरणों में एक विशेष चिप लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। चंद्रा ने कहा कि प्रसार भारती के पास बहुत सी अभिलेखीय फुटेज हैं, जिनका वह मुद्रीकरण नहीं कर सका है। अब प्रसार भारती सामग्री के लिए एक ओटीटी मंच लाने की योजना बनाई जा रही है। ताजा सामग्री, जैसे स्वराज धारावाहिक ओटीटी मंच के अभाव में इंटरनेट पर उपलब्ध नहीं है। हमारी योजना 2023-24 में ऐसा करने की है। प्रसार भारती के सदस्य (वित्त) डी पी एस नेगी ने कहा कि भारत में 2026 तक एक अरब स्मार्टफोन उपयोगकर्ता होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि डायरेक्ट-टू-मोबाइल (डी2एम) प्रौद्योगिकी से बिना सक्रिय इंटरनेट कनेक्शन के वीडियो और अन्य मल्टीमीडिया सामग्री को सीधे मोबाइल फोन पर प्रसारित किया जा सकेगा। यह उसी तरह होगा जैसे एफएम रेडियो मोबाइल फोन पर काम करता है।

# ड्रोन ने ऋषिकेश से गढ़वाल तक सिर्फ 30 मिनट में पहुंचाई दवा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उत्तराखंड** के टिहरी गढ़वाल जिले के पर्वतीय क्षेत्र में स्थित एक अस्पताल में एम्स ऋषिकेश से करीब दो किलोग्राम टीबी रोधी दवा पहुंचाई गई। यह दवा चिकित्सा आपूर्ति के वितरण में ड्रोन का उपयोग करने की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के लिए परीक्षण के तौर पर भेजी गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि ड्रोन के इस्तेमाल से आपूर्ति का समय दो घंटे से घटकर सिर्फ 30 मिनट रह गया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन के जरिए ऋषिकेस एम्स हेलीपैड से जिला अस्पताल टिहरी गढ़वाल तक टीबी रोधी दवाओं को ले जाने का सफल परीक्षण किया गया। लगभग 40 किलोमीटर की हवाई दूरी को 30 मिनट के भीतर तय किया गया, जो पर्वतीय क्षेत्र तक आसानी से पहुंचा। मांडविया ने कहा कि इस तरह का अगला ड्रोन आधारित परीक्षण एम्स दिल्ली और एम्स झज्जर के बीच होने वाला है।

# प्राधिकरण के जल एप पर आवंटी देख सकेंगे रीडिंग

## अब विभाग में नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर, मार्च के पहले सप्ताह से शुरू, बिल का भुगतान ऑनलाइन होगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा वासियों को पानी के बिल और रीडिंग के लिए प्राधिकरण के जल खंड विभाग के चक्कर नहीं लगाने होंगे। इसके लिए प्राधिकरण जल एप लेकर आ रहा है।

इस ऐप की मदद की आवंटी मीटर की रीडिंग देख सकेगा। बिल देख सकेगा। बिल भी ऑनलाइन जमा करा सकेगा। यहीं नहीं अपनी शिकायत भी ऑनलाइन कर सकेगा।

प्राधिकरण के ओएसडी अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि ऐप का डिजाइन एक सलाहकार कंपनी तैयार करेगी। इसके लिए प्राधिकरण रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल आरएफपी जारी करेगा। इसके साथ एक मास्टर ऐप भी बनाया जाएगा। जिसमें सभी छोटे ऐप को इस मास्टर ऐप के अंदर रखा जाएगा। इन दोनों एप का शुभारंभ मार्च के पहले सप्ताह में किया जाएगा। नोएडा में पानी का बिल अब मीटर रीडिंग के जरिए देना होगा। इसके लिए मीटर रीडिंग लगाए जा रहे है। पहले फेज में 5000 हजार वाटर मीटर लगाए जा रहे है। इसमें से अब तक 4200 वाटर मीटर लगाए जा चुके है। इसके बाद अगले फेज में 5000 वाटर मीटर लगाए जाएंगे। इसका स्लॉट दो दिनों में प्राधिकरण के पास आ जाएगा। ये सभी वाटर मीटर छोटे है कुल 40 हजार के आसपास वाटर लगाए जाएंगे। इसके अलावा अब तक 2000 बड़े वाटर मीटर लगाए गए है। ये वाटर मीटर सोसायटी में लगाए गए है। अभी करीब 2 हजार बड़े वाटर मीटर और लगाए जाएंगे। वाटर मीटर लगाने का काम 31 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा।

इसके बाद मीटर रीडिंग के हिसाब से पानी का बिल आएगा। ये रीडिंग आप अपने मोबाइल पर एप के जरिए देख सकेंगे। नोएडा में खारे पानी और मीठा बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए मार्च से यूजीआर से आने वाली पानी में 90 एमएलडी गंगाजल मिलाया जाएगा। ये परियोजना का तीसरा फेज है। वर्तमान में नोएडा में 240 एमएलडी गंगाजल की सप्लाई की जा रही है।

इस गंगाजल में इतना ही सप्लाई का पानी मिलाकर इसका टीडीएस स्तर 800 से 900 के आसपास बनाया गया है। इस एप की खास बात ये होगी कि आप ऑनलाइन ही पैसा जमा कर सकेंगे। अभी ये तय नहीं हो सका है कि सुरक्षित पेमेंट गेट.वे क्या होगा। माना जा रहा है कि ऐप में पेमेंट के लिए यूपीआई को ही चुना जाएगा। जिस पर लिंक करने के बाद आप बिल जमा कर सकेंगे।

वर्तमान में प्राधिकरण के डॉग रजिस्ट्रेशन एप, मोबाइल पार्किंग एप के अलावा कई शिकायत ऐप है। इनको डाउनलोड करके आपकी फोन की स्क्रीन भर गई होगी। साथ ही ये एप स्पेस भी ले रहे है। ऐसे में प्राधिकरण एक मास्टर ऐप ला रहा है। इस ऐप में सभी छोटे एप को शामिल किया जाएगा। यानी आपको सिर्फ मास्टर एप डाउनलोड करना होगा।

# पावर ऑफ अटॉर्नी के नाम पर धांधली के आरोप में गाजियाबाद तहसील के चार सब रजिस्ट्रार सस्पेंड

● कई और कर्मचारियों पर भी गिर सकती है गाज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद जिले में पॉवर ऑफ अटॉर्नी के रजिस्ट्रेशन को लेकर चल रही जांच में पहली बड़ी कार्रवाई गुरुवार को हुई है। शासन ने गाजियाबाद सदर तहसील के चार सब रजिस्ट्रार सस्पेंड कर दिए हैं।

माना जा रहा है कि कुछ और अधिकारी इस जांच में फंस सकते हैं। जिन सब रजिस्ट्रारों को सस्पेंड किया गया है, वे रविंद्र मेहता, अवनीश राय, सुरेश चंद्र मौर्य और नवीन राय हैं।

रविंद्र मेहता सदर तहसील में करीब पांच साल से तैनात थे। सब रजिस्ट्रार हनुमत प्रसाद और एआईजी स्टांप केके मिश्रा को एक महीना पहले ही शासन से अटैच किया जा चुका है। 4 जनवरी 2023 को प्रमुख सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन वीना कुमारी ने गाजियाबाद व नोएडा में पॉवर ऑफ अटॉर्नी के रजिस्ट्रेशन को प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया था।

शासन को शक था कि इन दोनों जिलों में कई राज्यों की पावर ऑफअटॉर्नी के रजिस्ट्रेशन के जरिये संपत्ति के अवैध ट्रांसफर में किसी बड़े गैंग का हाथ है। शासन ने उप निबंधकों की भूमिका पर भी शक जाहिर किया था। इस पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही थी। स्टांप एवं पंजीयन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, गाजियाबाद और नोएडा में पिछले कुछ महीनों में पॉवर ऑफ अटॉर्नी के रजिस्ट्रेशन की बाढ़ सी आई। तीन महीने में 25 हजार से ज्यादा लोगों ने पॉवर ऑफ अटॉर्नी कराई।

इसमें बड़ी संख्या में गैर राज्यों के लोग भी शामिल थे। शासन को इस बात पर शक हुआ और फिर एसआईटी से जांच कराने का आदेश दिया गया। सुप्रीम कोर्ट भी एक विशेष अनुमति याचिका की सुनवाई में कह चुकी है कि पॉवर ऑफ अटॉर्नी से किसी अचल संपत्ति का स्वामित्व नहीं बनता है।

# फिर तेंदुए की दहशत, बंद हुई अदालत

● लोगों के दावे पर वन विभाग को शक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद कोर्ट में तेंदुए की दहशत बरकरार है। वकीलों का कहना है कि गुरुवार सुबह 7.45 बजे कैमरे में कचहरी परिसर में फिर से तेंदुआ दिखा है। इससे दहशत में आए वकील हड़ताल पर हैं।

उन्होंने चैंबर बंद कर दिए हैं। वकीलों की हड़ताल के चलते कोर्ट रूम भी नहीं खुल पाए हैं। कुछ न्यायिक अधिकारी अपने कोर्ट रूम में पहुंच गए थे, वे भी लौट गए हैं। कोर्ट के सभी दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। बार एसोसिएशन सचिव नितिन यादव ने कहा न्यायालय परिसर गाजियाबाद में तेंदुआ दिखाई देने की वजह से अधिवक्ता और वादकारियों में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

सुरक्षा को लेकर अधिवक्ता शुक्रवार को हड़ताल पर हैं। हमने वादकारियों से कहा है कि वे न्यायालय परिसर को खाली करके जल्द से जल्द अपने घरों में सुरक्षित पहुंच जाएं। बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने गुरुवार को इस संबंध में एक बैठक आयोजित की है और हड़ताल का प्रस्ताव पास हुआ है। प्रस्ताव की कॉपी जनपद न्यायाधीश सहित सभी न्यायालयों को भेज दी गई है। वहीं वन विभाग ने सीसीटीवी पर दिखाये गए फुटेज पर शक जाहिर किया है। उन्होंने कहा है लगता है कि यह पशु तेंदुआ नहीं होकर बिल्ली है।

# गाजियाबाद में निवाड़ी थाने के एसएचओ सस्पेंड

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में निवाड़ी थाने के एसएचओ मयंक अरोड़ा को गुरुवार को सस्पेंड कर दिया गया।

एसएचओ ने कार्रवाई नहीं की और दो बार समझौता करा दिया। पीड़िता ने अफसरों से शिकायत की। गोपनीय जांच हुई तो एसएचओ पर लगे आरोप पुष्ट हुए। ग्रामीण रवि कुमार ने बताया, एसएचओ मयंक अरोड़ा को सस्पेंड करते हुए भोजपुर थाने के एसएचओ सुरेंद्र सिंह को निवाड़ी थाने का चार्ज दिया गया है। इस प्रकरण में मयंक अरोड़ा के खिलाफ विभागीय जांच भी कराई जा रही है। एक युवती ने अपने पूर्व प्रेमी के खिलाफ फोटो वायरल करने की एप्लीकेशन थाना निवाड़ी पर दी थी।

# प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट बेचने वाले गैंग का पर्दाफाश

● इन सिगरेट को 3500 से 4000 रुपए के बीच कॉलेज में पढ़ने वाले लड़के व लड़कियों को बेच देते थे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस ने प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट बेचने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इनके कब्जे से 405 प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट बरामद की गई है। बाजार में इसकी कीमत करीब 15 लाख रुपए है। इनके खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का निषेध उत्पादन, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री, वितरण और भंडारण, विज्ञापन अधिनियम 2019 के तहत कार्यवाही की गई। एडीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि इन लोगों को प्रतिबंधित इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट 300 से 400 रुपए की मिल जाती थी। इस सिगरेट को 3500 से 4000 रुपए के बीच कॉलेज में पढ़ने वाले नई उम्र के लड़के व लड़कियों को बेच देते थे। जिससे काफी मुनाफा होता था। बता दे ये सिगरेट व्यक्तियों की सेहत के लिये काफी खतरनाक है। इसका अंदाजा इन लोगों को भी है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रवीण गौड़, आकाश, नितिन गुप्ता, आर्यन देव, उमेश, बीरू हुई है।

ये सभी गाजियाबाद और नोएडा के रहने वाले है। इन सभी को सेक्टर.63 में बंद पड़े रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार किया गया है। कॉलेजों के आसपास की दुकानदार थे इनके सेलर एडीसीपी ने बताया कि इस गैंग का टारगेट स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट थे। ये उन कॉलेजों के आसपास की दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट देते थे।

यही से दुकानदार इनको बेच देते थे। एक सिगरेट पर करीब 3500 रुपए तक का मुनाफा मिलता था। उन्होंने बताया कि सिगरेट के कई फ्लेवर मिले है। ये अलग अलग कीमत की है। इनको कहा से लाया जा रहा था। इनकी सप्लाई कैसे होती थी। इसके लिए पूछताछ की जा रही है। इस पूरी सप्लाई चेन को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# नोएडा एक्सप्रेस-वे पर वाहनों की स्पीड लिमिट फिर बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● कोहरे के चलते गति 100 से घटाकर 75 किमी प्रति घंटा की गई

घने कोहरे के कारण कम की गई स्पीड लिमिट को दोबारा से बढ़ा दिया गया है। अब एक्सप्रेसवे पर 100 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से वाहन चल सकेंगे। इसे घटाकर 75 किमी प्रतिघंटा किया गया था।

वहीं एक्सप्रेस वे पर अब भारी वाहन दोबारा से 80 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चल सकते है। इसके अलावा एमपी-1.2 और 3 रोड नंबर-6, डीएससी रोड की स्पीड लिमिट को 80 से घटाकर 60 किमी प्रतिघंटा किया गया था। जिसे वापस 80 किमी प्रतिघंटा कर दिया गया है। वहीं एलिवेटड रोड पर चार पहिया वाहन 50 किमी और भारी वाहन 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेंगे। ये नियम 15 फरवरी तक लागू थे।

जिसमें दोबारा से बदलाव किया गया है। नोएडा ट्रैफिक सेल के डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि कोहरे की वजह से स्पीड को कम किया गया था। अब मौसम साफ है और सुबह और रात में भी विजिबिलिटी में कोई समस्या नहीं है। इसलिए दोबारा से स्पीड लिमिट को वापस वहीं कर दिया गया है जो 20 दिसंबर से पहले थी।

# एनआरआई महिला ने ठगी करने पर अपने दो भाइयों पर केस दर्ज कराया

**नोएडा।** ऑस्ट्रेलिया में रहने वाली एक महिला ने नोएडा के सेक्टर 49 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पिता की मौत के बाद उसके दो भाइयों ने उनके मोबाइल फोन का दुरुपयोग कर उनके खाते से एक करोड़ 16 लाख रुपए निकाल लिए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस आयुक्त कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि जो कि आस्ट्रेलिया में रह रही देवता नैयर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पिता की मौत के बाद उनके भाई संदीप सहगल और सुमित सहगल ने उनके फोन का दुरुपयोग करके उनके विभिन्न खातों से ओटीपी नंबर हासिल कर एक करोड़ 16 लाख रुपए निकाल लिए।

# यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू, 1476 ने छोड़ा पेपर

● हिंदी का आसान पेपर देखकर छात्रों के खिले चेहरे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



हिन्दी विषय के साथ से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। पहले दिन ही हिन्दी विषय की परीक्षा 1476 छात्रों ने छोड़ दी, लेकिन हिन्दी का प्रश्नपत्र आसान होने के कारण सुबह से तनावग्रस्त छात्रों के चेहरे परीक्षा के उपरांत खुशी से खिल उठे।

सुबह की पाली सुबह आठ बजे से शुरू हुईए लेकिन छात्र परीक्षा केन्द्रों पर एक घंटा पहले ही पहुंच गए। पहला दिन होने के कारण छात्रों के चेहरे पर तनाव साफ झलक रहा था। पहले दिन की परीक्षा में 28 हजार 459 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 1476 छात्रो ने परीक्षा छोड़ दी यानि यह बच्चे परीक्षा से गैर हाजिर रहे।

डीआईओएस राजेश श्रीवास ने बताया कि पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। हिन्दी की शिक्षिका सुमन चौधरी ने बताया कि हिन्दी विषय का पेपर हमेशा कठिन आता है, लेकिन इस बार प्रश्नपत्र बेहद आसान था। सभी प्रश्न ऐसे थे जिन्हें आसानी से छात्र कर सकें। जिले में आज से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्रों में तनाव कम हो इसके लिए गोविंदपुरम स्थित महर्षि दयानंद विद्यापीठ में छात्रों का जोरदार स्वागत किया गया।

परीक्षा देने पहुंचे छात्रों को चंदन का टीका व फूलों की वर्षा स्कूल प्रबंधन व स्टाफद्वारा की गई। हर छात्र को गेट पर परीक्षा की शुभकामनाएं दी गईं। परीक्षार्थी भी अपने इस स्वागत से अभिभूत नजर आए। स्वागत से छात्रों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे। परीक्षा पूरी तरह से नकलविहीन रहे इसे लेकर उत्तर प्रदेश प्रशासन खासी सख्ती बरत रहा है। परीक्षा कक्ष की मॉनिटरिंग करने के लिए सीसीटीवी कैमरे, वॉयस रिकॉर्डर के साथ लगवाए गए हैं।

# यूपी रेरा ने 13 बिल्डरों पर 1.39 करोड़ का जुर्माना लगाया

**नोएडा।** आदेशों का पालन नहीं करने पर उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने 13 बिल्डरों पर 1.39 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है।

यूपी रेरा के सचिव राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि रेरा की 115 वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया और इनमें से ज्यादातर बिल्डर एनसीआर के हैं। उन्होंने कहा कि यूपी रेरा ने उन्हें 15 दिन के अंदर लंबित आदेशों का पालन करने और 30 दिन के अंदर जुर्माने की धनराशि जमा करने का आदेश दिया है, ऐसा नहीं करने पर आरसी जारी कर वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि ज्यादातर शिकायतें परियोजना पंजीकरण, पंजीकरण विस्तार और मॉडल एग्रीमेंट फॉर सेल का पालन नहीं करने से जुड़ी थीं, जबकि सबसे अधिक शिकायतें गौतम बुद्ध नगर एवं लखनऊ की थीं, उनका निस्तारण कराया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में अभी तक करीब 47,790 शिकायतें दर्ज हो चुकी है जिनमें से लगभग 42,700 का निस्तारण किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार



कारोबारी के घर में चोर करने वाले आरोपी के बारे में बताती पुलिस।

## एक्सपोर्ट कारोबारी के घर चोरी, माली समेत दो धरे

**नोएडा।** सेक्टर-20 में एक्सपोर्ट कारोबारी के घर में हुई चोरी का महज आठ घंटे में खुलासा करते हुए पुलिस ने घर के विश्वसनीय पुजारी और माली को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी किए गए 12 लाख 33 रुपए भी बरामद किए गए। ये पैसा दोनों ने मिलकर घर में ही मिट्टी खोदकर दबा दिए थे। इनकी पहचान मनीष अवस्थी और सुग्रीव हुई है। इन दोनों ने चोरी की वारदात करने से पहले डकैती की एक झूठी कहानी बनाई और मालिक को फोन किया। साक्ष्य छिपाने के लिए सीसीटीवी की डीवीआर तक चोरी कर ली। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि सी-9 सेक्टर.30 में कारोबारी परिवार के साथ रहता है। उन्हीं के यहां पुजारी मनीष अवस्थी करीब 05 साल से और माली सुग्रीव करीब 01 साल से रह रहे थे। धार्मिक अनुष्ठान और पूजा पाठ के चलते पुजारी परिवार का काफी विश्वसनीय हो गया था। इसका फायदा पुजारी ने उठाया।

## स्थिर योग में मनाया जाएगा शिवरात्रि महोत्सव

**गाजियाबाद।** फल्गुन माह का शिवरात्रि महोत्सव इस बार स्थिर लग्न में मनाया जाएगा। शिवरात्रि का व्रत निशीथ व्यापिनी चतुर्दशी में रखा जाता है। दूधेश्वरनाथ मंदिर के महंत व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि हर जीव शिव है और हम सभी की जीवन यात्रा भी जीव से शिव की ओर है। मंदिर में दो दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जलाभिषेक 17 फरवरी शुक्रवार को रात 12 बजे से शुरू होगा जो अगले दिन 18 फरवरी की रात्रि तक जारी रहेगा, शिवरात्रि का व्रत शनिवार को रहेगा। महोत्सव के लिए मंदिर को रंगबिरंगी लाइटों से सजाया। बाबा दूधेश्वर का भव्य श्रृंगार महाकाल के रूप में किया जाएगा। इसमें 108 प्रकार के व्यंजनों का भोग भी लगाया जाएगा।

## महिला की मौत के मामले में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** नोएडा के बीटा-2 थानाक्षेत्र में एक महिला की तीन दिन पूर्व हुई संदिग्ध मौत के सिलसिले में उसके परिजनों (मायके वालों) ने उसके पति समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद मिश्रा ने बताया कि तीन दिन पहले इस थाना क्षेत्र में सुंदरी नामक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि महिला के परिजन भोला ने सुंदरी के पति उदयवीर चाचा भूरा तथा जीजा प्रमोद सहित ससुराल पक्ष के 3 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आरडब्लूए अध्यक्ष की वाइफ समेत 4 पर चार्जशीट

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के राजनगर एक्टेंशन स्थित रिवर हाइट्स सोसाइटी में स्ट्रीट डॉग्स को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। एफआईआर में जिन दो एनिमल लवर्स महिलाओं को मारपीट की आरोपी बनाया गया था, उन्हें चार्जशीट में पुलिस ने क्लीन चिट दे दी है। चार्जशीट में आरडब्लूए अध्यक्ष की पत्नी समेत चार महिलाओं को आरोपी बनाया गया है। इससे मामला एक बार फिर तूल पकड़ने लगा है। रिवर हाइट्स सोसाइटी में 11 जनवरी 2023 को स्ट्रीट डॉग पकड़कर दूसरी जगह भिजवाए गए। पीपल्स फॉर एनिमल संस्था की अध्यक्ष सुरभि रावत और पूनम ने इसका विरोध किया। इस पर महिलाओं में आपस में मारपीट हो गई।

SBFC
SBFC Finance Limited
Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, SangamComplex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

सार्वजनिक सूचना

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनैन्स लि. द्वारा दिनांक 24 फरवरी 2023 को क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O-7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली-110024, गौतम बुध नगर जनपद : प्लाट नंबर-5,ग्राउंड फ्लोर,वाइट कैसल होटल के सामने, डबरी रोड, सलारपुर, भंगेल, सेक्टर-101, जनपद गौतम बुध नगर, नॉएडा-201304 गाजियाबाद जनपद शाखा 2बी, RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़ जनपद पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग,गढ़ रोड़, हापुड-245101 पर की जाएगी।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में अस्मर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

नीलाम किये जाने वाले स्वर्ण आभूषण शाखा विवरण के साथ नीचे उल्लेखित विभिन ग्राहकों के ग्राहक ID के सभी लिंक किये गए खातों से सम्बंधित हैं।

Delhi: AP00052378,AP00088997,AP00096630,AP00116299,AP00129487,AP00153595, AP00162941,AP00182914,AP00191264,AP00194850,AP00256718,AP00268032,AP00268211, AP00273700,AP00304132,AP00321673,AP00322550,AP00326472,AP00327278,AP00327421, AP00333941,AP00356144,AP00367775,AP00384350,AP00392346,AP00396608,AP00398293, AP00398551,AP00407289,AP00413098,AP00413282,AP00414127,AP00414515,AP00415032, AP00421008,AP00430574,AP00431184,AP00431929,AP00433155,AP00433157,AP00433590, AP00433966,AP00437731,AP00437827,AP00437847,AP00438320,AP00438848,AP00439491, AP00448159,AP00448248,AP00449108,AP00456640,AP00458640,AP00461035,AP00466117, AP00466757,AP00466805,AP00466856,AP00468040,AP00468326,AP00468463,AP00468958, AP00470265,AP00470667,AP00475282,AP00478129,AP00486013,AP00487226 GHAZIABAD: AP00329383,AP00330233,AP00339067,AP00372051,AP00377909,AP00389033, AP00414871,AP00421932,AP00430174,AP00430863,AP00431486,AP00432581,AP00438567, AP00448480,AP00469495,AP00470093 HAPUR: AP00366307 NOIDA: AP00338941, AP00398033,AP00406150,AP00420906,AP00466100,AP00468923,AP00480197

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:
एसबीएफसी फायनैन्स लिमिटेड
संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207, फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरूग्राम शाखा 0124-4276037 नॉएडा: 8368589407,
एसबीएफसी फायनैन्स लिमिटेड को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है

सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ममता देवी पत्नी श्री विजय कुमार साहू, संपत्ति Built-up Property Bearing No. D-277, area measuring 20 Sq. Yds., L.e. 16.72 Sq. Mtrs., out of Khasra No. 31, Situated at the Abadi of D-Block, Laxmi Nagar, in the area of Village Shakarpur Khas, Illaqa Shahdara, Delhi- 110092, मूल बिक्री विलेख दिनांक 22.01.2021, पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 446, के द्वारा मालिक हैं। उपरोक्त संपत्ति, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ GPA, ATS & Will dt. 04.05.1987 कहीं खो गए है!यदि मूल GPA, ATS & Will किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर, उपरोक्त GPA, ATS & Will के अनुसारविषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा.

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

चुनाव सूचना

Milestone Welfare & Educational Society

के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था द्वारा प्रस्तावित Milestone Institute of Law, Morta Gzb. की प्रबंध समिति का चुनाव दिनांक 25.02.2023 दिन शनिवार महाविद्यालय में प्रातः 10 बजे से होगा।

चुनाव कार्यक्रम महाविद्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध है।

सभी सदस्यों को चुनाव कार्यक्रम की सूचना Speed Post/Registered Post द्वारा भेज दी गयी है।

अध्यक्ष / सचिव

PUBLIC NOTICE

Before the Central Government Registrar of Companies, Haryana
In the matter of sub-section(3) of Section 13 of Limited Liability Partnership Act, 2008 and rule 17 of the Limited Liability Partnership Rules, 2009
AND
In the matter of DRAM CLUB LLP having its registered office at A-602, TDI Ourania Golf Course Road, Sector 53, DLF Phase 5, Gurgoan, Haryana-122001
........ Petitioner

Notice is hereby given to the General Public that the Dram Club LLP proposes to make a petition to Registrar of Companies, Haryana under section 13 (3) of the Limited Liability Partnership Act, 2008 seeking permission to change its Registered office from the state of " Haryana" to the state of "Goa". Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of the registered office of the LLP may deliver or cause to be delivered or send by Registered post of his/her objections supported by an affidavit stating the nature of his/her interest and grounds of opposition supported by an affidavit to the Registrar of Companies, Haryana, within 21 (twenty one) days from the date of publication of this notice with a copy to the petitioner LLP at its registered office at the address mentioned above.

For and on behalf of DRAM CLUB LLP
Swati Sharma (Designated Partner)
DIN-08805716
Date: 17.02.2023, Place: New Delhi

सार्वजनिक सूचना – एजेन्सी सेवासमाप्ति

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 7 कम्युनिटी सेंटर द्वितीय तल, एसडी टावर, सेक्टर-8, निकट केन्द्रीय विद्यालय, नई दिल्ली-110085

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय उपरोक्तानुसार स्थित है, ने अपनी कलेक्शन एजेन्सी के रूप में कार्यरत मैसर्स कृष्णा एंटरप्राइजेज, जिसका व्यवसाय का स्थान सी-59/1, द्वितीय तल, जीवन पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली-110059 है, की सेवाएं समाप्त कर दी हैं तथा इसके साथ किसी भी रूप में संबद्ध नहीं है।

उक्त कलेक्शन एजेन्सी अथवा इसके प्रतिनिधियों के सम्पर्क में आने वाले सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि श्रीमती रितु कंसल-, पार्टनर्स/निदेशकों तथा/अथवा इसके कर्मचारियों/प्रतिनिधियों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड का किसी भी रूप में प्रतिनिधित्व करने का कोई अधिकार नहीं है। आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड एतद्पश्चात उक्त एजेन्सी द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों अथवा अभिवेदनों के लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

तिथि : 17 फरवरी, 2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रताप सिंह/विमला चौधरी- LBJAI00001135566 - प्लॉट नंबर 640, टाइप II (2), एसपीजी कॉम्प्लेक्स, द्वारका, सेक्टर-8, दिल्ली-110018 | प्लॉट नंबर ई-170, स्कीम बालाजी विहार-6, एक्सट-फर्स्ट, निकट बेनार रोड, जयपुर, राजस्थान-302001 | 14-01-2023 रू. 6,29,379.8/- | 10-10-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 17 फरवरी, 2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर - 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि कमलेश राय/मीना राय (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीएचजैड00002244257 तथा पता यूएच-108, प्रथम तल, टावर-के, अर्बन होम्स, ग्राम शाहपुर बम्हेटा, गाजियाबाद के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 09 फरवरी, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि सुमहोम्स रियलकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 17 फरवरी, 2023 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./-

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# हज समिति के चुनाव में आप को लगा झटका

## पहली बार उपराज्यापल वीके सक्सेना ने नामित किए सदस्य, कौसर जहां बनीं अध्यक्ष



- अभी तक सरकार करती थी नामों की सिफारिश, उपराज्यपाल ने अफसरों को धमकाया : आप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा नेता कौसर जहां दिल्ली हज कमेटी की अध्यक्ष चुनी गई हैं। आम आदमी पार्टी को बृहस्पतिवार को उस समय झटका लगा जब दिल्ली सचिवालय में हुए मतदान में समिति के पांच में से तीन सदस्यों ने कौसर जहां के समर्थन में मतदान किया। कौसर ऐसी दूसरी महिला हैं, जो दिल्ली हज कमेटी की चेयरपर्सन बनी हैं। इससे पहले ताजदार बाबर ने यह जिम्मेदारी संभाली थी।

इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी और एलजी में तनातनी फिर बढ़ गई है। आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने उपराज्यपाल पर दिल्ली हज कमेटी में असंवैधानिक नियुक्ति करने का आरोप लगाया है। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली दिल्ली सरकार द्वारा हज कमेटी में नामित सदस्यों को एलजी ने बदल दिया और भाजपा नेता को इसका अध्यक्ष बना दिया। हज कमेटी के छह सदस्य सर्वसम्मति से अध्यक्ष का चुनाव करते हैं। एलजी ने चतुराई से सदस्यों को बदल कर भाजपा नेता को अध्यक्ष बना दिया। बीजेपी ने अपनी पार्टी के दो कार्यकर्ताओं कौसर जहां और मोहम्मद साद को हज कमेटी का सदस्य बनाया। मोहम्मद साद के पास स्कॉलर की डिग्री नहीं होने के बावजूद मुस्लिम धर्मशास्त्र के जानकार व्यक्ति के रूप में नियुक्त किया गया। उपराज्यपाल को संविधान, पार्टी कार्यकर्ताओं को हज समिति के सदस्यों के रूप में चुनने की अनुमति नहीं देता है।

सौरभ भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कौसर जहां का दिल्ली हज कमेटी का अध्यक्ष चुने जाने को ऐसे प्रचारित किया जा रहा है जैसे मानो भाजपा ने बहुत बड़ा चुनाव जीत लिया है। उन्हें नहीं लगता कि इससे पहले हज समिति के चुनाव के बारे में इतनी चर्चा किसी ने सुनी होगी। क्योंकि यह मात्र 6 लोगों का चुनाव होता है। इन 6 लोगों को चुनी हुई सरकार द्वारा हज समिति में भेजा जाता है।

इसके बाद आम राय से एक व्यक्ति को हज समिति का अध्यक्ष बनाया जाता है। मगर इस बार हज समिति के चुनाव के जिए चुनी हुई सरकार द्वारा भेजे गए नामों को एलजी ने बदलकर इसमें नए नामों को शामिल किया है। जब भाजपा ने नाम ही बदल दिए हैं तो इन्हीं के चुने हुए व्यक्ति सदस्य बने हैं। उन्हीं में से एक व्यक्ति को अध्यक्ष बना दिया गया। इसमें भाजपा के लिए ऐसी कोई बड़ी उपलब्धि की बात नहीं थी। भारद्वाज ने कहा कि 6 सदस्यों की समिति में दो सदस्य विधायक होते हैं। क्योंकि भाजपा के पास कोई मुस्लिम विधायक नहीं है और दिल्ली विधानसभा में पहले से मुस्लिम विधायक मौजूद हैं। इसलिए इन्हें मजबूरन आम आदमी पार्टी के विधायक अब्दुल रहमान और हाजी यूनुस को समिति में शामिल करना पड़ा।

इस कमेटी में एक सांसद को शामिल किया जाता है। इसलिए भाजपा ने अपने सांसद गौतम गंभीर को हज समिति का सदस्य बनाया है। एक पार्षद का नाम भी शामिल करना होता है लेकिन भाजपा के पास मुस्लिम पार्षद भी नहीं है। इसलिए उन्होंने कांग्रेस की पार्षद नाजिया दानिश को समिति का सदस्य बनाया। एलजी ने हेराफेरी कर चुनी हुई सरकार के पार्षद का नाम शामिल करने के बजाए कांग्रेस पार्टी की पार्षद को समिति में शामिल किया है। इसके अलावा समिति में दो और सदस्यों के नाम शामिल किए जाने थे तो वहां भाजपा ने अपने ही दो व्यक्तियों का नाम शामिल किया है। वहीं आप विधायक हाजी यूनुस ने कहा कि कांग्रेस पार्षद नाजिया को सोची-समझी रणनीति के तहत आज की मीटिंग से नदारद रखा गया ताकि भाजपा सदस्य अपने चेयरमैन को जितवा सकें, आज की बैठक में जो भी हुआ वह पूरी तरीके से अलोकतांत्रिक व चुनाव प्रक्रिया का मखौल उड़ाने जैसा है। उन्होंने कहा कि जिस तारीख में नाजिया को हज कमेटी का सदस्य बनाया गया उस दिन तक उन्होंने पार्षद पद की शपथ ग्रहण नहीं की थी, तो फिर किस तरह से उन्हें पार्षद सदस्य नामित किया गया। हज कमेटी के दूसरे विधायक सदस्य अब्दुल रहमान ने भी इस चुनाव प्रकिया पर सवाल उठाते हुए इसे भाजपा व कांग्रेस का गेम प्लान बताते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है।

वहीं दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी माइनोरिटी विंग के सोशल मीडिया व आईटी विभागाध्यक्ष हाजी मतलूब राणा ने कहा कि हमे पहले ही आशंका थी कि जिस प्रकार दिल्ली सरकार की सिफारिश को दरकिनार कर एलजी ने हज कमेटी में मनमाने ढंग से सदस्यों का चुनाव किया था उसी प्रकार अधिकारियों पर दबाव बनाकर कांग्रेस की मिली भगत से भाजपा का चेयरमैन चुना जाएगा।



दिल्ली हज कमेटी का अध्यक्ष बनाये जाने पर कौसर जहां का स्वागत करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष।

### भाजपा के प्रति मुस्लिमों का विश्वास बढ़ा : सचदेवा

**नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव ने कहा कि कौसर जहां की जीत दिखाती है कि पार्टी के प्रति मुस्लिमों का विश्वास और आस्था बढ़ रही है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि दिल्ली हज कमेटी के अध्यक्ष पद पर भाजपा उम्मीदवार कौसर जहां की जीत मुस्लिम समाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और स्वीकारिता की जीत है। वहीं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता सैयद यासीर जिलानी ने कहा है कि दिल्ली हज कमेटी चुनाव में हार के बाद आम आदमी पार्टी हताश है। यह अजीब बात है कि दिल्ली हज कमेटी का गठन दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा 6 जनवरी को किया गया था और आतिशी ने 40 दिन बाद इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समिति के गठन को अवैध बताया है।**

## संक्षिप्त समाचार



श्रोताओं को अभिभूत करते लिथुआनियाई के कलाकार।

### लिथुआनियाई कलाकारों ने श्रोताओं को अभिभूत किया

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के आईजीएनजीए सभागार समवेत में लिथुआनिया की सांस्कृतिक मंडली कुलगृंडा ने वंदे मातरम् और हर हर महादेव शंभो गाकर श्रोताओं को अभिभूत किया। इस अवसर पर विविधता का संरक्षण : लिथुआनिया का अनुभव विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। यह आयोजन जी-20 के आयोजनों की कड़ी में संस्कार भारती, वनवासी कल्याण आश्रम, अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक अध्ययन केंद्र (आईसीसीएस) और आईजीएनसीए के संयुक्त संयोजन में हुआ। इस अवसर पर लिथुआनियाई दूतावास में मिशन उप-प्रमुख ज़िमांटास मोजुराइटिस, प्रसिद्ध इंडोलॉजिस्ट और आईसीसीएस की अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) शशि बाला, लिथुआनिया के प्रसिद्ध कलाकार, गुरु और दार्शनिक डॉ. इग्नास सदॉस्कस, प्रसिद्ध बांसुरी वादक पं चेतन जोशी और वनवासी कल्याण आश्रम के अतुल जोग उपस्थित थे।

### रजा के शताब्दी वर्ष में 2 कलाकारों की प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** आधुनिकतावादी कलाकार एसएच रज़ा के शताब्दी वर्ष का जश्न मनाते हुए धूमिमल गैलरी ने चित्रकार और एमएफ हुसैन, एफएन सूजा तथा केएच आरा सहित उनके 20 समकालीनों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी का आयोजन किया है। प्रदर्शनी दुनिया भर में रज़ा के शताब्दी समारोह का हिस्सा है, जिसमें फ्रांस में सेंटर पॉम्पीडौ में उनके कार्य का गतावलोकन भी शामिल है। प्रदर्शनी रज़ा की उपलब्धियों के साथ-साथ प्रगतिशील कलाकार समूह में उनके समकालीनों की उपलब्धियों का भी जश्न मनाती है, जिसमें एस बाकरे और एचए गाडे शामिल हैं ।रज़ा के इर्द-गिर्द केंद्रित होने के साथ ही प्रदर्शनी समृद्ध विविध आवाज़ों और भारतीय आधुनिकतावाद को प्रभावित करने वाले प्रभावों की भी पड़ताल करती है ।कला प्रदर्शनी में रज़ा की तर्पण (1998), योनि पूजा (2002), निधि (1988), रात (1972) और तूफ़ान (1948) सहित अन्य कृतियाँ शामिल हैं। प्रदर्शनी 10 मार्च तक चलेगी।

### महाशिवरात्रि पर भक्तों के लिए विशेष कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** महाशिवरात्रि के महापर्व के अवसर पर दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) शिवभक्तों के लिए 'शिव एक्सटेसी- महाशिवरात्रि की यौगिक रात्रि' का आयोजन किया जाएगा। संस्थान की तरफ प्राप्त जानकारी के अनुसार राजौरी गार्डन के सैफरन हॉल में 18 फरवरी शाम 6:00 बजे से रात्रि 12:30 बजे तक शिवभक्तों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विशेष कार्यक्रम पीस (डीजेजेएस के कॉर्पोरेट डिपार्टमेंट) द्वारा डिज़ाइन किया गया है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि की सूची में कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी, सांसद व भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में बुद्धिजीवी, डॉक्टर, वकील, जनरल मैनेजर, मानव संसाधन मैनेजर, शीर्ष कंपनियों के निदेशक और कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे।

### सुकेश को नए मामले में ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर को रेलिगेयर के पूर्व प्रवर्तक मलविंदर सिंह की पत्नी को ठगने से जुड़े धनशोधन के एक नए मामले में गिरफ्तार किया है। दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन रोकथाम कानून के तहत चंद्रशेखर (33) को नौ दिन के लिए निदेशालय की हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक की अदालत से आरोपी की 14 दिनों की हिरासत मांगी थी। चंद्रशेखर के वकील अनंत मलिक ने अदालत को कहा कि उनके मुवक्किल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत नहीं है और मामला सितंबर 2021 में दर्ज किया गया था। धनशोधन का यह तीसरा मामला है जिसमें ईडी ने चंद्रशेखर को गिरफ्तार किया गया है। अन्य दो मामलों में मलविंदर सिंह के भाई शिविंदर सिंह की पत्नी अदिति सिंह से 200 करोड़ रुपए की ठगी करने और अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम के दो पत्ते का चुनाव चिह्न वीके शशिकला गुट को दिलाने के नाम पर निर्वाचन आयोग के अधिकारियों को श्वत देने की कोशिश का मामला शामिल है।

# पुलिस को मिली आधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन

**76वां स्थापना दिवस**

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मोबाइल फॉरेंसिक वाहन को बेड़े में किए शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस में शामिल हुई आधुनिक उपकरणों लैस मोबाइल फॉरेंसिक वैन से फॉरेंसिक एविडेंस के आधार पर न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी। आने वाले दिनों में दिल्ली पुलिस देश का पहला ऐसा पुलिस बल बन जाएगा जो छह साल और इससे अधिक सजा वाले हर अपराध में फॉरेंसिक टीम की घटना स्थल पर पहुंचना अनिवार्य होगा।

दिल्ली पुलिस के 76वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के समय से ही दिल्ली पुलिस अपने गौरवमयी इतिहास और चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था से पूरे देश और दुनिया की प्रशंसा की पात्र बनी है। दिल्ली में कई देशों के दूतावास हैं। अतिमहत्वपूर्ण व्यक्तियों के आवास हैं। इसीलिए पुलिस की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की पूरी दुनिया प्रशंसा करती है। आजादी के बाद दिल्ली पुलिस शांति, सेवा और न्याय के सूत्रों के साथ आगे बढ़ी और इस उद्देश्य परिवर्तन के साथ ही इस 75 साल की यात्रा में अपने कार्यों, गतिविधियों और विचारों में काफी परिवर्तन किए हैं। देश के न्यायतंत्र को फॉरेंसिक साइंस के एवीडेंस का आधार देकर मजबूत करने की बहुत जरूरत है। अत्याधुनिक सुविधाओं और अलग-अलग प्रकार की 14 फॉरेंसिक किट से युक्त ये वाहन जब क्राइम सीन पर पहुचेंगी तब आराधियों को सजा दिलाने में दोष सिद्धि दर में बहुत वृद्धि होगी। ऐसा करने के लिए देशभर में फॉरेंसिक साइंस के नेटवर्क को फैलाना होगा। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद, आतंकी गतिविधियों में कमी और पर्यटन को फिर से शुरू करने के साथ एक बड़ा बदलाव देखा है। पूर्वोत्तर में वामपंथी चरमपंथ की घटनाओं में भी गिरावट देखी गई है।





मार्च पास्ट करता महिला जवानों को दस्ता। फोटो: रंजन डिमरी

# दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची से बाहर हुई दिल्ली : सीएम



- पीएम 2.5 का स्तर 2022 में घटकर 97 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हुआ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को मीडिया में आई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दुनिया के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों की सूची में नहीं है। उन्होंने ट्विटर पर मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, लंबे समय बाद दिल्ली दुनिया के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल नहीं हुई है।

दिल्लीवासियों का प्रयास धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से रंग ला रहा है। बधाई दिल्लीवासी। लेकिन हमें अब भी लंबा रास्ता तय करना है। हमें दुनिया के सबसे अधिक स्वच्छ शहरों में शामिल होना है। रिपोर्ट के अनुसार, लाहौर, मुंबई और काबुल दुनिया में शीर्ष तीन सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में शामिल हैं। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पीएम 2.5 का स्तर 2016 के 135 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से घटकर 2022 में 97 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गया जो पांच साल में 28 प्रतिशत कम है। पीएम 10 का स्तर भी 2016 के 291 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से घटकर 2022 में 211 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर हो गया जो 27 प्रतिशत कम है।

# खुद को केंद्रीय मंत्री पुरी के नाम से भाजपा प्रवक्ता को भेजा संदेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वयं को केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी बताकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रवक्ता को संदेश भेजने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ कोहिमा में दर्ज शून्य प्राथमिकी को दिल्ली स्थानांतरित किया गया है और इस संबंध में गीता कॉलोनी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने गीता कॉलोनी में रहने वाले संदिग्ध से पूछताछ की। इस मामले का संदिग्ध एक श्रमिक है। उन्होंने बताया कि पुलिस का मानना है कि वह साइबर हमले का पीड़ित हो सकता है। उन्होंने कहा कि उसका व्हाट्सऐप खाता अपराधियों ने संभवत: हैक कर लिया और संदेश भेजने के लिए मंत्री की प्रोफाइल तस्वीर का इस्तेमाल किया।

पुलिस ने बताया कि नगालैंड के कोहिमा में भारतीय दंड संहिता एवं सूचना प्रौद्योगिकी की धाराओं के तहत तीन फरवरी को एक शून्य प्राथमिकी दर्ज की गई थी और अब इसे गीता कॉलोनी पुलिस थाने को स्थानांतरित कर दिया गया है। शून्य प्राथमिकी का अर्थ ऐसे पुलिस थाने में दर्ज की गई प्राथमिकी से है, जिसके अधिकार क्षेत्र से बाहर अपराध हुआ हो।

### महरौली तोड़फोड़ से प्रभावित लोगों को पूरी मदद मिलेगी : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने महरौली इलाके में दिल्ली विकास प्राधिकरण की तोड़फोड़ की कार्रवाई में प्रभावित लोगों को टेंट और खाना मुहैया कराने का निर्देश प्रशासन को दिया।

उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने दिल्ली विकास प्राधिकरण को महरौली एवं लाढा सराय में अगले निर्देश तक ध्वसतीकरण की कार्रवाई रोकने का निर्देश दिया था। केंद्र की भाजपा की अगुवाई वाली सरकार के अधीन आने वाले डीडीए ने महरौली आर्कियोलॉजिकल पार्क इलाके में दस फरवरी को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की थी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।


# हत्या के बाद निक्की के फोन से मिटाया था चैट-डेटा

- 15 दिन पहले साहिल ने छोड़ दिया था यादव का घर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

साहिल गहलोत ने अपनी महिला मित्र निक्की यादव की हत्या करने के बाद उसके मोबाइल फोन से चैट और अन्य डेटा मिटा दिए थे। इससे पहले पुलिस साहिल को अपराध स्थल पर लेकर गई ताकि समय और घटनाक्रम को व्यवस्थित किया जा सके। यह जानकारी पुलिस ने बृहस्पतिवार को दी।

आरोपी के कबूलनामे के अनुसार, उसने पुलिस को बताया कि उसने घटना से करीब 15 दिन पहले यादव का उत्तमनगर स्थित घर छोड़ दिया था, लेकिन नौ फरवरी को अपनी सगाई के बाद, वह फिर वहां गया और उसके साथ रात बिताई। अधिकारी ने बताया, यादव ने पहले गोवा जाने के लिए टिकट बुक किया था लेकिन गहलोत का टिकट बुक नहीं हो पया था। जिसके बाद दोनों ने हिमाचल जाने का फैसला किया। अधिकारी ने कहा कि दोनों कार में निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, आनंद विहार बस टर्मिनल के बाद कश्मीरी गेट आईएसबीटी के लिए रवाना हुए। जहां दोनों के बीच निगम बोध घाट के बाहर झगड़ा हुआ, जिसमें उसने महिला की हत्या कर दी। सूत्रों के अनुसार हत्या के दो दिन बाद जब यादव के पिता उससे संपर्क नहीं कर पाए तो उन्होंने गहलोत का नंबर ढूंढकर उससे संपर्क किया। सूत्रों ने बताया कि यादव के पिता ने उससे दो बार बात की और अपनी बेटी के बारे में पूछताछ की। लेकिन उसने कहा कि वह यात्रा पर गई है और ज्यादा नहीं जानता।



### हत्यारे को अपराध स्थल पर ले गई पुलिस

दिल्ली पुलिस साहिल गहलोत को कश्मीरी गेट के अपराध स्थल पर ले गई जहां उसने प्रेमिका निक्की यादव की हत्या की थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पुलिस उस जगह के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और गहलोत के भाई आशीष को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। आशीष की कार में गहलोत ने डेटा केबल से निक्की यादव का गला घोंटा था।

### हत्याकांड की फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो सुनवाई

अपने पुरुष मित्र के हाथों मारी गई 23 वर्षीय युवती निक्की यादव के परिवार ने मांग की है कि मामले की सुनवाई त्वरित अदालत में होनी चाहिए। निक्की के चाचा प्रवीण यादव ने आरोप लगाया कि पुलिस परिवार और जनता को गुमराह कर रही है। आरोपी साहिल गहलोत को फांसी दी जानी चाहिए। यादव ने दावा किया कि मामले की सुनवाई त्वरित अदालत (फास्ट ट्रैक) में होनी चाहिए और दोषियों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए।

# दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल का एएफसी गेट होगा मेट्रो से भी आधुनिक

## यात्री किसी भी मेट्रो का कार्ड, कॉमन मोबिलिटी कार्ड, ओपन लूप कॉन्टैक्टलेस कार्ड का इस्तेमाल कर सकेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



- ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम का दुहाई डिपो में हो रहा परीक्षण, सभी तरह के टेस्ट में खरा उतरने के बाद इसे स्टेशनों पर लगाया जाएगा

देश की प्रथम रीजनल रेल का आधुनिक तकनीक से लैस ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम गाजियाबाद के दुहाई स्थित आरआरटीएस डिपो में पहुंच गया है।

एफसी गेटों पर स्मार्ट कार्ड या टिकट लगाकर ही रैपिड रेल में प्रवेश किया जा सकेगा। इनका लैब में परीक्षण भी शुरू कर दिया है। सभी तरह के टेस्ट में खरा उतरने के बाद इस सिस्टम को आरआरटीएस स्टेशनों पर लगा दिया जाएगा।

गाजियाबाद से लेकर साहिबाबाद तक रैपिड रेल का पहला हिस्सा अगले महीने शुरू होने है लेकिन कुछ तकनीकि कारणों से इसमें विलंब होने की संभावना है। हालांकि इसके मद्देनजर पिछले काफी समय से गाजियाबाद से दुहाई तक ट्रेनों से लेकर पूरे सिस्टम का परीक्षण किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रैपिड रेल में कई तरह के विकल्प दिए जाएंगे। इसी के तहत यात्री क्यूआर कोड पर आधारित टिकट, कॉमन मोबिलिटी कार्ड या ओपन लूप कॉन्टैक्टलेस कार्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं। यात्री रैपिड रेल में यात्रा करने के लिए देश के किसी भी मेट्रो, ट्रांसपोर्ट सिस्टम या एनसीएमसी कार्ड का इस्तेमाल कर सकेंगे। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) केंद्र सरकार के मेक-इन-इंडिया दिशा निर्देशों के तहत पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के माध्यम से हाइब्रिड अन्युइटि मॉडल (एचएएम) के आधार पर इस एएफसी सिस्टम को स्टेशनों पर लगाएगा।

एएफसी सिस्टम के इंस्टॉलेशन के लिए इस मॉडल का प्रयोग देश में पहली बार किया जा रहा है, जिसमें एनसीआरटीसी ने सिस्टम इंटीग्रेटर और वित्तीय संस्थान के कार्य को अलग कर दिया है। यात्री रैपिड रेल में में यात्रा करने के दौरान देश के किसी भी मेट्रो, परिवहन प्राधिकरण या वित्तीय संस्थान द्वारा जारी किए गए किसी भी एनसीएमसी कार्ड का उपयोग कर सकेंगे।

इसे केंद्र सरकार के वन नेशन, वन कार्ड विजन के अनुरूप तैयार किया गया है इसके अलावा इसका इस्तेमाल खुदरा लेनदेन के लिए भी किया जा सकता है।

### हर ट्रेन में एक प्रीमियम क्लास कोच होगा

प्रत्येक ट्रेन में प्रीमियम क्लास कोच का प्रावधान भी देश के पहले आरआरटीएस की कई विशिष्ट विशेषताओं में से एक है। यह वर्तमान में यात्रा के लिए निजी वाहन का प्रयोग कर रहे यात्रियों को आरआरटीएस में सफर करने के लिए प्रोत्साहित करने की एक पहल है। यह मॉडल शिफ्ट सड़कों पर वाहनों की भीड़ को कम करने के अंतिम लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# दोबारा उठा सकेंगे हो-हो बस में सफर का लुत्फ

- कोविड के दौरान बंद हो गई थी सेवा, दोबारा चालू करने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोरोना वायरस महामारी के दौरान बंद हुई हॉप-ऑन-हॉप-ऑफ (होहो) बसों का अगले कुछ महीनों में दिल्ली में परिचालन फिर से शुरू किए जाने की संभावना है। इस साल के अंत में होने वाले जी-20 सम्मेलन से पहले मार्च-अप्रैल में इस बस सेवा को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहे हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सेवा संचालन के तौर-तरीकों पर अभी भी काम करने की जरूरत है और उन्हें उम्मीद है कि यह काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। वे दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के साथ बातचीत कर रहे हैं ताकि इसे फिर से शुरू करने की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा सके। अधिकारी ने कहा कि हम अभी भी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या हम इन्हें डीटीसी के साथ साझेदारी में शुरू करें या एक निजी ऑपरेटर की सेवाएं लें जो हमारे लिए बसें चला सकते हैं। हम सेवा फिर से शुरू करने के लिए इलेक्ट्रिक बसों को रखने की योजना बना रहे हैं क्योंकि इससे एक सकारात्मक संदेश जाएगा। दिल्ली में अप्रत्याशित यातायात की स्थिति को ध्यान में रखते हुए पुरानी और दक्षिणी दिल्ली में स्थित स्मारकों तक जाने वाले दो मार्गों पर बसों के चलने की संभावना है।

# सुशांत यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय मेप्सको ब्लेज-7 मेगा खेल उत्सव शुरू


गुरुग्राम के सुशांत विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय खेल उत्सव में भाग लेते विद्यार्थी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सुशांत** विश्वविद्यालय में ब्लेज-7 खेल उत्सव गुरुवार से शुरू हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व क्रिकेटर एवं चयनकर्ता सरनदीप सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली के क्रिकेटर पुरु सिंह मौजूद रहे। यह खेल उत्सव 16 से 18 जनवरी तक चलेगा।

सरनदीप सिंह ने कहा कि यदि जीवन का कोई एक क्षेत्र है जो हमें दृढ़ता, धैर्य के बारे में सबसे मूल्यवान सबक सिखाता है जो वास्तव में एक आदर्श चरित्र का निर्माण करता है, तो वह खेल है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जेएस मिश्रा ने कहा है कि जिस तरह शरीर को पोषण देने के लिए स्वस्थ पोषक तत्वों से भरपूर आहार की जरूरत होती है, उसी तरह खेलकूद हमारे जीवन को बढ़ाने में विशेष रूप से बढ़ते बच्चों के लिए बहुत महत्व रखता है। एक छात्र के रूप में, कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, और खेल खेलने से उन्हें परीक्षा के दबाव से निपटने में मदद मिलती है और उन्हें शारीरिक और मानसिक शक्ति प्रदान करके आगे की चुनौतियों के लिए तैयार किया जाता है।

### अतिथियों ने छात्रों को खेलों के प्रति किया प्रेरित

सुशांत विश्वविद्यालय प्रो-वाइस चांसलर एवं रजिस्ट्रार डॉ. संजीव शर्मा ने कहा है कि खेल हर मानव जीवन के लिए बहुत आवश्यक है जो उन्हें फिट और ठीक रखता है और शारीरिक शक्ति प्रदान करता है। जीवन के प्रत्येक चरण में इसका बहुत महत्व है। यह लोगों के व्यक्तित्व में भी सुधार करता है।

कम उम्र में भी खेल खेलकर आप बेहतर और कुछ बीमारियों से मुक्त भी हो सकते हैं। खेलकूद खेलने से फेफड़ों की कार्यक्षमता में भी सुधार होता है और वे स्वस्थ बनते हैं। क्योंकि अधिक ऑक्सीजन की आपूर्ति होती है। खेल बुढ़ापे में भी हड्डियों की मजबूती में सुधार करता है।

## जी-20 शिखर सम्मेलन के प्रतिभागी योगाभ्यास से करेंगे दिन की शुरुआत

**गुरुग्राम।** जी-20 शिखर सम्मेलन की यहां 1 से 4 मार्च 2023 तक होने वाली बैठक की तैयारियों को लेकर उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और तैयारियों का जायजा लिया।

इस बैठक में कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन में आने वाले अतिथियों के लिए हर रोज प्रात: काल के दौरान योग अभ्यास का प्रावधान किया जाएगा। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि योग भारत की प्राचीन पद्धति है।

# अब घर के सूखे कचरे से कम्पोस्ट तैयार कर सुधारें घर, दफ्तर का गार्डन


कचरे को कम्पोस्ट में बदलने के लिए मिट्टी से बना उत्पाद दिखाते हीरा अमित रोहिल्ला।

**गुरुग्राम।** मिट्टी की खुशबू राष्ट्रीय मुहिम के तहत अपने देश की माटी की कीमत बताने निकले हीरा अमित रोहिल्ला अब एक ऐसा प्रोजेक्ट लेकर आए हैं, जो अपने घर, दफ्तर से निकलने वाले कूड़े, कचरे को कम्पोस्ट (खाद) में बदलकर अपने घर, दफ्तर के गार्डन में सुधार के काम आएगा। इस प्रोजेक्ट को लेकर हीरा अमित रोहिल्ला ने पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के पास पहुंचे और इसकी खूबियां साझा कीं। नवीन गोयल ने इस प्रोजेक्ट को अपनाकर अपने घर के सूखे कचरे से कम्पोस्ट बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया है।

नवीन गोयल के समक्ष ए प्लस फाउंडेशन के संस्थापक हीरा अमित रोहिल्ला ने बताया कि वे मिट्टी से बने सामान, कुम्हार समाज व पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं। मिट्टी के सामान को वे घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ लोकल फॉर वोकल ही उनका ध्येय है। उन्होंने अपने प्रोजेक्ट के बारे में बताया कि एक मिट्टी का होम कम्पोस्टर का प्रोडक्ट तैयार कराया गया है, जिससे घर का सूखा कचरे से कम्पोस्ट तैयार कर सकते हैं। उस कम्पोस्ट को अपने गार्डन, गमलों में उपयोग कर सकते हैं। इसका फायदा यह है कि जो जीवाणु सूखे कचरे में होते हैं, वे आम, गरीब आदमी की आजीविका का साधन भी बन सकते हैं। कम खर्च में बेहतर काम हो सकता है।

### स्वदेशी को बढ़ावा, पर्यावरण में सुधार सबका उद्देश्य

**नवीन** गोयल ने हीरा अमित रोहिल्ला के काम की सराहना करते हुए कहा कि वे भी इसमें पूरा सहयोग देंगे। हम सबका यही उद्देश्य है कि पर्यावरण को बेहतर कैसे बनाया जाए। स्वदेशी को कैसे बढ़ावा दिया जाए। मिट्टी से बने बर्तनों व अन्य सामान को वे पहले भी प्रचारित करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह महंगा उत्पाद नहीं है। आसानी से इसकी उपलब्धता है। यह प्रोडक्ट सिर्फ हमारे घरों के लिए उपयोगी नहीं है, बल्कि प्रजापति समाज की आजीविका का भी यह माध्यम है। इससे देश, प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। पर्यावरण संरक्षण तो इससे होगा ही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से दीवाली के अवसर पर हम सबने अपने घरों, दफ्तरों में मिट्टी के दीयों से उजाला किया था, ऐसे ही घर की जरूरत में अधिक से अधिक सामान मिट्टी से बना ही उपयोग करें। मिट्टी से बना सामान हमारी सेहत के लिए भी अच्छा रहता है।

# सड़कों पर वाहन और पैदल यात्रियों की सहूलियत के लिए लगेंगे साइन बोर्ड

### सड़क सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक में एडीसी ने कही यह बात

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम


सड़क सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक लेते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

**गुरुवार** को जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने, सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़कों में सुधार के लिए विभिन्न सड़क सुरक्षा उपायों पर चर्चा की। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटनाग्रस्त संभावित क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए उनमें जो भी आवश्यक कार्यवाही एवं कार्य किए जाने हैं, वह समय से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने जिला की सभी सड़कों पर वाहनों व पैदल यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए निर्धारित स्थानों पर साईन बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए। एडीसी ने यह भी निर्देश दिए कि सड़क किनारे किसी भी प्रकार से कोई अतिक्रमण न हो एवं अनावश्यक वाहन खड़े न हों। यदि ऐसा पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला से गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर जरूरत के स्थानों पर प्रकाश की उचित व्यवस्था करने सहित शहर की सड़कों पर भीड़ कम करने के लिए नो पार्किंग जोन और सड़कों के किनारे पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिया। एडीसी ने अधिकारियों से कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के अंतर्गत शामिल एजेंडों के कार्यों को सभी अधिकारी समय सीमा के अंदर पूरा करे, इस विषय में किसी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। बैठक में अधिकारी आए तो पूरी तैयारी के साथ आए और किए गए कार्यों की रिपोर्ट भी साथ लेकर आए। बैठक में जिला के चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर चर्चा करते हुए बताया गया कि नरसिंहपुर कट पर मौजूदा दोनों एफओबी के बीच एक नया एफओबी जीएमडीए द्वारा बनवाया जाएगा, जिसके लिए जल्द ही बिड्स आमंत्रित किए जाएंगे।

वहीं शंकर चौक पर डीएलएफ द्वारा बनवाए जा रहे अंडरपास के डिजाइन को मंजूरी मिल चुकी है। जल्द ही यहां निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसी प्रकार तावडू रोड पर सड़कों पर मौजूद पोटहोल्स को भरने का काम पूरा हो चुका है। बैठक में अन्य स्थानों जैसे पंचगांव चौक, पटौदी रोड, वैली व्यू कट, बिलासपुर चौक, सोहना बस स्टैंड, दमदमा लेक कट, रामपुरा फ्लाईओवर, हीरो होंडा चौक, हीरो होंडा चौक से बसई रोड, राजीव चौक, सिकंदरपुर चौक सहित ओल्ड गुरुग्राम की सड़कों में आवश्यक सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

# हमारी सरकार ने हर महापुरुष को दिया है सम्मान : सुधीर सिंगला


गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को भगवान परशुराम चौक का नामकरण के लिए मांग पत्र सौंपते लोग।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला को ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन ने ज्ञापन देकर मांग की है कि श्रीमाता शीतला देवी मंदिर रोड पर पुराना सीआरपीएफ चौक का नाम भगवान परशुराम के नाम पर रखा जाए। विधायक ने उनकी मांग को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

ब्राह्मण वेल्फेयर एसोसिएशन की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि शक्तिपीठ श्रीमाता शीतला मंदिर पर हजारों लोग आते हैं। इस रोड पर काफी साल पहले सीआरपीएफ का बेस कैंप होता था। वर्तमान में वह समाप्त हो गया है, लेकिन अभी भी यह चौक सीआरपीफ चौक के नाम से जाना जाता है। ब्राह्मण समाज की मांग है कि इस चौक का नाम सीआरपीएफ से बदलकर भगवान परशुराम चौक किया जाए। यह लाखों लोगों की श्रद्धा है। इस चौक पर बोर्ड आदि लगाने का जो भी खर्च आएगा, वह संस्था उठाने को तैयार है।

विधायक सुधीर सिंगला ने संस्था को आश्वस्त किया कि भगवान परशुराम चौक का नामकरण के लिए जल्द ही निर्णय लेकर इस काम को सिरे चढ़ाया जाएगा। इस बारे में नगर निगम आयुक्त से सिफारिश की जाएगी। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हमारी सरकार ने महापुरुषों को उचित सम्मान दिया है।

# सिकंदरपुर घोसी में अवैध रसोई की सीपी से शिकायत


गुरुग्राम के गांव सिकंदरपुर घोसी में अवैध रसोई की शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीण।

**गुरुग्राम।** डीएलएफ क्षेत्र में गांव सिकंदरपुर घोसी में अवैध रसोईयों की भरमार है। उनके कारण क्षेत्र के सीवरेज ब्लॉक होकर ओवरफ्लो होते रहते हैं, क्योंकि वे इनमें गली-सड़ी, बची हुई सब्जियां व अन्य गंदगी डाल देते हैं। ग्रामीणों ने गुरुवार को एकत्रित होकर इसकी शिकायत पुलिस आयुक्त को दी।

पुलिस आयुक्त को शिकायत देते हुए ग्रामीण सुरेश यादव, सुरेंद्र यादव, गौतम, रामेश्वर दयाल, पूर्व सरपंच छत्तर सिंह, खेमचंद, जोगेंद्र यादव, जगपाल, रमेश कुमार, भगत सिंह, बृजेश कुमार, सुनील कुमार, सुखराम, हन्नी यादव, प्रदीप यादव, सुरेंद्र एडवोकेट, साहब, अनिल, हंसराज, योगेश, महेंद्र, बबलू नंबरदार, मनोज, कृष्ण, रवि, संतराम, दिनेश कुमार, अजय कुमार, संजय यादव आदि ने बताया कि सिकंदरपुर घोसी गांव के वृद्ध आश्रम के सामने अवैध रूप से योगिंद्र यादव पुत्र करण सिंह द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा किया हुआ है। इस कब्जे की जमीनपर वह अवैध रूप से 15-15 रसोई चला रहा है। इस कार्य के लिए कोई लाइसेंस भी नहीं ले रखा। बिना सरकार अनुमति के ही ये रसोइयां चलाई जा रही हैं। इन रसोइयों से निकलने वाला वेस्ट तेल, गली-सड़ी सब्जियां मुख्य सीवरेज लाइन में डाली जाती हैं, जिसे सीवरेज लाइन ब्लॉक हो जाती है। सड़क पर गंदा पानी भर जाने के कारण वहां से निकलना भी दुभर हो जाता है। कई बार इस बारे में रसोईयां चलाने वाले व्यक्ति को कहा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वह अपनी राजनीतिक पहुंच की धमकी देकर लोगों को धमकाता है।

# स्टेडियम क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए अभ्यास पिच बनाने का कार्य शुरू

### दर्शक दीर्घा में जल्द लगेगी टीन शैड, वाटर हार्वेस्टिंग बनकर हुए तैयार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना के ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में क्रिकेट के लिए अभ्यास शुरू हुआ पिच निर्माण कार्य।

**स्थानीय** देवीलाल खेल स्टेडियम क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए अभ्यास पिच बनाने का कार्य शुरू हो गया है। जल्द ही पवेलियम में टीन सैड का कार्य भी शुरु किया जाने का खेल स्टेडियम अधिकारी कर रहे है। अक्टूबर 2022 में डी प्लान के तहत स्टेडियम में 26 लाख 15 हजार रुपये के विकास कार्य कराने का टेंडर छोड़े गए थे।

स्थानीय ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में अभ्यास के लिए आने वाले खिलाड़ियों को सुविधा दिए जाने की मांग को देख खेल स्टेडियम कमेटी ने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की थी। जिसमें क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए अलग से अभ्यास पीच बनाने से लेकर तीरंदाजी का अभ्यास कोट, दर्शक दीर्घा में बैठने के लिए टीन शैड लगाने की योजना तैयार की थी। देर से ही सही, लेकिन खेल स्टेडियम में अभ्यास के लिए आने वाले खिलाड़ियों को खेल कमेटी ने सुविधाएं देनी शुरू कर दी है।

**क्रिकेट अभ्यास पिच का निर्माण शुरू :** खेल स्टेडियम में क्रिकेट के लिए दो अलग से अभ्यास पीच बनाने का कार्य बुधवार से शुरू कर दिया है। यह दोनों पिच क्यूरेटर पवन कुमार की देख रेख में शुरू हुआ है। जिनका निर्माण कार्य चार से पांच दिन में पूरा हो जाएगा। जबकि स्टेडियम के बीचों बीच क्रिकेट की मुख्य पिच पहले से ही बनाई जा चुकी है। जिस पर वर्तमान में क्रिकेट के मैच खेले जा रहे हैं। क्यूरेटर पवन कुमार ने बताया कि अभ्यास पिच के लिए मिट्टी जिला मेवात के गांव खोड़बसई से लाई जाएगी।

> “खेल स्टेडियम में अभ्यास या मैच खेलने के लिए आने वाले खिलाड़ियों को अधिक से अधिक सुविधाएं दिलाई जाएगी। स्टेडियम में अन्य कई सुविधाएं जल्द पूरी की जाएगी।
>
> **प्रदीप सिंह**
> **(एसडीएम सोहना एवं खेल कमेटी अध्यक्ष)**

**15 लाख में बने की दर्शक दीर्घा की टीम शैड :** स्थानीय खेल स्टेडियम में एक साथ 3 से 4 हजार दर्शक एक साथ बैठने की क्षमता है। दर्शकों को गर्मी के मौसम में धूप से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से टीन शैड लगाई जाएगी। जिस पर करीब 15 लाख रुपये खर्च होंगे।

# शारदा फाउंडेशन और एनपीसीएल ने स्कूलों में चलाया मेगा हेल्थ ड्राइव

### कैंपेन ने बच्चों की सेहत की दृष्टि से तीन नजरियों पर फोकस किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**शारदा** वेलफेयर फाउंडेशन, जोकि शारदा ग्रुप की चैरिटेबल संस्था है ने एनपीसीएल ( नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड) के साथ मिलकर ग्रेटर नोएडा में 26 सरकारी स्कूलों में मेगा हेल्थ ड्राइव का आयोजन किया। इस कैंपेन को शारदा हॉस्पिटल और स्कूल ऑफ डेंटल साइंस शारदा यूनिवर्सिटी के पेडियाट्रिक, डेंटल और आई एक्सपोर्ट्स का खास सपोर्ट मिला है।

इस टीम ने ही उन बच्चों की स्क्रीनिंग की है और इलाज किया है जिन्हें न्यूट्रिशन लेवल, आईसाइट और सुनने को लेकर समस्या थी। इस कैंपेन में बच्चों की सेहत से जुड़े तीन मौलिक और बहुत आवश्यक नजरियों पर फोकस किया है और वह है बच्चों का विकास, एनीमिया और मां-बाप से होने वाले किसी भी क्रॉनिक डिसऑर्डर के समय से पहले मिलने वाले संकेत पर। मेडिकल टीम ने बच्चों को पूरी तरह से असेसमेंट और फॉलो अप प्रोग्राम प्रदान किया है। जो उनकी बैलेंस डाइट पर फोकस करता है और उन्हें रोजाना के जीवन में काफी सारी हेल्दी आदतों पर फोकस करने की सलाह देता है। इस ड्राइव के दौरान यह पता चला है कि लगभग 60 से 70 फीसदी बच्चों को दातों से जुड़ी और बेड ओरल हाइजीन से जुड़ी समस्याएं हैं। इसमें यह भी पाया गया है कि 30 फीसदी बच्चों को आंखों से जुड़ी समस्या है और उन्हें आई केयर की जरूरत है और 50 फीसदी से ज्यादा बच्चों को हेल्दी और बैलेंस डाइट की जरूरत है। इन डाटा प्वाइंट्स की मदद से शारदा फाउंडेशन भविष्य में इस कंप्लेंट को एक्सटेंड कर सकती है और इस तरह के जरूरतमंद समुदाय के लिए हेल्थ केयर सिस्टम को और बढ़ावा मिल सकता है। इस ड्राइव के उद्देश्य पर महत्व डालते हुए देशराज सिंह जोकि शारदा वेलफेयर फाउंडेशन के असिस्टेंट रजिस्ट्रार हैं का कहना है कि हेल्थ केयर प्रोफेशनल की इस डेडीकेटेड टीम के साथ हमने सफलता पूर्ण 26 सरकारी स्कूलों में मेडिकल कैंप का आयोजन किया और बच्चों को जरूरी केयर और उन स्रोतों से अवगत करवाया जिससे उनकी सेहत और कुशल मंगलता में सुधार आ सके। सभी लोगों तक क्वालिटी हेल्थ केयर पहुंचाने का यह एक बहुत महत्वपूर्ण स्टेप था। इस उपलब्धि से कोलैबोरेशन की पावर देखने को मिली और इससे जुड़ा सकारात्मक प्रभाव भी लोगों तक पहुंचा है।

# फोर्टिस गुरुग्राम के डॉक्टरों ने दुर्लभ ब्लड कैंसर मरीज का अनूठी कीमोथेरेपी से इलाज किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**फोर्टिस** मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के डॉक्टरों ने एक्यूट मायलॉइड ल्युकीमिया (ब्लड एवं बोन मैरो कैंसर) से ग्रस्त 14-वर्षीय एक लड़की का कीमोथेरेपी की अत्यंत दुर्लभ और अनूठी प्रक्रियाओं-वेनेटोक्लैक्स एवं एगजासाइटिडिन के मेल से सफल उपचार किया है। यह प्रक्रिया इस लिहाज से अनूठी है कि इसे बच्चों के इलाज के लिए आमतौर से इस्तेमाल नहीं किया जाता और प्राय: उन बुजुर्ग मरीजों के लिए प्रयोग में लाया जाता है। जो एक्यूट मायलॉइड ल्यूकीमिया के शिकार होते हैं। अस्पताल की हिमेटो-ओंकोलॉजी टीम को कई महीनों तक मरीज़ का उपचार करने के बाद सफलता मिली, जबकि यह रिफ्रेक्ट्री ब्लड कैंसर का कामला था। अस्पताल में डॉक्टरों की इस टीम का नेतृत्व डॉ विकास दुआ, प्रिंसीपल डायरेक्टर एवं हैड पिडियाट्रिक हिमेटोलॉजी, हिमेटो ओंकोलॉजी एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट, फोर्टिस गुरुग्राम कर रहे थे।

मरीज को पिछले एक साल से भी अधिक समय से बार-बार बुखार, शारीरिक कमजोरी, जोड़ों में दर्द की शिकायत थी और मुंबई के एक अस्पताल में बोन मैरो टैस्ट से एक्यूट मायलॉइड ल्युकीमिया की पुष्टि हुई। मरीज को कीमोथेरेपी पर रखा गया, जिससे कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद मरीज को कीमोथेरेपी का दूसरा चक्र दिया गया लेकिन उसके बाद भी उनके ब्लड में कैंसर कोशिकाएं बनी हुई थीं। तब मरीज को फोर्टिस गुरुग्राम में रेफर किया गया जहां बोन मैरो टैस्ट किया गया और उनकी पिछली रिपोर्टों से भी तुलना की गई। पिडियाट्रिक हिमेटो-ओंकोलॉजी के डॉक्टरों की टीम ने मरीज़ का टार्गेटेड थेरेपी और कीमोथेरेपी कंबीनेशन से उपचार शुरुरू करने का फैसला किया।

मामले की जानकारी देते हुए, डॉ विकास दुआ ने कहा, ल्युकेमिया के रीलैप्स मामलों में वेनेटोक्लैक्स और एजासायटिडिन की कीमोथेरेपी कंबीनेशन दुनियाभर में उम्मीद की किरण बनकर उभरी है। ये दवाएं कैंसर कोशिकाओं पर हमला करती हैं और ल्यूकेमिया के रीलैप्स तथा रिफ्रैक्टरी मामलों को नियंत्रित करने में मददगार साबित होती हैं। इस मरीज ने कीमोथेरेपी की पूरी प्रक्रिया को सहन किया। जिसके परिणामस्वरूप उनकी बोन बैरो से रोगग्रस्त कोशिकाओं का सफाया हो गया। इसके बाद मरीज का बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया गया और मरीज का भाई स्टैम सैल डोनर था। यह प्रक्रिया काफी सही तरीके से संपन्न हुई और मरीज की बोन मैरो जांच में ल्युकीमिया निगेटिव आया है। अब ल्युकीमिया को कंट्रोल करने के बाद उसे नियंत्रित रखने तथा कैंसर को हराने के बाद स्वास्थ्य के मोर्चे पर जो लाभ मिले हैं, उन्हें और मजबूत करने की जरूरत है।

महिपाल सिंह भनोत, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एंड बिज़नैस हैड, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने कहा, मरीज की कम उम्र और एडवांस ब्लड एंड बोन मैरो कैंसर के मद्देनजर यह काफी चुनौतीपूर्ण मामला था। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि डॉ विकास दुआ के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम द्वारा सही डायग्नॉसिस और मेडिकल इंटरवेंशन के चलते मरीज़ कैंसर जैसे रोग को मात देने में सफल रही।

# टेक्नो पॉप 7 प्रो 6,799 रुपये में लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**ग्लोबल** प्रीमियम स्मार्टफोनब्रांड टेक्नो मोबाइल ने एक बार फिर से 7 हजार से नीचे के सेगमेंट में टेक्नो पॉप 7 प्रो के जरिए हलचल मचा दी है। कंपनी ने टेक्नो पॉप 7 प्रो को 6,799 रुपये की कीमत में 4जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज वाले वेरिएंट में पेश किया है। कंपनी का मानना है की, भारत एक बड़ा एंट्रीलेवल स्मार्टफोन मार्केट है, जहां हर तिमाही में बड़ी संख्या में उपभोक्ता अपने पहले स्मार्टफोन को खरीदते हैं। इस दिशा में, ब्रांड का लक्ष्य प्रतिस्पर्धी मूल्य बिंदु परबेहतर स्पेसिफिकेशंस, हाई-टेक कैमरा, और मजबूत बैटरी, फास्ट चार्जिंग और बड़े डिस्प्ले के साथ ट्रेंडी डिजाइन की पेशकश करके एंट्री-लेवल स्मार्टफोन की बढ़ती मांग को पूरा करना है। टेक्नो मोबाइल के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा,हाई स्पीड इंटरनेट के प्रसार और लगातार बढ़ते कंटेंट कंज्मपशन पैटर्न के साथ 8हजार से नीचे केसेगमेंट में हाई क्वॉलिटी वाले डिवाइसों की उल्लेखनीय आवश्यकता मौजूद है। टेक्नोपीओपी 7प्रो लॉन्च के साथहम निश्चित रूप से टियर 3शहरों और कस्बों में बड़ी रैम, विश्वसनीय बैटरी औरफास्ट चार्जिंग की जरूरत से संबंधित अपने उपभोक्ताओं की दिक्कतों को दूर करेंगे। टेक्नो पॉप सीरीज इन-बॉक्स 10W टाइप सी-चार्जर के साथ आता है और यह 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी द्वारा संचालित है। इसमें आपको 29दिनों का स्टैंडबायटाइम और 156घंटों तक का म्यूजिकप्लेबैक टाइम मिलता है। फोन मेंबेहतर फोटोग्राफी के लिए एडवांस्ड 12एमपी एआईइनेबल्ड ड्यूल रियर कैमरा सेटअप है। स्मार्टफोनमें स्मूथ मल्टी-टास्किंग,लैग-फ्री ऑपरेशंस औरबेहतर स्टोरेज के लिए मेमोरी-फ्यूजन के माध्यम से 6जीबी रैम और 64जीबी रोम है। टेक्नो पॉप 7 प्रो उन सभीयूजर्स के लिए है जो एक किफायती मूल्य-बिंदु पर बेहतर समग्र स्मार्टफोन अनुभव केलिए नए अपग्रेड की तलाश कर रहे हैं और अपने फीचर फोन से स्विच करना चाहते हैं। पॉपसीरीज का यह न्यू स्मार्टफोन एंडलेस ब्लैक और उयूनी ब्लू कलर ऑप्शन में उपलब्ध है। पॉप 7 प्रो अमेजन पर 22 फरवरी 2023 से बिक्री के लिए अवेलेबल होगा।

# बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने जारी किया लाइफ गोल्स प्रिपेयर्डनेस सर्वे 2023

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**प्रमुख** निजी जीवन बीमाकर्ता, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने आज अपने प्रतिष्ठित सर्वेक्षण बजाज आलियांज लाइफ इंडियाश्ज लाइफ गोल्स प्रिपेयर्डनेस सर्वे 2023 का दूसरा संस्करण जारी किया। इस सर्वेक्षण में भारतीयों के जीवन लक्ष्यों और आकांक्षाओं को चिह्नित किया गया है।

इसे भारत के जीवन लक्ष्यों, आकांक्षाओं, प्रभावकारी कारकों और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में तत्परता की पूरी तस्वीर लेने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस व्यापक अध्ययन में 40 से अधिक जीवन लक्ष्यों को शामिल किया गया है और यह मूल्यांकन किया गया है कि भारतीय इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए खुद को कैसे तैयार कर रहे हैं।

सर्वेक्षण के निष्कर्षों को जारी करते हुएए बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तरुण चुघ ने कहा, यह देखना दिलचस्प है कि भारतियों का लक्ष्य अपने परिवार को वित्तीय रूप से सुरक्षित करने और संतुलित जीवन जीने के साथ.साथ जीवन में और अधिक करने की आकांक्षा जैसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों को पूरा करने का मिश्रण हैं। यह भारत की विकास अर्थव्यवस्था के मजबूत सिद्धांतों और भारतीयों में बढ़ते आत्मविश्वास को दर्शाता है। महामारी के बाद, देश मजबूत बनकर उभरा है और एक राष्ट्र के रूप में प्रगति के लिए हमारे बुनियादी सिद्धांतों ने कई लोगों को पीछे छोड़ दिया है, जो मुझे विश्वास है कि देश की आकांक्षाओं को बढ़ावा देगा।

महामारी के बाद परिवार के लिए वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना भारतीयों के लिए शीर्ष जीवन लक्ष्य के रूप में उभरा है। 71 प्रतिशत भारतीयों ने इसे अन्य लक्ष्यों के मुकाबले अधिक प्राथमिकता दी है। बजाज आलियांज लाइफ इंडिया के लाइफ गोल्स प्रिपेयर्डनेस सर्वे 2023 में पाया गया है कि रिटायरमेंट प्लानिंगए संतुलित जीवन शैली अपनाना और बच्चों की शिक्षा प्रदान करना जीवन के शीर्ष लक्ष्यों में शामिल है। नए फोकस क्षेत्र जैसे कॅरियर में उन्नति, विदेश यात्रा और वृद्ध माता.पिता की पर्याप्त देखभाल सुनिश्चित करना भी भारतीयों के लिए महत्वपूर्ण जीवन लक्ष्य के रूप में उभर रहा है। दिलचस्प बात यह है कि लक्ष्यों की औसत संख्या 2019 के मुकाबले 5 से बढ़कर 2023 में 11 हो गई।

लाइफ गोल्स प्रिपेयर्डनेस इंडेक्स , जो व्यक्ति के जीवन लक्ष्यों के लिए वित्तीय नियोजन की दिशा में आत्मविश्वास, ज्ञान और की गई कार्रवाई का एक कार्य है, उसकी संख्या 47 रही क्योंकि महामारी के बाद भारतीयों के जीवन लक्ष्यों में वृद्धि हुई है।

भारतीय के जीवन लक्ष्यों को समग्रता के साथ समझने के लिए मात्रात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से सांख्यिकीय रूप से मान्य अंतर्दृष्टि एकत्र की गई। डेटा संग्रह टैबलेट.आधारित आमने.सामने साक्षात्कार का उपयोग करके किया गया था। सर्वेक्षण डेटा अक्टूबर 2022 में एकत्र किया गया था।

# ओपीजी मशीन से एक साथ हो सकेगा 32 दांतों का एक्स-रे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में आखिरकार दंत रोगियों के एक्स-रे करने वाली ओपीजी (ऑर्थोपैंटोमोग्राम) मशीन शुरू हो गई। इसका उद्घाटन बृहस्पतिवार को बीके अस्पताल की ओपीडी परिसर में मौजूद कमरा नम्बर 25 में पीएमओ डॉ. सविता यादव ने किया। इस मौके पर उनके संग एडमिन से डॉ. शीला भगत, डेंटल डॉक्टरों के अलावा रेडियोलॉजिस्ट और नर्सिंग ऑफिसर मुख्य रूप से मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद

## दांतों समेत मसूड़ो और नसों का एक्स-रे भी हुआ आसान

पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि यह मशीन आरईसी कंपनी ने सीएसआर फंड के तहत डोनेट की है। उन्होंने बताया कि इस ओपीजी मशीन के कारण हरियाणा में बीके सिविल अस्पताल प्रदेश का पहला ऐसा सरकारी अस्पताल बन गया है, जहां यह मशीन शुरू हुई है। यह बात उन्हें डेंटल डॉक्टरों ने बताई है। उन्होंने बताया कि



ओपीजी मशीन की शुरूआत करती पीएमओ डॉ. सविता यादव, एडमिन से डॉ. शीला भगत, अन्य चिकित्सक व रेडियोलॉजिस्ट।

अस्पताल में फिलहाल तीन डेंटल डॉक्टर हैं। जिसमें डॉ. वंदना अरोड़ा, डॉ. धीरज और डॉ. श्वेता एक-दो डॉक्टर डेपुटेशन पर यहां आते रहते हैं। इस मशीन की कीमत करीब 10 लाख रुपये है।

**पूरे जबड़े का एक्स-रे:** पीएमओ डॉ. सविता यादव ने बताया कि इस मशीन के जरिए अब दांत के मरीजों का पूरा एक्सरे एक साथ हो जाएगा। पहले छोटी मशीन से केवल एक से दो दांत के एक्स-रे ही हो पाते थे। लेकिन अब एक बार में पूरे दांतों के समेत मसूड़ो और नसों का एक्स-रे एक बार में ही हो जाएगा। इसका फायदा एमएलसी केसों में उम्र जांच और मारपीट के दौरान दांतों के अंदर चोट लगने वाले और किसी तरह का इंफैक्शन फैलने वाले मरीजों के लिए अधिक होगा। क्योंकि पहले एक्स-रे में अंदरूनी दांत रह जाते थे। अब इस मशीन से एक्स-रे में सबकुछ क्लीयर हो जाएगा। जिससे इलाज करवाने में सफलता मिलेगी। इस एक्स-रे मशीन से दांत में कोई फोड़ा कितना बड़ा व गंभीर है इसकी पूरी जानकारी मिल सकेगी। इस मशीन के शुरू होने से मरीजों को बेहतर सुविधा मिलेगी। डॉ. यादव ने बताया कि इसके लिए पहले रूम में डबल दीवार बनवाई गई है। उसके बाद मशीन से निकलने वाली किरणों के अनुसार दरवाजे लगवाये हैं। इसके लिए अलग से कम्प्युटर की व्यवस्था भी की गई है।

# शराब पीने से मना करने पर पिता-पुत्र को कार सवारों ने मारी गोली

## बीती रात घर के सामने आरोपियों को शराब पीने से किया था मना

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़

**बीती** रात शराब पीने से कार सवार बदमाशों को मना करना एक पिता-पुत्र को भारी पड़ गया। आरोपियों ने अगले दिन बृहस्पतिवार को उन पर हमला कर दिया। वह पड़ोसी गांव से पैदल-पैदल अपने गांव गढ़खेड़ा जा रहे थे। बदमाशों ने उन पर दयालपुर गांव के पास कई गोलियां चलाईं। इस हमले में पिता को दो गोलियां और पुत्र को एक गोली लगी है। हमलावरों ने तीन राउंड हवाई फायरिंग भी की है। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों द्वारा दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया



गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती घायलों के परिजन। इनसेट में घायल

है। जहां दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना सदर पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

**यह है पूरा मामला :** गढ़खेड़ा गांव में रहने वाले 45 वर्षीय राजबीर अपने 18 वर्षीय पुत्र विनीत के साथ बृहस्पतिवार को सुबह किसी काम से बल्लभगढ़ गए हुए थे। काम निपटाने के बाद दोनों वहां से दोपहर को करीब 12 बजे दयालपुर गांव अपने घर के लिए पैदल जा रहे थे। इस दौरान राजवीर ने अपने भतीजे गौरव को फोन कर बाइक लेकर उन्हें ले जाने के लिए बुलाया था। जब गौरव वहां पर पहुंचा, तभी उनके पास एक कार आकर रुकी। कार में सवार लोगों ने दोनो बाप-बेटों पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें विनीत को एक गोली लगी और राजवीर को दो गोली लगीं। वारदात के दौरान आरोपियों द्वारा हवाई फायरिंग भी की गई। इस मामले में गौरव का कहना है कि हमलावरों ने इस वारदात को रंजिश के चलते अंजाम दिया है। बुधवार रात को उनके घर के पास कुछ युवक कार में बैठकर शराब पी रहे थे। राजवीर द्वारा मना किए जाने पर वे युवक नाराज हो गए और देख लेने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। आरोप है कि गोली चलाने वालों में वह कार सवार युवक शामिल थे। गोली लगने से घायल हुए पिता-पुत्र का एक निजी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

इस बारे में सदर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह पाठक का कहना है कि मामले की सूचना मिलने के बाद ही पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। घायलों के बयानों का इंतजार किया जा रहा है। उनके बयान दर्ज होने के बाद इस मामले में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जाएगी।

# ऑनर किलिंग के मामले में पिता और चाचा को उम्रकैद की सजा

**फरीदाबाद।** ऑनर किलिंग का यह मामला 18 मार्च, 2021 का थाना शहर बल्लबगढ़ का है। मृतका कोमल के पति सागर ने 18 मार्च को पुलिस को शिकायत दी कि उसकी पत्नी की हत्या, पत्नी के पिता और चाचा ने कर दी है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। मामले की तफ्तीश इंस्पेक्टर सुदीप और सब इंस्पेक्टर विनोद ने की।

पूछताछ में सामने आया की कोमल ने परिवार की मर्जी के खिलाफ शादी की थी। इससे नाराज होकर पिता सोहन पाल एसआई और हवलदार चाचा शिव कुमार ने कोमल की हत्या कर दी थी। शिकायतकर्ता सागर यादव ने बताया कि कोमल ने आठ फरवरी को अपनी मर्जी से उसके साथ आर्य समाज मंदिर सेक्टर-64 बल्लभगढ़ में शादी कर पुलिस प्रोटेक्शन लिया था। दोनों पक्षों के गण्यमान्य लोगों की पंचायत में 15 मार्च 2021 को दोनों की शादी करनी तय हुई और पुत्री कोमल को परिजन अपने साथ ले गए। दोनों पक्षों के परिजनों के समक्ष सागर और कोमल की 19 फरवरी को सगाई भी की गई थी। इस बीच लड़की के पिता सोहन पाल ने बताया की उनके किसी संबंधी की मृत्यु के कारण शादी नही हो सकती। लड़की ने शिकायतकर्ता को फोन किया कि उसके परिजन उसकी शादी के पक्ष में नही है। परिजन उसकी किसी दूसरी जगह शादी का दबाव बना रहे है। कोमल और सागर की मुलाकात 17 मार्च को सेक्टर-7 में हुई। रात के समय कोमल ने सागर को वाट्सएप संदेश के माध्यम से बताया कि उसके पिता (सोहन पाल) और चाचा शिवकुमार मुख्य गेट के पास लाइट जलाकर संदिग्ध तरीके से बात कर रहे है। बाद में उसको मृतका की सहेली ने बताया की कोमल ने आत्महत्या कर ली है। मृतका के पिता और चाचा ने कोमल का अपने गांव सहराला में ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस प्रवक्ता सुबेसिंह ने बताया कि इस मामले की सुनाई के दौरान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमृत सिंह चालिया की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है।

# दूसरा सांसद खेल महोत्सव नौ मार्च से शुरू होगा : गुर्जर



दूसरे सांसद खेल महोत्सव को लेकर जिला के अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित केन्द्रीय मंत्री गुर्जर।

**प्रवीन शर्मा।** फरीदाबाद

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दूसरा सांसद खेल महोत्सव 9 मार्च से 11 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इस खेल महोत्सव को इस बार भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा और पिछले सालों की अपेक्षा दोगुने खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। कृष्णपाल गुर्जर बृहस्पतिवार को लघु सचिवालय में दूसरे सांसद खेल महोत्सव को लेकर जिला के अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। मीटिंग के दौरान उन्होंने कहा कि पिछली बार गर्मी के मौसम में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस बार मार्च के महीने में मौसम भी सही है ऐसे में खिलाड़ियों की भागीदारी भी दोगुनी की जाए। उन्होंने कहा कि पिछली बार दस खेलों में 3100 खिलाडियों ने हिस्सा लिया था। वहीं इस बार खेलों की संख्या 13 कर दी गई है और इनमें प्रतियोगिताएं भी बढ़ा दी गई हैं। ऐसे में खिलाड़ियों की संक्रया छह हजार से ज्यादा करने का लक्ष्य रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए स्थान, नोडल अधिकारी व अन्य व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गेम के साथ उसकी एसोसिएशन को भी जोड़ा जाए। केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि इस बार की सांसद खेल महोत्सव में एथलेटिक्स में पहले सात इवेंट थे। वहीं अब इन्हें दस कर दिया गया है। इनमें 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 1500 मीटर, 5000 मीटर, लोंग जंग, ट्रिपल जंप, हाई जंप, रिले रेस (4 गुणा 100 व 4 गुणा 400 मीटर) शामिल हैं। वहीं थ्रो में शॉटपुट व जैवलिन थ्रो की प्रतियोगिता रहेगी।

# सड़क किनारे फूल खिलाने के लिए खर्च होंगे 1.18 करोड़ रुपये

## शहर की चार सड़कों की ग्रीन बेल्ट विकसित करने के लिए एक साल में खर्च होगी धनराशि

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**फरीदाबाद** मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एफएमडीए) शहर के चार मुख्य मार्गों का सौंदर्य बढ़ाने के साथ उन्हें पर्यावरण मित्र भी बनाएगी। इन मार्गों की ग्रीन बेल्ट पर रंग बिरंगे फूलों वाले पौधों के साथ छायादार पेड़ भी लगाए जाएंगे। एफएमडीए इस बायो एस्थेटिक प्लानिंग और ब्यूटीफिकेशन और ग्रीन स्ट्रिप प्रोजेक्ट पर एक वर्ष में 1.184 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

एफएमडीए की बुधवार देर शाम हुई ऑनलाइन बैठक में शहर की चार सड़कों की ग्रीन बेल्ट को पर्यावरण मित्र और सुंदर बनाने के मुद्दे पर चर्चा हुई। तय हुआ कि वायएमसीए चौक से बाईपास रोड तक (सेक्टर 6,7,8 और 9, 10 व 11 की डिवाइडिंग रोड)मास्टर रोड के दोनों ओर ग्रीन बेल्ट सजाई जाएगी। इसके लिए 46.20 लाख रुपये खर्च होंगे।

एनएच-19 पर धर्मा ढाबा से इंडियन ऑयल (आरएंडडी) मोड़ सेक्टर 11-12 डिवाइडिंग रोड की ग्रीन बेल्ट पर 15.15 लाख रुपये खर्च होंगे। एनएच-19 से लेबर चौक शास्त्री चौक (सेक्टर 15,15ए और 16, 16ए डिवाइडिंग रोड) को 45.28 लाख रुपये खर्च कर चमकाया जाएगा। इसी तरह पियाली चौक से आयशर रोड तक मार्ग की ग्रीन बेल्ट विकसित करने में 11.85 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

### ग्रीन बेल्ट सुरक्षित करने में खर्च होंगे 1.463 करोड़ रुपये

**एफएमडीए** इन सड़कों की ग्रीन बेल्ट को सुंदर और पर्यावरण मित्र बनाने के साथ ही इनकी रक्षा के लिए एकमुश्त 1.463 करोड़ रुपये खर्च करेगी। करीब 1.20 करोड़ रुपये खर्च कर विकसित की जाने वाली इन चार सड़कों की ग्रीन बेल्ट को तीन फीट ऊंचे गेल्वेनाइज्ड पावडर कोटेड फेंस यानी जंगरहित बाड़ से सुरक्षित किया जाएगा। एनएच-19 से लेबर चौक तक की ग्रीन बेल्ट की बाड़ लगाने में सर्वाधिक 94.38 लाख रुपये खर्च होंगे। एनएच-19 धर्मा ढाबा से इंडियन ऑयल मोड, सेक्टर 11-12 डिवाइडिंग रोड की फेंसिंग में 51.98 लाख रुपये खर्च होंगे।

### ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण बनेगी चुनौती

**हालांकि** एफएमडीए की 31वीं सीपीसी बैठक में अधिकारियों ने शहर की इन प्रमुख सड़कों की ग्रीन बेल्ट के सौंदर्यीकरण का खाका तो खींच दिया लेकिन अधिकारी जमीनी हकीकत से अनजान दिखे। अधिकतर सड़कों की ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण है। शहर के विकास से जुड़े लोगों का मानना है कि इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए पहले ग्रीन बेल्ट को बचा कर कई जगहों पर उसके अस्तित्व को सुनिश्चित करना होगा, इस पर भी लाखों रुपये खर्च होंगे।

# बालाजी कम्पनी में हुई चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने बालाजी इंजीनियर कम्पनी में चोरी करने वाले गार्ड साहिल को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बयाता कि साहिल फरीदाबाद के नंगला एनक्लेव पार्ट 2 का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सुरुरपुर चौक के पास से थाना डबुआ के चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से 50,000 रुपये और 305 लोहे के पाईप बरामद किए गए हैं। आरोपी ई-रिक्शा फैक्ट्री बालाजी इंजीनियर में पिछले 2-3 महीने से गार्ड की नौकरी करता है। उसने अपने साथी गार्ड के साथ मिलकर कम्पनी से सामान चोरी की वारदात अंजाम दी थी। आरोपियों ने फैक्ट्री में चोरी की वारदात को 12 फरवरी की रात को अनजाम दिया था। आरोपियो के खिलाफ फैक्ट्री मालिक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियो की तलाश की जा रही थी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि ज्यादा पैसे के लालच में आकर कंपनी चोरी की थी। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# एचआईवी जागरूकता कार्यक्रमों में जांच से छह पॉजिटिव मिले

## ग्रामीणों की भीड़ के बीच एचआईवी से बचाव के लिए किया जागरूक

**कविता।** फरीदाबाद

**जिले** में चल रहे लोक मीडिया जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 1500 लोगों की जांच हुई। जिसमें जिले के ग्रामीण इलाकों से छह मरीज एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। वहीं बुधवार और बृहस्पतिवार को परमजीत एडं पार्टी के कलाकारों ने लोगों को भुआपुर, भैंसरावली के अलावा ताजूपुर और शाहबाद में ग्रामीणों को जागरूक किया।

जिला स्वास्थ्य विभाग ने यूथ दिवस से 35 दिनों के लिए लोक मीडिया अभियान शुरू किया है। जिसमें हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने दो टीमों को यह कार्य सौंपा है। पहले जिले में करमजीत एडं पार्टी के कलाकार जागरूक कर रहे थे। वहीं अब परमजीत एंड पार्टी के कलाकार



एचआईवीं जागरूकता कार्यक्रम को देखने छत्त पर चढ़े लोग और लगी भीड़ का दृश्य

लोगों को जागरूक कर रहे हैं। जिसके तहत भुआपुर, भैंसरावली, ताजूपुर और शहाबाद में बुधवार और बृहस्पतिवार को ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस मौके पर आईटीसीटी टीम की लैब टैक्नीशियन मुकेश रानी, काउंसलर संगीता के अलावा परमजीत एंड पार्टी के कलाकार ममता, जयपाल, इंद्रजीत, जसबीर मथाना, सुरेश, सहदेव, सोमू, संदीप, सीमा के अलावा अन्य पार्टी सदस्य मुख्य रूप से मौजूद है। इस बारे में एचआईवी विभाग से प्रीति ने बताया कि जिला क्षयरोग/एचआईवी अधिकारी डॉ. रिचा बत्रा के निर्देशन में यह कार्यक्रम शुरू हुआ है। इसका उद्घाटन डिप्टी सीएमओं डॉ. रिचा बत्रा व अन्य चिकित्सकों ने किया था। जिले में 70 गांवों में जाकर टीमें जागरूक कर रही हैं।

एक दिन में दो गांवों को कवर किया जा रहा है। जिसमें दो टीमें तैयार की गई है। पहली टीम कर्मजीत एंड पार्टी 35 गांवों को कर करके वापस लौटी है। वहीं दूसरी टीम परमजीत एंड पार्टी अन्य 35 गांवों को कवर कर रही है। इस दौरान एचआईवी के करीब छह पॉजिटिव 1500 लोगों की जांच करने पर मिले हैं।

# 14.88 किलोग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना सराय ख्वाजा प्रबन्धक की टीम ने एक नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम जितेन्द्र कुमार है। वह मूल रुप से उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के गांव राजपुर का है। वर्तमान में आरोपी दिल्ली के जेतपुर का रहने वाला है। पुलिस टीम ने आरोपी को मथुरा हाईवे पर स्थित सुपर सिल कम्पनी के पास ऑटो में से काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपी से 14.88 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अपने साथी के साथ मिलकर हैदराबाद से गांजा खरीद कर लाया था। गांजा हैदराबाद से ट्रेन से मथुरा तक, वहां से हाईवे से बल्लभगढ़ तक लेकर आया था। बल्लभगढ़ से ऑटो में बॉर्डर पार लेकर जा रहा था। इसी बीच पुलिस ने रास्ते में ही काबू कर लिया। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# जेसी बोस और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के बीच समझौता




समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान करते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर तथा कुलपति राज नेहरू।

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, और श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय (एसवीएसयू) ने लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन तथा पूर्व शिक्षण कार्यक्रमों की मान्यता और मूल्यांकन को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। समझौते पर जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार गर्ग तथा एसवीएसयू के कुलसचिव प्रो. आरएस राठौड़ ने दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर तथा राज नेहरू की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किये। यह समझौता प्रशिक्षण और मूल्यांकन करने के लिए ढांचागत और प्रशिक्षण सहायता एजेंसी के रूप में सरकारी संस्थानों के पैनलबद्ध करने की योजना के अंतर्गत श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा 'इंफ्रास्ट्रक्चर पार्टनर' के रूप में जेसी बोस विश्वविद्यालय को सूचीबद्ध किया गया। इसके अंतर्गत एसवीएसयू मूल्यांकन और अल्पावधि प्रशिक्षण एवं पूर्व शिक्षण की मान्यता प्रदान करने के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय से ढांचागत सुविधाएं लेगा।

समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने कहा कि ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां दोनों विश्वविद्यालय एक साथ काम कर सकते हैं, जिसमें उभरती प्रौद्योगिकियों में विशेषज्ञता साझा करना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख प्रावधानों को लागू करना शामिल है।

# संक्षिप्त समाचार

## खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला पुरस्कार



**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या महाविद्यालय नचौली में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता का दूसरा दिन था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय, फरीदाबाद के प्राचार्य, डॉ. एमके गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय, तिगांव के प्राचार्य, राजपाल सिंह भी आमंत्रित थे। कार्यक्रम में राजकीय महिला महाविद्यालय, फरीदाबाद, के प्राचार्य, डॉ. नरेंद्र कुमार तथा राजकीय महाविद्यालय, मोहना के कार्यवाहक प्राचार्य, डॉ. शैलेश्वर कौशिक भी उपस्थित थे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनिधि ने अतिथियों का विधिवत स्वागत किया। प्राचार्या डॉ. सुनिधि ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को बधाई दी तथा महाविद्यालय के प्रांगण में मजबूत, सक्षम एवं ऊर्जा से भरे हुए विद्यार्थियों के विकास के लिए समुचित सुविधाएँ उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। बृहस्पतिवार को 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, ऊंची छलाँग, लेमन रेस, सैक रेस का आयोजन अतिथिगण के सामने किया गया। लगभग 250 छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया तथा 450 छात्राओं ने खेलकूद प्रतियोगिता का आनंद उठाया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा आँचल को महाविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। मुख्य अतिथि डॉ. एमके गुप्ता ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 1100 रुपए का नकद इनाम देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्राओं को खेलकूद से संबंधित प्रश्नावली के माध्यम से रोचक प्रश्न पूछे और विजयी छात्राओं को पुरस्कृत भी किया।विशिष्ट अतिथि श्री राजपाल ने भी छात्राओं को अच्छे स्वास्थ्य तथा खेलकूद का महत्व बताया और यह भी बताया कि खेलकूद के द्वारा शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। मुख्य अतिथि डॉ. एमके गुप्ता ने खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनिधि को महाविद्यालय का ध्वज सौंपा। मंच का संचालन शालिनी तुली द्वारा किया गया तथा सभी खेलकूद प्रतियोगिताओं का निर्देशन डॉ. दिनेश जून द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुशील कुमार वर्मा, डॉ एस.एस गोलिया, शालिनी तुली, डॉ. कमल कुमार, डॉ. राकेश कुमार, ममता भारद्वाज, कांता देवी, सतीश, दीपक कुमार, पवन, और सुमित ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई।

## बैठक में निवर्तमान पार्षद की जगह केवल मेयर पहुंची

**फरीदाबाद।** चिरायु आयुष्मान योजना को बढ़ावा देने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से बृहस्पतिवार को निवर्तमान पार्षदों के संग एक बैठक का आयोजन किया गया था। जिला सिविल सर्जन कार्यालय में आयोजित की गई इस चिरायु आयुष्मान योजना की बैठक में पार्षदों के स्थान पर केवल मेयर सुमन बाला ही पहुंची। जिस पर सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने उनसे चिरायु आयुष्मान के तहत गोल्डन कार्ड बनवाने में सहयोग मांगा। जिस पर मेयर सुमन बाला ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। इस मौके पर सीएमओ ने बताया कि जिले में इस योजना के लिए चार लाख 65 हजार लाभार्थी हैं और इनमें से दो लाख 45 हजार लोगों के कार्ड बनाए जा चुके हैं। शेष लोग कार्ड बनवाने से परहेज कर रहे हैं। इसके चलते बैठक में पार्षदों के जरिये लाभार्थियों को योजना के साथ जोड़ने का प्रयास किया। फरीदाबाद औद्योगिक जिला होने की वजह से ईएसआइ लाभार्थियों की संख्या अधिक है और ईएसआइ कार्ड धारक किसी भी अस्पताल में उपचार करा सकते हैं और इसमें उपचार की कोई सीमा नहीं होती है। इसके चलते ईएसआइ कार्ड धारक चिरायु आयुष्मान योजना का लाभ लेने से बचे रहे हैं। उन्होंने सभी ईएसआई लाभार्थियों से अपील की कि वह आयुष्मान कार्ड बनवा कर इस योजना का भी लाभ उठाए।

## तारकशी में राजकुमार की तीन पीढ़ियां हासिल कर चुकी हैं अवॉर्ड



**फरीदाबाद।** कहते हैं कलाकार को कला के कद्रदान का साथ, संबल और सम्मान मिल जाए तो उसमें और अधिक निखार आता है। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी के राज कुमार शाक्य की तीन पीढ़ियां तारकशी एवं वस्त्र हस्तशिल्प कला में लगातार अवॉर्ड हासिल कर चुकी हैं। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में स्टॉल नंबर-536 पर रखे उनके उत्पादों पर की गई कलाकारी देखने लायक है। सोना, चांदी, तांबा, सिल्वर व गिलट के तार का इस्तेमाल करके यह परिवार खड़ाऊ, कुशन कवर, वॉल हैंगिंग, टेबल व अन्य उत्पादों पर तारों से ऐसी कलाकारी करते हैं कि उनके द्वारा बनाए गए उत्पाद थोड़ा सा प्रकाश पड़ते ही चमक उठते हैं। इसी महारत के चलते उनकी तीन पीढ़ियों को राष्ट्रीय अवॉर्ड मिल चुका है। राज कुमार शाक्य ने बताया कि हरियाणा की तर्ज पर अब उत्तर प्रदेश सरकार ने भी एक जनपद एक उत्पाद योजना शुरू की है, जिसके माध्यम से मैनपुरी में अब कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर बनाया गया है। अब हम जैसे सभी कलाकारों को एक ही छत के नीचे अपने उत्पाद की मार्केटिंग तथा अन्य सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि इस कार्य में उनकी तीसरी पीढ़ी लगी हुई है। मैनपुरी के राजा तेज सिंह के दौर से उनके दादा ने यह कार्य शुरू किया था। उसके बाद उन्होंने लाल सिंह मान सिंह आश्रम में लोगों को प्रशिक्षण दिया। पीढ़ी दर पीढ़ी यह कला चलती आ रही है और अब हमारे साथ 250 लोग इस कला से जुड़े हुए हैं। यह परिवार तारकशी के साथ-साथ हाथ से बने कपड़ों पर एंब्रॉयडरी करके अपना रोजगार चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुराने दौर में राजा तलवार केस, खड़ाऊ तथा संदूक आदि अपने मेहमानों को भेंट करते थे। उन सभी पर तारकशी होती थी। मैनपुरी के राजा कला के इतने कद्रदान थे कि उन्होंने उस दौर में इस कला के लिए आश्रम में प्रशिक्षण शुरू करवाया था।

## डायनमिक स्टेट के रूप में हरियाणा की पहचानः अमिताह कांत



**फरीदाबाद।** जी-20 के शेरेपा अमिताह कांत ने कहा कि हरियाणा डायनमिक स्टेट है। पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाओं के साथ अग्रणी राज्य के रूप में हरियाणा की अतुलनीय पहचान है। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला हस्तशिल्प के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बेहतर व बड़ा मेला है। कांत वीरवार को भारत की वर्ष 2023 की वसुधैव कुटुम्बकम (एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य) थीम के साथ मेजबानी करने के उपलक्ष्य में जी-20 तथा मेहमान देशों के प्रतिनिधियों की राजहंस होटल में एक बैठक के दौरान बोल रहे थे। इसके बाद सभी प्रतिनिधियों ने 36वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का भ्रमण किया। अंत में बड़ी चौपाल पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी देखी। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बैठक में कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में हरियाणा को मेजबानी करने का अवसर मिला है। यह हमारे लिए गर्व और गौरव की बात है। सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला दुनिया के हस्तशिल्पकारों को बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध करवा रहा है। हरियाणा रिमारकेबल स्टेट है। यही कारण है कि हरियाणा आज इन्वेस्टमेंट के मामले में सबसे पसंदीदा राज्य है। जी-20 के आपरेशन स्पेशल सेक्रेटरी मुक्तेश के प्रदेशी ने कहा कि दुनिया को जोड़ना जी-20 का मुख्य लक्ष्य व ध्येय है। जी-20 लगातार आने वाले दिनों में देश के विभिन्न राज्यों में कई तरह के कार्यक्रम आयोजन में हिस्सा लेगा। बैठक में हेरिटेज टूरिज्म विभाग के प्रिंसिपल सेक्टरी एमडी सिन्हा ने कहा कि यह मेला दुनिया के लोगों को एक दूसरे के आइडिया तथा तकनीक को साझा करने का मौका दे रहा है।

# विमान खरीद

## महत्वपूर्ण समझौता

**एयर** इंडिया ने फ्रांस की एयरबस तथा संयुक्त राज्य अमेरिका की बोइंग से 470 विमान खरीदने का फैसला किया है। यह फैसला केवल इसलिए ही महत्वपूर्ण नहीं है कि किसी विमानन कंपनी द्वारा यह खरीद का सबसे बड़ा आदेश है, बल्कि इसके महत्वपूर्ण भू-आर्थिक व भू-राजनीतिक प्रभाव भी होंगे। टाटा समूह के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि 70 बिलियन डालर का यह समझौता ऐसे समय हुआ है, जब एयरलाइन 'विश्वस्तरीय दर्जा' प्राप्त करने की योजना बना रही है। इस खरीद ने अमेरिकन एयरलाइन्स द्वारा 2011 में 460 विमान खरीदने का रिकार्ड तोड़ दिया है। उन्होंने कहा, इससे एयर इंडिया बेड़े का आधुनिकीकरण होगा तथा उसे अपने नेटवर्क में 'नाटकीय' विस्तार का मौका मिलेगा। एयर इंडिया ने अपने अधिकांश पुराने विमानों को सेवा से हटा दिया था और वह इस वर्ष के अंत तक पहला नया विमान सेवा में लाने की योजना बना रही थी। पिछले कुछ सालों में यह एयर इंडिया के लिए सबसे अच्छी खबर है। सार्वजनिक क्षेत्र की विमान कंपनी के रूप में इसे अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था जिसमें बिजनेस के हाशियाकरण के साथ बढ़ता घाटा शामिल हैं। निजीकरण ने इसकी समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं किया और 2022 में उसका बाजार में हिस्सा सर्वाधिक घट कर 8.7 प्रतिशत रह गया। पिछले कुछ महीनों में भी उसे नकारात्मक कारणों से सुर्खियों में स्थान मिला जिसमें तथाकथित 'पीगेट' शामिल है। सैकड़ों विमानों की खरीद की घोषणा से न केवल एयरलाइन की नई छवि बनी है,



बल्कि इसने सारी दुनिया को बता दिया है कि 'भारत की विकास गाथा' जीवन्त व दिलचस्प है। अडाणी समूह को लेकर पैदा विवादों के बीच इसने भारतीय कार्पोरेट की छवि भी मजबूत की है। इस समझौते से भारत पश्चिमी देशों के निकट आया है। अमेरिकन राष्ट्रपति जो बाइडेन, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एयर इंडिया समझौते का स्वागत किया है। सुनक ने संकेत किया है कि एयरबस अपने पंख ब्रिटेन में बनाएगी और ए350 विमान को रोल्स-रायस के एक्सडब्लूबी इंजनों से शक्ति मिलेगी। उन्होंने खुशी जताई कि उनके देश के विमानन उद्योग में 1,11,000 से अधिक लोग काम करते हैं। अपनी ओर से व्हाइट हाउस के एक प्रेस वक्तव्य के अनुसार, राष्ट्रपति बाइडेन ने उल्लेख किया कि 200 से अधिक बोइंग विमानों की बिक्री से अमेरिका में एक मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा तथा एयर इंडिया उसकी परिवहन मांगें पूरी करने में सहायक होगी। इस प्रेस वक्तव्य में 'भारत-अमेरिका आर्थिक साझीदारी की शक्ति' को भी रेखांकित किया गया है। राष्ट्रपति मैक्रान ने न केवल समझौते के आर्थिक आयाम पर जोर दिया, बल्कि यह भी कहा कि एयर इंडिया-एयरबस समझौता 'भारत और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी में नए चरण का प्रतीक है।' उल्लेखनीय है कि भारत पहले ही फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमान खरीद रहा है। बताया जाता है कि भारतीय घरेलू बाजार में प्रभुत्वकारी स्थान रखने वाली इंडिगो भी 500 जेट खरीदने की प्रक्रिया में है। वास्तव में, भारत की विमान कंपनियां विमान खरीदने की प्रक्रिया में हैं और अगले कुछ साल में वे लगभग 1,700 विमान खरीदेंगी। विमानन क्षेत्र में संभावित बढ़ोत्तरी जहां स्वागत योग्य है, वहीं अधिकारियों को कुछ चीजें सुनिश्चित करनी चाहिए। पहला व सर्वाधिक महत्वपूर्ण ढांचागत संरचना को और बेहतर बनाना है। हवाईअड्डों के विकास को प्राथमिकता में ऊंचा स्थान मिलना चाहिए। हमारे अनेक हवाईअड्डे भीड़ से भरे रहते हैं और उनका प्रबंधन अच्छा नहीं है। इसके साथ ही सरकार को सुधारों की गति और तेज करनी चाहिए ताकि छोटे शहरों की पहुंच भी हवाई यात्रा तक हो सके। निश्चित रूप से विमान यात्रियों के व्यवहार में भी सुधार लाने की जरूरत है।

# कठोर आर्थिक सुधारों की जरूरत

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को खाद्य एवं उर्वरक सब्सिडी संबंधी कठोर सुधारों की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि बजटेत्तर दायित्व बढ़ रहे हैं।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**वित्त** मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2020-21 में तथाकथित बजटेत्तर दायित्वों व बजटेत्तर संसाधनों-ईबीआर का अस्तित्व स्वीकार किया था और उन्होंने इसे संलग्नक में शामिल किया था। ईबीआर वे वित्तीय दायित्व या कर्ज हैं जिनको सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-पीएसयू व सरकार की अन्य एजेंसियां अपनी योजनाओं पर खर्च के लिए जुटाती हैं जिनके लिए मूल धन व ब्याज का पुनर्भुगतान उनके बजट से होता है। यदि कर्ज संबंधी सभी दायित्व केन्द्र सरकार द्वारा वहन किए जाते हैं तो वह इनको अपनी बैलेंसशीट-बीएस में लेने के बजाय इनको एजेंसियों या पीएसयू पर क्यों डाल देता है? इसका कारण यह है कि वह स्वयं इनके लिए कर्ज नहीं लेता है और अपनी बीएस में नहीं दिखाता है। इस प्रकार वह ईबीआर की सीमा तक राजकोषीय घाटा कम दिखाने में सफल होता है। इस पृष्ठभूमि में ईबीआर का अस्तित्व स्वीकार करना नरेन्द्र मोदी सरकार का अभूतपूर्व कदम है। 2020-21 का बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने वास्तव में केन्द्र सरकार के बजटेत्तर दायित्वों को लेखाजोखा अपने खातों में न केवल वित्त वर्ष 2021-22 के लिए, बल्कि वित्त वर्ष 2020-21 के संशोधित अनुमानों में भी किया था। भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई व अन्य राज्य एजेंसियों द्वारा दी जाने वाली खाद्य सब्सिडी इस प्रकार के बजटेत्तर दायित्वों का एक उदाहरण है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अंतर्गत लगभग 820 मिलियन लाभार्थी अनाज, मुख्यत: गेंहू, चावल व मोटे अनाजों को क्रमश: 2, 3 व 1 रुपये की अत्यधिक सस्ती कीमतों पर प्राप्त करते हैं जो खरीद, हैंडलिंग व वितरण पर आने वाले खर्च का बहुत छोटा हिस्सा है। यह काम सरकार की ओर से एफसीआई करती है जो बिक्री से प्राप्त मामूली राशि की भरपाई खाद्य सब्सिडी के रूप में करती है। यह पूर्णत: केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है और इसका भुगतान केन्द्रीय बजट से होता है। 2020-21 के पहले सरकार आमतौर से एफसीआई के पुनर्भुगतान की धनराशि का एक हिस्सा लंबित रखती थी। एकाउंटिंग की पुरानी विधि खर्च को नकद आधार पर करती थी, यानी जब वास्तव में भुगतान प्राप्त होते थे तब उसे अदा किया जाता था। इस कारण एफसीआई को बैंकों व अन्य स्रोतों से 'बकाया भुगतान' का कर्ज लेना पड़ता था। यह कर्ज तथा इस पर लगने वाला ब्याज एफसीआई के खातों में बना रहता था। इस व्यवस्था से केन्द्र को यह बताने में शायद सहायता मिलती थी कि वह राजकोषीय मजबूती के रोडमैप पर चल रही है। लेकिन इससे सरकार की वित्तीय स्थिति के बारे में भ्रम पैदा होता था और वह खर्चों में वास्तविक व टिकाऊ कमी लाने के प्रति लापरवाह हो जाती थी। इससे कल्याणकारी कार्यक्रम लागू करने वाली एजेंसी का वित्तीय स्वास्थ्य भी प्रभावित होता था। इस प्रकार लगातार बढ़ते खाद्य सब्सिडी के बकाये के कारण एफसीआई को राष्ट्रीय अल्पबचत फंड-एनएसएसएफ से भी कर्ज लेने को मजबूर होना पड़ा था। यह पूरी तरह अवांछित व बिना सोचे-विचारे किया गया व्यवहार था।

2016-17 में एफसीआई ने एनएसएसएफ से कर्ज लेना शुरू किया था, तब से लेकर 31 मार्च, 2020 तक वह असाधारण रूप से 300,000 करोड़ कर्ज ले चुकी थी।बजट 2020-21 में वित्त मंत्री ने खाद्य सब्सिडी के लिए केवल 116,000 करोड़ आबंटित किए थे। लेकिन उस साल के संशोधित अनुमानों में उन्होंने इसके लिए 422,000 करोड़ निर्धारित किए, जबकि बाद में इसे बढ़ा कर 525,000 करोड़ करना पड़ा। इस प्रकार सरकार ने न केवल उस साल किए सारे खर्च का भुगतान किया जिसमें अप्रैल 2020 से शुरू प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई के अंतर्गत मुफ्त अनाज देने का प्राविधान था, बल्कि इससे एफसीआई को एनएसएसएफ का सारा भुगतान करना भी संभव हुआ। 2021-22 में सरकार ने आबंटन में काफी वृद्धि की और इसे 2020-21 के बजट अनुमानों के बजाय 242,000 करोड़ कर दिया। 2021-22 का संशोधित अनुमान और अधिक 286,000 करोड़ था जो पूरी तरह साल भर की जरूरतों के लिए काफी था और किसी बजटेत्तर दायित्व की जरूरत नहीं थी। उर्वरकों के मामले में भी 2020-21 के पहले निर्माताओं को सब्सिडी भुगतान का बड़ा हिस्सा तत्कालीन सरकार द्वारा लंबित रखा जाता था ताकि राजकोषीय घाटे की स्थिति बेहतर दिखाई जा सके।

2020-21 में मोदी सरकार ने इस हानिकारक व्यवहार पर रोक लगा दी तथा उर्वरक सब्सिडी के लिए संशोधित अनुमान बढ़ा कर 128,000 करोड़ कर दिया, जबकि बजट अनुमान 71,000 करोड़ था। इस प्रकार 2020-21 के सारे भुगतान के साथ पिछले सालों का सारा बकाया भी अदा कर दिया गया। 2021-22 के लिए भी उसने संशोधित अनुमान 162,000 करोड़ रखा, जबकि बजट अनुमान 80,000 करोड़ था। यह बजट के सारे दायित्वों के पूर्ण भुगतान के लिए काफी था। लेकिन वित्त वर्ष 2022-23 व वित्त वर्ष 2023-24 के आंकड़े सरकार के इरादों के बारे में संदेह पैदा कर देते हैं।

उर्वरक सब्सिडी के लिए सीतारमण ने इस आशा से केवल 105,000 करोड़ का आबंटन किया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2021-22 की बढ़ी कीमतों की तुलना में उर्वरकों के मूल्य में कमी आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हआ और वास्तव में यूक्रेन युद्ध के कारण ये बढ़ गईं। इसका अर्थ है कि सब्सिडी लगभग 250,000 करोड़ पहुंच जाएगी, लेकिन अधिकारियों ने पूरे साल इसे छिपाए रखा। सीतारमण ने 2022-23 के संशोधित अनुमानों में 225,000 करोड़ रखा जो 25,000 करोड़ कम था। 2023-24 के लिए उन्होंने उर्वरक सब्सिडी के लिए 175,000 करोड़ रखे हैं। लेकिन यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के कोई संकेत न होने तथा वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक वैश्विक सप्लाई श्रृंखला की कठिन स्थिति बने रहने के कारण उर्वरकों की कीमतें अधिक रहेंगी। इसके परिणामस्वरूप इस वर्ष सब्सिडी 200,000 करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। वर्तमान वर्ष के कैरी फारवर्ड को देखते हुए वास्तविक आंकड़ा 250,000 करोड़ तक पहुंच सकता है जो बजट अनुमान से 75,000 करोड़ अधिक होगा।

जहां तक खाद्य सब्सिडी का सवाल है, 2023-24 में बजट अनुमान 207,000 करोड़ था, लेकिन अधिकारियों को अनुमान था कि वास्तविक खर्च 330,000 करोड़ हो सकता है। इसका कारण पीएमजीकेवाई का 31 दिसंबर, 2022 तक विस्तार था। लेकिन वित्त मंत्री ने संशोधित अनुमान 287,000 रखा जिसका अर्थ अगले वर्ष के लिए 43,000 करोड़ कैरी फारवर्ड होगा। 2023-24 के लिए उन्होंने खाद्य सब्सिडी के लिए 197,000 करोड़ रखे हैं जो 2022-23 के संशोधित अनुमान से 90,000 करोड़ कम है। इसका कारण शायद 1 जनवरी, 2023 से पीएमजीकेवाई का बंद होना संभावित था। लेकिन 2023-2024 में होने वाले चुनावों को देखते हुए योजना के पुनर्जीवित करने की संभावना बनी हुई है। हालांकि, मोदी जनवरी से मार्च तक तीन महीनों के लिए इसे पुनर्जीवित करने पर विचार कर सकते हैं क्योंकि वर्तमान व्यवस्था 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त हो जाएगी। 2022-23 के कैरी फारवर्ड के साथ सरकार को 100,000 करोड़ की कमी का सामना करना पड़ सकता है। 2022-23 व 2023-24 के बजटीय आबंटनों में खाद्य एवं उर्वरक सब्सिडी की स्थिति को देखते हुए यह पूर्वानुमान लगाया जा सकता है कि संभवत: बजटेत्तर दयित्व का व्यवहार उभर सकता है। इस दुःखद स्थिति का प्रमुख कारण यह है कि अनेक सरकारों ने सब्सिडी प खर्च में टिकाऊ कमी के बारे में कोई प्रयास नहीं किए।

हालांकि, इन योजनाओं में डीबीटी-प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से बड़े सुधारों की बात की गई, पर किसी ने कथनी को करनी में नहीं बदला। दूसरा कारण पुरानी एकाउंटिंग विधि है जिसमें खर्च को नकदी आधार पर लेना, यानी वास्तविक भुगतान पर गौर करना है। इससे सरकार को एजेंसियों का भुगतान बकाया रखने का काफी अवसर मिल जाता है। 2015 में आरबीआई के पूर्व गवर्नर बिमल जालान की अध्यक्षता में एक खर्च प्रबंधन आयोग का गठन किया गया था जिसने प्राप्तियों व खर्च की एक्रूअल-आधारित एकाउंटिंग का सुझाव दिया था। उसने बड़े भुगतान व खासकर पिछले साल की सब्सिडी लंबित रखने से पूर्णत: असहमति प्रकट की थी। लेकिन इस आयोग की संस्तुतियों पर कार्रवाई नहीं हुई। जब तक प्रधानमंत्री खाद्य व उर्वरक सब्सिडी योजनाओं के बारे में मूल सुधार नहीं करते हैं तब तक बजटेत्तर दायित्वों की समस्या बनी रहेगी।

# कश्मीर घाटी में बढ़ता नशीले पदार्थों का चलन

**"कश्मीर घाटी में महिलाएं भी घरेलू हिंसा के कारण होने वाले आघात को कम करने के लिए अपनी बोली में नशीली दवाओं की लत की गिरफ्त में आ रही हैं।"**

**मुदस्सिर कुलू**
(लेखक जम्मू-कश्मीर के स्वतंत्र पत्रकार हैं)



**जहां** पुरुषों को ज्यादातर उनकी उपलब्धता के कारण ड्रग्स लेते देखा जाता है, वहीं दूसरी ओर कश्मीर घाटी में महिलाएं भी घरेलू हिंसा के कारण होने वाले आघात को कम करने के लिए अपनी बोली में नशीली दवाओं की लत की गिरफ्त में आ रही हैं।

श्रीनगर की रहने वाली साइमा बानो (बदला हुआ नाम) की शादी 2018 में हुई थी। लेकिन चीजें उसके लिए असहज होने लगीं क्योंकि उसे दहेज के लिए अपने पति से मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। शरीर पर चोट के निशान के साथ वह कई बार अपने माता-पिता के घर पहुंची। ''वह मुझे पीटता था और आसानी से अपना आपा खो देता था। फिर 2021 में मेरे लिए चीजें असहनीय हो गईं और मैं अपने माता-पिता के पास लौट आई और फिर तलाक हो गया।''

वह मानसिक रूप से परेशान थी और उसने कई बार अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसके बाद उसके एक दोस्त ने उसे कुछ ऐसी दवाएं लेने की सलाह दी जिससे उसका तनाव और चिंता कम हो। ''मैंने पहली बार थोड़ी मात्रा में ड्रग्स सूंघा। फिर मैं हेरोइन का इंजेक्शन लगाने लगा। एक साल से अधिक समय तक, मैंने अपने माता-पिता को गहरी मुसीबत में डाल दिया। वे मेरे साथ खड़े रहे और उन्होंने अपनी उम्मीद नहीं खोई। आज, मेरे माता-पिता के प्रयासों के कारण, मैं ड्रग्स छोड़ने में कामयाब रहा। मैं अब कई महीनों से काउंसलिंग सत्र ले रही हूं।''

कश्मीर की जानी-मानी महिला अधिकार कार्यकर्ता और मध्यस्थ एज़बीर अली ने कहा, ''महिलाओं के साथ मेरे काम में, घरेलू हिंसा के कई मामले सामने आए हैं और इस लत के बाद की रिपोर्ट की जा रही हैं। पहले, हम दर्द निवारक और भांग का सेवन करते हुए देखते थे, लेकिन अब



दुर्भाग्य से, घाटी में मादक पदार्थों का सेवन करने वालों द्वारा हेरोइन का इंजेक्शन लगाने के लिए रोजाना हजारों सीरिंज का इस्तेमाल किए जाने की खबरें आ रही हैं।

उनके अनुसार, घाटी में मादक पदार्थों के सेवन में वृद्धि के विभिन्न कारण हैं। बेरोजगारी, कोविद के प्रभाव के कारण नौकरी के अवसरों का नुकसान, और कश्मीर में असामान्य स्थिति, जिसके कारण अनिश्चितता और हताशा का जीवन हो गया है, कुछ ऐसे ट्रिगर हैं जो पुरुषों और महिलाओं दोनों में मादक पदार्थों की लत का कारण बने हैं। एक सिफारिश के रूप में, एज़बीर अली ने सुझाव दिया कि एक स्वस्थ संयम-आधारित जीवन शैली का संचार करने के लिए स्कूलों, कार्यस्थलों, सामुदायिक केंद्रों और परिवारों में नशीली दवाओं की रोकथाम के प्रयास किए जाने चाहिए। युवाओं को रोकथाम के प्रयासों का एक अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए।

घाटी में चिकित्सा व्यवसायी भी दवाओं की आसान उपलब्धता के खिलाफ आवाज उठाने की अत्यावश्यकता में विश्वास करते हैं। आईएमएचएएनएस-के के डॉ. यासिर राठेर ने कहा, ''हमें नशीले पदार्थों की आपूर्ति सहित इसकी लत के खिलाफ आवाज उठाने और इसके परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।''

उन्होंने आगे इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे शिक्षित और अशिक्षित लोगों में मादक पदार्थों की लत प्रचलित है। हालाँकि युवा ड्रग्स से अधिक जुड़े हुए हैं, लेकिन 50 के दशक में भी ऐसे लोग हैं जो ड्रग्स का सेवन करते हैं और खुद को और अपने परिवार को तबाह कर देते हैं।

इसी तरह, एक समाजशास्त्री, आबिद भट ने सुझाव दिया कि समाज नशीली दवाओं के उन्मूलन के लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण अपनाता है और नशीली दवाओं के व्यसनी को कलंकित करने के बजाय अधिक सहायक होता है। ''माता-पिता को अपने बच्चों के व्यवहार में किसी भी तरह के बदलाव के प्रति सचेत रहना चाहिए। यहां तक कि अगर किसी बच्चे ने ड्रग्स की कोशिश की है, तो माता-पिता को उनके प्रति कठोर नहीं होना चाहिए बल्कि उन्हें परामर्श देना चाहिए। इसके अलावा, अगर किसी परिवार में कोई ड्रग एडिक्ट है, तो लोग उस परिवार के साथ कोई संबंध नहीं रखना चाहते हैं,'' आबिद ने कहा।

उन्होंने कहा, ''नशे के उन्मूलन के लिए प्रचारकों और सामाजिक नेताओं को भी आवाज उठानी चाहिए।''

जम्मू-कश्मीर पुलिस का दावा है कि वह केंद्र शासित प्रदेश में मादक पदार्थों के खतरे को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने हाल ही में कहा था कि पुलिस नशीले पदार्थों से निपटने में सक्रिय है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, 2021 में जम्मू-कश्मीर में ड्रग से जुड़े मामलों में 815 एफआईआर दर्ज की गईं। 2022 के दौरान नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सबस्टेंस एक्ट के तहत 1021 मामले दर्ज किए गए और 1685 ड्रग पेडलर्स को गिरफ्तार किया गया।

## आप की बात

### नकल पर लगाम

**यूपी** बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। इस साल सरकार ने नकल रोकने के लिए कठोर कार्रवाई का आदेश दिया है। अगर कोई नकल कराते या करते हुए पकड़ा जाता है तो उसे तीन महीने तक हिरासत में रखा जा सकता है। परीक्षाओं मे नकल रोकने का सरकार का इरादा अच्छा है। प्रतिभाशाली छात्रों के हक को नकलची छात्र चुरा लेते हैं। मगर सीसीटीवी कैमरे, उड़न दस्ते व सख्त निगरानी की व्यवस्था होने के बावजूद यदि कोई नकल करते हो पाया जाता है तो उसे जेल जैसी सख्त सजा देना सर्वथा उचित नहीं कही जा सकती है क्योंकि यह खामी निगरानी तंत्र की है। हालांकि, नकल माफिया और प्रश्नपत्र लीक करने वाले लोगों के लिए सख्त सजा का प्रावधान उचित है। वैसे व्यापक दृष्टिकोण से देखें तो शिक्षा व्यवस्था व परीक्षा प्रणाली में ऐसे परिवर्तन करने चाहिए जिनसे नकल करना संभव न हो सके अथवा इसकी जरूरत ही न पड़े। एक सुझाव यह भी दिया जा सकता है कि सभी छात्रों की आनलाइन परीक्षा हो और प्रश्नपत्र इतनी जल्दी तैयार किए जाएं कि नकल माफिया या अन्य तत्वों को लाभ उठाने का मौका न मिले। यदि छात्रों को पढ़ाने वाले शिक्षक ही उनका मूल्यांकन करें तो सर्वोत्तम होगा। अनेक देशों में यही होता है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### गुलामी के प्रतीक

**हमारी** सरकार पराधीनता को दर्शाने वाले एक के बाद एक निशानों को मिटाने का प्रयास कर रही है। इसे हम एक शुभ संकेत मान सकते हैं। वर्तमान काल हमारे देश का अमृत काल भी है। जो काम काफी समय पहले कांग्रेसी सरकारों को कर देना था उसे अब वर्तमान सरकार कर रही है। स दिल्ली हो या फिर आगरा, हमारे देश में सर्वाधिक समय तक ये शहर विदेशी शासकों के पराधीन रहे हैं। आज यहां अनेक जगहों पर ऐसे कई नाम मिलेंगे जहां हमारी गुलामी के प्रतीक चिन्ह दिखाई देते हैं। राष्ट्रपति भवन के मुगल गार्डन व राजपथ का नाम बदल कर सरकार ने ठीक किया है। औरंगजेब रोड को अब अब्दुल कलाम रोड करना सुखद लगता है। लेकिन मुगलकालीन शासकों के नामों से बनी सड़कें जैसे हमारा मजाक उड़ाती लगती हैं। औपनिवेशिक प्रतीकों के नाम बदलते समय हमें रहीम, रसखान व उनके जैसे अनेक ऐसे मुस्लिम महापुरुषों, शायरों व विद्वानों के नामों को समुचित स्थान देना चाहिए जिन्होंने हिंदू धर्म का गुणगान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। एक कवि ने कहा था- इन मुसलमान हरिजनन पर कोटिन हिंदू वारिये।

**राज शाजापुरी राज,** शाजापुर

### निक्की की रणनीति

**इक्यावन** वर्षीय निम्रत रंधावा एक अमेरिकी माइकल हेली से 1996 में विवाह करके निक्की हेली बन गई। वे दो बार दक्षिण कैरोलिना राज्य की गवर्नर रही और उसके बाद पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प ने उन्हें राष्ट्रसंघ में अमेरिका का राजदूत बनाया। अब उन्होंने 2024 में रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति उम्मीदवारी के लिए अपना नाम पेश किया है। मगर क्या यह रास्ता इतना आसान है? स्वयं को राष्ट्रवादी एवं श्वेत वर्चस्ववादी पार्टी मानने वाले रिपब्लिकन आप्रवास और प्रवास का विरोध करते रहे हैं। क्या वे एक भारतीय प्रवासी की पुत्री को प्रत्यासी बना सकते हैं? उनकी पार्टी तो अफ्रीकी, लैटिन एवं एशियाई मूल के प्रवासियों को अमेरिका के लिए खतरा मानती है। हालांकि, डोनाल्ड ट्रंप शायद रिपब्लिकनों में सबसे अतिवादी राष्ट्रपति रहे हैं और अभी यह कहना भी उचित नहीं होगा कि कानूनी पेचीदगियों के कारण वे रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों में प्रमुख स्थान पर होंगे। पार्टी में निक्की का दर्जा गिरा है और शायद वे अपनी स्थिति सुधारने के लिए राष्ट्रपति उम्मीदवारी की बात कर रही हैं।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**दरबारी** पूंजीवाद का कोई सवाल नहीं है। भाजपा पर कोई ऐसी किसी चीज का आरोप नहीं लगा सकता है।

\- **अमित शाह**
भाजपा नेता

**मुझे** विश्वास है कि भाजपा एक बार फिर सत्ता में आएगी। लोग हमें विकास के लिए वोट देंगे।

\- **मानिक साहा**
त्रिपुरा के मुख्यमंत्री





**हमारा** फोकस केवल एक बात पर है कि वोटों में बंटवारे से भाजपा को लाभ न मिले।

\- **सुदीप राय बर्मन**
अगरतला में कांग्रेस उम्मीदवार

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 17 फरवरी 2023



# जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य: योगी

● मेरे रहते किसी के साथ नहीं होने पाएगा अन्यायः मुख्यमंत्री

●समस्या निस्तारण में लापरवाह व संवेदनहीन अधिकारियों को बांध लेना पड़ेगा बोरिया-बिस्तर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने अफसरों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी ने भी लापरवाही की तो उसे अपने दायित्व से बोरिया बिस्तर बांध लेना पड़ेगा। अधिकारी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।



सीएम योगी ने उक्त हिदायतें गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दीं। मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब छह सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम खुद पहुंचे और बड़े इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। इस दौरान पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। कड़े तेवर में उन्होंने कहा कि संवेदनहीन और लापरवाह अधिकारियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता दर्शन में इलाज हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अस्पताल से इस्टीमेट लेकर प्रक्रिया पूरी करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से तत्काल सहायता राशि जारी कर दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता से पूर्ण कराएं। जनता दर्शन में अपनी माताओं के साथ आए नन्हे.मुन्ने बच्चों को सीएम योगी आदित्यनाथ का प्यार.दुलार व आशीर्वाद मिला। उन्होंने बच्चों का हालचाल पूछा, पढ़ने के लिए प्रेरित कर उन्हें चाकलेट गिफ्ट किया। इस दौरान उन्होंने एक छोटी बच्ची के लिए रैपर से निकालकर उसे चॉकलेट खिलाया।

# योगी सरकार ने एमएसएमई सेक्टर में किए नौ हजार एमओयू

● प्रदेशवासियों को मिलेंगे 18 लाख रोजगार

●1.25 लाख करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष आया 1.37 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश

●10 करोड़ के अंदर निवेश वाले 6 हजार से ज्यादा एमओयू किए गए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश में** एमएसएमई का काफी बड़ा बेस है। यहां 95 लाख एमएसएमई इकाइयां रजिस्टर्ड हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्सर अपनी जनसभाओं और बैठकों में इस बात का जिक्र बहुत गर्व से करते हैं। उनकी मंशा के अनुरूप एमएसएमई का यह बेस यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद अब और बड़ा होने जा रहा है। इस सेक्टर में बड़े पैमाने पर उद्यमियों ने निवेश के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है। रोचक बात ये है कि प्रदेश सरकार ने यूपीजीआईएस के माध्यम से जो 19 हजार से ज्यादा एमओयू किए हैं, उनमें 9 हजार से ज्यादा एमओयू सिर्फ एमएसएमई सेक्टर में हुए हैं। इसके माध्यम से प्रदेश मे 18 लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

प्रदेश सरकार ने एमएसएमई सेक्टर के लिए पहले एक लाख और फिर संशोधित निवेश का टारगेट 1.25 लाख करोड़ रुपए का रखा था। इसके सापेक्ष विभिन्न देशों और प्रदेशों के साथ ही यूपी के अंदर मंडल व जिलों में हुए निवेशक सम्मेलनों के बाद यूपीजीआईएस के मुख्य समारोह के समापन तक



एमएसएमई सेक्टर के अंतर्गत कुल 1.37 लाख करोड़ रुपए के 8829 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह दिए गए टारगेट का 110 प्रतिशत के करीब है। इसके माध्यम से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में एमएसएमई इकाइयां स्थापित होंगी जिनका सीधा फायदा उन युवाओं को मिलेगा जो रोजगार की तलाश में हैं। साथ ही परोक्ष रूप से भी लाखों रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## 50 करोड़ तक निवेश के 8 हजार से ज्यादा एमओयू

यूपीजीआईएस के माध्यम से योगी सरकार बड़े निवेशकों को तो प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित कर ही रही थीए लेकिन साथ ही सरकार का इरादा छोटे निवेशकों और उद्यमों को भी बढ़ावा देने का था। इसमें सरकार को बड़ी सफलता मिली है। बड़े निवेशकों के साथ हजारों छोटे निवेशकों ने भी एमएसएमई सेक्टर में निवेश के लिए एमओयू किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एमएसएमई के तहत सबसे ज्यादा 6212 एमओयू ऐसे रहे हैं जिनकी निवेश राशि 10 करोड़ रुपए के अंदर की है। इसके माध्यम से 26124 करोड़ रुपए का कुल निवेश प्रदेश में आएगा। वहीं 10 से 20 करोड़ के बीच निवेश वाले 938 एमओयू हुए हैं जिनके माध्यम से 15341 करोड़ रुपए का निवेश होगा। 20 करोड़ से 30 करोड़ के बीच 451 एमओयू हुए और निवेश की राशि 11956 करोड़ होगी। 30 करोड़ से 40 करोड़ के बीच 213 एमओयू के माध्यम से 7931 करोड़ रुपए का निवेश संभावित है। 40 से 50 करोड़ रुपए की लागत वाले निवेश की बात करें तो इस श्रेणी में 894 एमओयू हुए हैं और इसके तहत सबसे ज्यादा 43890 करोड़ रुपए का निवेश आने की संभावना है। इस तरह अगर 50 करोड़ रुपए तक के निवेश के लिए कुल 8708 एमओयू हुए हैं और इसके माध्यम से कुल 105242 करोड़ रुपए का निवेश होगा।

## 121 एमओयू 50 करोड़ से ऊपर के

50 करोड़ से अधिक के निवेश की बात करें तो कुल 121 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इनके माध्यम से प्रदेश में 32312 करोड़ रुपए के निवेश किया जाना है। 50 करोड़ से 100 करोड़ के बीच 65 एमओयू के माध्यम से प्रदेश में 5341 करोड़ रुपए का निवेश संभावित है। वहीं 100 से 200 करोड़ के बीच 33 एमओयू में 4984 करोड़ के निवेश की संभावना है। 200 से 500 करोड़ के बीच 13 एमओयू के जरिए 3391 रुपए का निवेश हो सकता है। वहीं 500 करोड़ से ऊपर के जो 10 एमओयू हुए हैं उनके माध्यम से 18,596 करोड़ रुपए का निवेश प्रदेश में होगा।

# जनता ने सीएम योगी के विश्वास पर लगाई मुहर

● उद्यमियों ने विकास के पथ पर बढ़ाया ●रामपुर में 4757, आजमगढ़ में 2214 व लखीमपुर में 42960 करोड़ का निवेश ●तीनों जिलों में ही 1.29 लाख से अधिक युवा पाएंगे रोजगार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रामपुर और आजमगढ़** जिसने योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर उपचुनाव में कमल खिलाया। योगी आदित्यनाथ ने इन जिलों को न सिर्फ माफिया से मुक्त कराकर विकास की गंगा बहाई बल्कि नई पहचान भी दी। वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को चरितार्थ करने वाले योगी आदित्यनाथ ने अन्य जिलों की भांति रामपुर और आजमगढ़ के संपूर्ण विकास का भी रोडमैप तैयार किया। जीआईएस के बाद 33.52 लाख करोड़ के निवेश के जरिए अब विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी कर ली। गोला गोकर्णनाथ वाले जिले लखीमपुर खीरी में भी निवेश को लेकर काफी माहौल तैयार किया। जीआईएस में एमओयू के बाद लखीमपुर खीरी में 42960 करोड़, रामपुर में 4757 और रामपुर में 2214 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसके जरिए 1.29 लाख से अधिक युवाओं को अपने घर.जिले में ही रोजगार मिलेगा।

गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी जिले में है। यहां बीते दिनों उपचुनाव हुआ था। योगी आदित्यनाथ ने विकास की बदौलत लोगों से वोट की अपील की। लिहाजा यहां से अमन गिरि कमल का फूल खिलाने में सफल हुए। यहां के विकास को गति देते हुए जीआईएस से जोड़ा गया तो यहां यूनाइटेड स्टेट्स की इंपीरिया इनोवेशन इनवेस्ट ने निवेश की इच्छा जताई। एजूकेशन और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर इस ग्रुप का विशेष जोर है। यहां महज 78 प्रस्तावों के जरिए 42960 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इससे सिर्फ लखीमपुर खीरी और आसपास के जिलों के 107184 युवाओं को रोजगार से उड़ान मिलेगी। रामपुर अब माफिया मुक्त हो गया। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमजन को भय और भ्रष्टाचार से निजात दिलाई। माफिया मुक्त होने के कारण यहां उपचुनाव हुआ तो कमल खिला। योगी आदित्यनाथ ने इसे देखते हुए रामपुर को नई पहचान दिलाई। विकास, विकास और सिर्फ विकास से ही रामपुर परिभाषित होने लगा, लिहाजा रामपुर में कई कार्य शुरू हुए। अब योगी आदित्यनाथ ने रामपुर की सुधि ली और इसे भी विकास से जोड़ा तो निवेशकों का मन भी यहां निवेश को लेकर सकारात्मक बना। जीआईएस 2023 में 184 निवेश प्रस्ताव इस जिले को मिले। 4757 करोड़ रुपये से यहां के उद्योगों को बल मिलेगा और 12000 युवा अपने रामपुर में ही रोजगार पाएंगे। आजमगढ़ लोकसभा उपचुनाव में भी योगी आदित्यनाथ के आह्वान को मतदाताओं ने जीत में बदला।

यहां से भाजपा का कमल खिला। इस जिले से बाहर कमाने जाने वाले युवाओं की संख्या कभी काफी अधिक होती थी। उत्तर प्रदेश के मुखिया ने इस दर्द को समझा। पहले खुद पहल कर यहां की सड़कोंए बिजलीए पानी समेत मूलभूत सुविधाओं को ठीक कराया। अब इसे उद्योग व रोजगार से जोड़ने की पहल की तो जीआईएस के जरिए आजमगढ़ में 2214 करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए। इसके जरिए यहां के 10166 युवाओं को रोजगार से जोड़ने का खाका तैयार किया जा रहा है।

# प्रभाकर को बिजनौर व अपर्णा को अस्थाई तौर पर सौंपा गया एसपी महोबा का प्रभार

**लखनऊ।** सीतापुर में 11वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक आईपीएस प्रभाकर चौधरी को बिजनौर और एसपी रेलवे अपर्णा गुप्ता को अस्थाई तौर पर महोबा जिले के एसपी का प्रभार सौंपा गया है। यह फैसला बिजनौर में तैनात पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह के अचानक अस्वस्थ होने के चलते लिया गया है। दिनेश सिंह की पत्नी सुधा सिंह भी महोबा की एसपी हैं। पति की देखरेख के लिए वह अवकाश पर चली गई हैं। इसके अलावा दो अन्य आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया गया। मालूम हो कि बिजनौर के एसपी दिनेश सिंह को बीते बुधवार को अचानक ब्रेन हेमरेज की शिकायत पर इलाज के लिए पहले मेरठ फिर दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके अस्वस्थ होने से एसपी बिजनौर के खाली हुए पद की जिम्मेदारी प्रभाकर चौधरी को अस्थाई रूप से सौंपी गई है। वहीं उनकी पत्नी और एसपी महोबा सुधा सिंह के अवकाश पर जाने की वजह से अपर्णा गुप्ता को यहां का प्रभार अस्थाई तौर पर सौंपा गया है।

● दो अन्य आईपीएस अफसरों के तबादले

# 33.52 लाख करोड़ के निवेश को धरातल पर उतारने को नियुक्त होंगे 105 उद्यमी मित्र

● उद्यमी मित्र को मानदेय और भत्ते के रूप में मिलेंगे 70 हजार रुपये प्रतिमाह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने जीआईएस.23 में आए रिकॉर्ड 33.52 लाख करोड़ के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए जल्द से जल्द उद्यमी मित्र की नियुक्ति करने का निर्देश दिया है। इन उद्यमी मित्रों की नियुक्ति मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना के तहत की जाएगी जिन्हे इंवेस्ट यूपी की ओर से नियुक्त किया जाएगा। ये उद्यमी मित्र निवेशकों से संपर्क साध कर उनकी समस्याओं को सुनने के साथ उसका समाधान करेंगे और निवेश को लेकर योगी सरकार की ओर से जो सहूलियतें दी जा रही हैं उनके बारे में विस्तार से बताएंगे। पहले चरण में एक वर्ष के अनुबंध पर 105 उद्यमी मित्रों को नियुक्त किया जाएगा। उन्हे 70 हजार रुपये प्रति माह मानदेय और भत्ते दिए जाएंगे। अभ्यर्थी आवेदन के लिए इंवेस्ट यूपी की वेबसाइट या इसके लिए विकसित किए गए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने एक उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी उद्यमी मित्रों की नियुक्त इंवेस्ट यूपी की ओर से की जाए और चयन प्रक्रिया में विभाग के सीईओ मुख्य चयन अधिकारी हों। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के पास 60 प्रतिशत अंको के साथ एमबीए की डिग्री होना आवश्यक है। अभ्यर्थी की हिंदी और अंग्रेजी फर्राटेदार होनी चाहिए साथ ही उसे हिंदी और अंग्रेजी में टाइपिंग भी आती हो। विदेशी भाषा का ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी। कंप्यूटर की अच्छी नॉलेज के साथ उसे माइक्रोसाफ्ट तथा पीपीटी का अनुभव होना जरूरी है। उसे फील्ड वर्क में दक्षता भी हासिल होनी चाहिये। उद्यमी मित्र के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को एमबीए की डिग्री के साथ मैनेजमेंट ट्रेनी, एनालिस्ट, बैंकिंग में एसोसिएट, कंसल्टिंग, मार्केट रिसर्च आर्गनाइजेशन या निवेशक फ्रेंडली संबंधित किसी निजी, सार्वजनिक कंपनी में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना जरूरी है। एक वर्ष के लिए 105 पदों पर भर्ती की जाएगी 70 पद जनपदों के लिए होंगे जबकि इंवेस्ट यूपी कार्यालय और मुख्यालय के लिए 10 पद होंगे। वहीं औद्योगिक विकास प्राधिकरण के लिए 25 पद होंगे। अभ्यर्थी की उम्र न्यूनतम 25 वर्ष एवं अधिकतम 40 होनी चाहिये। चयनित अभ्यर्थी को 70 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय और भत्ते दिए जाएंगे जिसमें मूल नियत भत्ता प्रतिमाह 30 हजार, मकान किराया भत्ता प्रतिमाह 10 हजार, सुविधा प्रदान करने के लिए अतिरिक्त 10 हजार, यात्रा एवं परियोजना स्थल के भ्रमण से संबंधित कार्य के लिए प्रतिमाह 20 हजार का अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा। इतना ही नहीं अभ्यर्थी को टैबलेट खरीदने के लिए 15 हजार एकमुश्त अलग से दिया जाएगा। इन सभी व्यय को इंवेस्ट यूपी के बजट से वहन किया जाएगा।

# निवेश में मेरठ, लखनऊ, आगरा, झांसी और वाराणसी मंडल टॉप फाइव में

● प्रदेश के 18 मंडलों में मेरठ मंडल में आये सबसे ज्यादा निवेश प्रस्ताव

●पूर्वांचल और बुंदेलखंड रीजन में सीएम के प्रयासों का दिखा बेहतरीन परिणाम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** के नेतृत्व में बीते दिनों संपन्न हुआ तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का परिणाम सरकार की सोच से भी कहीं ज्यादा उत्साहवर्धक साबित हुआ है। यूपी जीआईएस 23 के जरिए सरकार और उद्योग जगत के बीच लगभग 19 हजार एमओयू साइन हुए हैं, 33.50 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। अलग अलग सेक्टर में मिले निवेश प्रस्ताव से 93 लाख से भी ज्यादा रोजगार सृजन की उम्मीद है। प्रदेश की सुदृढ़ कानून व्यवस्थाए यातायात कनेक्टिविटी और 25 सेक्टर में योगी सरकार द्वारा लाई गई नई नीतियों ने उद्यमियों को प्रदेश में निवेश के लिए सबसे ज्यादा प्रेरित करने का काम किया है। नतीजन प्रदेश के 18 मंडलों में उद्योग जगत ने बेहतरीन संभावनाएं देखते हुए निवेश करने का फैसला लिया है। मेरठ मंडल में जहां निवेशकों ने सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई है आजमगढ़ मंडल में सबसे कम निवेश प्रस्ताव आए हैं। निवेश के मामले में उत्तर प्रदेश के टॉप फाइव मंडलों में मेरठ, लखनऊ, आगरा, झांसी और वाराणसी के नाम हैं।

मंडलवार बात की जाए तो मेरठ मंडल में सर्वाधिक 985566 करोड़, इसके बाद लखनऊ मंडल में 291468 करोड़, आगरा मंडल में 260947 करोड़, झांसी मंडल में 218498 करोड़, वाराणसी मंडल में 196632 करोड़, गोरखपुर मंडल में 178285 करोड़, मिर्जापुर मंडल में 139671 करोड़, बरेली मंडल में 128040 करोड़, चित्रकूट मंडल में 98367 करोड़, कानपुर मंडल में 80607 करोड़, अयोध्या मंडल में 77547 करोड़, प्रयागराज मंडल में 67563 करोड़, अलीगढ़ मंडल में 67467 करोड़, मुरादाबाद मंडल में 44704 करोड़, सहारनपुर मंडल में 20101 करोड़, बस्ती मंडल में 19250 करोड़, देवीपाटन मंडल में 10593 करोड़ और आजमगढ़ मंडल में 6648 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव योगी सरकार को निवेशकों की ओर से प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त 458648 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए हुए हैं जिनका फिलहाल मंडलवार वर्गीकरण नहीं किया जा सका है।

## बुंदेलखंड और पूर्वांचल पर रंग लाई योगी सरकार की मेहनत

कभी बुंदेलखंड और पूर्वांचल यूपी के सबसे पिछड़े इलाके माने जाते थे। योगी ने सत्ता संभालने के बाद से ही इन दोनों क्षेत्रों पर विशेष फोकस करते हुए विकास कार्यों को लेकर रणनीति बनाना शुरू किया। बीते छह साल में पूर्वांचल और बुंदेलखंड रीजन से ना सिर्फ डकैतों, माफिया और रंगदारों के नेटवर्क को ध्वस्त किया गया बल्कि बेहतर कनेक्टिविटी, विद्युत आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी विकसित करते हुए पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा दिया गया। मुख्यमंत्री योगी के इन प्रयासों का परिणाम यूपी जीआईएस के दौरान देखने को मिला है। बुंदेलखंड रीजन के अंतर्गत आने वाले झांसी मंडल और चित्रकूट मंडल ने ज्यादातर निवेशकों को आकर्षित किया है। निवेश प्रस्ताव के मामले में झांसी मंडल जहां टॉप फाइव में है तो वहीं चित्रकूट मंडल टॉप टेन में शामिल है। पूर्वांचल क्षेत्र में वाराणसी मंडल पांचवें स्थान पर और गोरखपुर मंडल छठे नंबर पर है। उद्योग जगत को योगी शासन में इन इलाकों में व्यवसाय करने में अब कोई परेशानी नहीं दिख रही है। कभी नक्सलियों का गढ़ रहे सोनभद्र, चंदौली और मिर्जापुर जिलों में भी निवेशकों ने काफी रुचि दिखाई है। वाराणसी मंडल में आने वाले चंदौली जिले में 11 हजार करोड़ से ज्यादा और मिर्जापुर मंडल में आने वाले मिर्जापुर में 64 हजार करोड़ और सोनभद्र 74 हजार करोड़ से ज्यादा का इन्वेस्टमेंट करने का मन उद्योगजगत ने बना लिया है। जिन इलाकों में कभी शाम ढलने के बाद लोग घर से बाहर निकलने से भी डरते थे वहां उद्योग धंधे स्थापित करने का माहौल बनाने में योगी सरकार को बड़ी सफलता मिली है।

# पॉलीटेक्निक चौराहे का कैबिनेट मंत्री ने किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के वित्त एवं संसदीय** कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बृहस्पतिवार को अवध चौराहा एवं पॉलिटेक्निक चौराहा पर अक्सर लगने वाले ट्रैफि क जाम की समस्या के दृष्टिगत निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि चौराहों पर जाम की समस्या को समाप्त करने एवं आवागमन को सुलभ बनाने के लिए हर संभव विकल्पों का उपयोग करते हुए शहर को जाम मुक्त किया जाए। इसके लिए उन्होंने ट्रैफि क मैनेजमेंट सिस्टम को धरातल पर उतारने के सख्त निर्देश दिए हैं। खन्ना ने मौके पर निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि अवध चौराहे पर स्लिप लेन के लिए रखे गए डिवाइडर को हटाकर ट्रैफि क मूवमेंट का परीक्षण कर लिया जाए। यदि सुविधाजनक होता है तो उसे हटा दिया जाए। कानपुर की तरफ से आने वाली रोड पर पाथवे की चौड़ाई को कम कर दिया जाए। इसी प्रकार पॉलिटेक्निक चौराहे पर जाम से निजात पाने के लिए बाराबंकी से आने वाली रोड तथा गोमतीनगर से आने वाली रोड पर बने यू-टर्न के लिए बने आईलैण्ड को छोटा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पूरे चौराहे के ट्रैफिक मॉडलिंग के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौराहों के विस्तारीकरण के स्कोप जहां भी हैं, उन्हें बढ़ाया जाए। अधिक चौड़े पाथवे को कम किया जाए तथा बड़े आईलैण्ड को भी छोटा कर दिया जाए।

# कानून-व्यवस्था पूरी तरह चौपटः अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष व नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। रोज ही यहां अपराधिक घटनाएं घट रही हैं परन्तु सरकार और शासन-प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है। मुख्यमंत्री जगह-जगह बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में उनके शासन में रामराज आ गया है लेकिन सच्चाई तो यह है कि सामान्य महिला की बात तो छोड़ दीजिए उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक अफसरों के परिजन तक सुरक्षित नहीं है। ऐसे में आम जनता की सुरक्षा कैसे की जा सकती है। अखिलेश ने कहा कि जिस अमानवीयता के साथ कानपुर देहात के मडौली गांव में मां-बेटी को जलाकर मारा गया उससे पूरा प्रदेश शर्मसार है। पीड़ित परिवार से संवेदना जताने तक नहीं दिया जा रहा है। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को रास्ते में ही रोककर लोकतंत्र को शर्मसार किया है लेकिन समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है। भाजपा सरकार ने इस कृत्य से यह भी जता दिया है कि वह कितनी संवेदनहीन सरकार है। उन्होंने कहा कि इसी सप्ताह मंगलवार को ही हत्या-लूट और दुष्कर्म की दर्जन भर घटनाओ का घट जाना यह जाहिर करता



है कि भाजपा की सरकार नाकारा और बेलगाम है। एटा जनपद की मारहरा विधान क्षेत्र के गांव निहालपुर में दूध विक्रेता को पीटा गया और उसके डेढ़ लाख रुपए लूट लिए गए। फि रोजाबाद हाईवे पर नवीन गल्ला मंडी के पास मसाला कारोबारी को लूट लिया गया। बुलन्दशहर में एंडी प्याऊ चौकी क्षेत्र के गांव में चारा लेने गई महिला से खेत पर दुष्कर्म की कोशिश हुई। गाजियाबाद में सरेराह युवती से छेड़खानी हुई। मुरादाबाद के नामी गिरामी चार्टर्ड एकाउंटेंट श्वेताभ तिवारी की गोली मार कर हत्या कर दी गई। लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के मौके पर मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर खूब लंबे चौड़े दावे किए है लेकिन प्रदेश के जो हालात है उसमें कोई भी निवेशक सौ बार सोचता है। लखनऊ में एसजीपीजीआई क्षेत्र में कार चालक और कृष्णानगर में प्लेट की मांग पर ग्राहकों को पीटा गया। निशातगंज इलाके में एक छात्रा ने छेड़छाड़ से तंग आकर स्कूल जाना छोड़ दिया।

चिनहट में युवती से दुष्कर्म की कोशिश हुई। बिजनौर थाने के पास एक छात्र की हत्या कर शव फेंका गया। ये सब घटनाएं सिर्फ एक दिन की है। हफ्ता, महीना जोड़े तो सरकारी दावों की पूरी पोल खुल जाएगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अन्तर है। प्रदेश के विकास में उसकी कोई रूचि नही है। वह जाति, धर्म के आधार पर अपराधियों में भी भेदभाव करती है। इसलिए सत्ता संरक्षित असामाजिक तत्व प्रदेश के वातावरण को बिगाड़ते रहते है। शांति व्यवस्था में भारी गिरावट के चलते अब लोग इतना ज्यादा त्रस्त हैं कि वे जल्दी से जल्दी भाजपा सरकार से निजात पाना चाहते हैं।

# सांप्रदायिक मुद्दों पर बहस करने से बचें पार्टी नेता व टीवी पैनलिस्ट : सपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** ने अपने सभी नेताओं और टीवी पैनलिस्ट को साम्प्रदायिक मुद्दों पर बहस से परहेज करने की हिदायत दी है। पार्टी के सचिव ने इसकी जानकारी दी। सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सभी कार्यकर्ताओं, पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों तथा टीवी पैनलिस्ट को हिदायत दी है कि वे टीवी चैनलों पर होने वाली परिचर्चाओं के दौरान साम्प्रदायिक मुद्दों पर बहस करने से परहेज करें। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी धार्मिक मुद्दे उठाकर जनता का ध्यान बुनियादी मुद्दों से भटकाने की लगातार कोशिश कर रही है, लिहाजा सपा नेता टीवी चैनलों पर धर्म से सम्बन्धित बहसों में मत उलझें। चौधरी ने कहा कि वर्तमान शासन काल में महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी की दर बढ़ती जा रही है। भ्रष्टाचार बेलगाम है। किसान, नौजवान सहित समाज का हर वर्ग परेशान है। महिलाओं-बच्चियों को अपमानजनक हालात से गुजरना पड़ रहा है पूरे प्रदेश में अराजकता की स्थिति व्याप्त है। उन्होंने बताया, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी जनता का ध्यान बुनियादी मुद्दों से भटकाने की लगातार कोशिश कर रही है। हमें उनके बहकावे में नहीं आना है। इसलिए सभी को साम्प्रदायिक मुद्दों पर बहस से परहेज करना चाहिए। उन्होंने पार्टी नेताओं को जारी निर्देश में कहा हमें राजनीतिक चर्चा और बुनियादी सवालों पर ही अपना पूरा ध्यान रखना है। धार्मिक मुद्दा संवेदनशील है। हमें अनायास उससे सम्बन्धित बहसों में नहीं उलझना चाहिए। सपा प्रवक्ता ने कहा कि पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा कि यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि सपा डाक्टर लोहिया के आदर्शों से प्रेरणा लेकर लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद में आस्था रखती है।

# कानपुर देहात मामले की विवेचना के लिए एसपी हरदोई के नेतृत्व में एसआईटी गठित

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने कानपुर देहात के रूरा थाने में हुई घटना की विवेचना के लिए पुलिस अधीक्षक हरदोई राजेश द्विवेदी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर दिया है। एसआईटी रूरा थाने दर्ज हत्या, हत्या का प्रयास, मारपीट व आगजनी के मुकदमे की विवेचना करेगी। प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद के निर्देश पर डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने यह आदेश किया है। एसआईटी टीम में एसपी हरदोई के अलावा, सीओ हरदोई विकास कुमार जायसवाल विवेचक होंगे। सहयोग के लिए सिटी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडेय के अलावा क्राइम ब्रांच के निरीक्षक रमेश चंद्र पांडये और महिला थाने की एसओ रामसुखारी सदस्य होंगे। एसआईटी द्वारा की जा रही विवेचनाओं को एसपी हरदोई राजेश द्विवेदी द्वारा पर्यवेक्षण किया जाएगा। एसआईटी मुख्य रूप से दर्ज एफआईआर की विवेचना करेगी। रूरा थाने में आईपीसी की धारा 302, 307, 436, 428, 323 और धारा 34 के तहत एफआईआर दर्ज की है। इससे पहले पूरे मामले की जांच के लिए डीजीपी ने एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह के नेतृत्व में एक एसआईटी गठित की थी। जिसे एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट देनी है। यह एसआईटी मामले के दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के बारे में छानबीन कर डीजीपी को अपनी रिपोर्ट देगी।

# डीएम ने किया बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**यूपी** बोर्ड परीक्षाओं के लिए गुरुवार को बोर्ड परीक्षा के पहले दिन प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने डीआईओएस कार्यालय आकर परीक्षा की तैयारियों का निरीक्षण किया और कंट्रोल रूम के कैमरों से कई स्कूलों की स्थिति देखी। गुरुवार को डीएम अनिल कुमार सिंह ने बोर्ड परीक्षाओं को लेकर सुबह करीब 10 बजे डीआईओएस कार्यालय पहुंचे, यहां उन्होंने आनलाइन कंट्रोल सिस्टम से विभिन्न परीक्षा केंद्रों में चल रही हाईस्कूल के हिंदी विषय की परीक्षा देखी। उन्होंने परीक्षा केंद्रों का ऑनलाइन अनुश्रवण, पर्यवेक्षण कर रहे अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस दौरान उन्होंने रैंडम करीब 50 विद्यालयों की ऑनलाइन एक-एक कक्ष में संचालित परीक्षा का स्वयं अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम में मौजूद कर्मचारियों से डीएम ने परीक्षा के संबंध में जानकारी ली, जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम प्रभारीए एसडीएम विधेश, सहायक कंट्रोल रूम प्रभारी देवेंद्र कुमार निगम व लवलेश वर्मा, डीआईओएस दफ्तर के वरिष्ठ सहायक अश्विनी कुमार वर्मा मौजूद रहे। प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष, ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए डीआईओएस कार्यालय सहित प्रदेश मुख्यालय पर जिले के सभी परीक्षा केंद्रों की सतत ऑनलाइन निगरानी की जा रही है। परीक्षा केंद्रों को 07 जोन, 13 सेक्टर में बांटा गया है, जिनमें मजिस्ट्रेट की लगे हैं। वहीं सभी 141 परीक्षा केंद्रों में स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगाए गए हैं। जिले में हाईस्कूल में 55748 एवं इंटरमीडिएट में 50300 परीक्षार्थी परीक्षार्थी नामांकित हैं। जनपद खीरी में संचालित बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष, शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए डायट प्राचार्य, डीआईओएस, बीएसए एवं दो खंड शिक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में कुल पांच सचल दस्ते भ्रमण सील रहकर सभी 141 परीक्षा केंद्रों में चल रही परीक्षाओं का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण कर रहे हैं।

## पीस बैठकों का हुआ आयोजन

**मैगलगंज** खीरी मैगलगंज कोतवाली परिसर में एसडीएम मितौली व क्षेत्राधिकारी मितौली मैगलगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार राय ने क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक की। जिसमें महाशिव रात्रि व होली को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। जिसमें एस आई दिलीप राय, एस आई रामओतार, दिनेश चन्द्र गुप्ता, कमल बिहार गुप्ता, रामलडेते मिश्रा, संग्राम सिंह, सर्वेश सिंह नकारा, प्रधान मुकेश सिंह, विनय तिवारी , लालता प्रसाद, कादिर उर्फ लल्लू, योगेश कुमार, महेश यादव, वीरपाल यादव, कुकुरगोती प्रधान आदि लोग मौजूद रहे। आगामी त्योहार महाशिव रात्रि और होली के परिपेक्ष में आज दिनांक 16 फरवरी को थाना नीमगांवए थाना मैगलगंज, थाना चंदनचौकी सहित जनपद के विभिन्न थानों पर संबंधित क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की मीटिंग की गई।

## 660 प्रशिक्षणार्थियों को मिली स्मार्टफोन की सौगात

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**खीरी** में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक जिला एक उत्पाद, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के फर्स्ट फेज वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रशिक्षित 660 लाभार्थियों को स्मार्टफोन की सौगात मिली, स्मार्टफोन पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। गुरुवार को जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र राजापुर कार्यालय परिसर में स्मार्ट फोन वितरण समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक (सदर) योगेश वर्मा, प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने आईआईए चैप्टर के जिलाध्यक्ष दीपक अग्रवाल की मौजूदगी में दीप जलाकर किया। इसके बाद विधायक सदर ने प्रभारी डीएम के साथ फर्स्ट फेज में प्रशिक्षित सभी 660 लाभार्थियों को स्मार्टफोन का वितरण किया। विधायक योगेश वर्मा ने प्रशिक्षित लाभार्थियों से संवाद स्थापित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। कहा कि प्रशिक्षणार्थियों के हुनर, कौशल में पंख लगाने के उद्देश्य से सरकार ने स्मार्टफोन की सौगात दी है। स्मार्टफोन पर प्रशिक्षण से जुड़े कई स्टडी मटेरियल उपलब्ध हैं, जिसका लाभ लेकर अपनी दक्षता को और बढ़ाएं। युवा प्रशिक्षणार्थी कल का भविष्य है। आज आधुनिक तकनीकी युग में शिक्षा के साथ कौशल विकास कर हुनरमंद बनाने का कार्य किया जा रहा है। प्रभारी डीएम ने फर्स्ट फेज के प्रशिक्षित लाभार्थियों को स्मार्टफोन के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आपकी प्रशिक्षण दक्षता बढ़ाने में स्मार्टफोन मददगार साबित होगा। स्मार्टफोन में उपलब्ध स्टडी मैटेरियल से कार्य कौशल को बढ़ाते हुए अपने भविष्य को संवारे। कार्यक्रम की शुरुआत में उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। आईआईए चैप्टर जिलाध्यक्ष दीपक अग्रवाल एवं उप्र उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में ओडीओपी उत्पाद था: हस्तशिल्प एवं गुड को भी प्रदर्शित किया गया, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसी क्रम में विधायक सदरए प्रभारी डीएम ने हस्तशिल्प उत्पाद निर्मित टोपी धारण कर ओडीओपी को प्रमोट किया।

## पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता।** बरेली

**रात** के समय पशु तस्करों को पुलिस ने गश्त के दौरान रोकने की कोशिश की तब उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी जिससे एक सिपाही घायल हो गया। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया जबकि उनके 3 साथी फरार हो गए। गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया गया। हाफिज गंज थाना क्षेत्र के गांव भड़सर स्थित बहगुल नदी के पास बीती रात गश्त के दौरान पुलिस ने पशु तस्करों को जाते हुए देखा और उनको रोकने की कोशिश की तो पुलिस के ऊपर तस्करों ने फायरिंग कर दी जिससे सिपाही बॉबी घायल हो गया पुलिस ने तस्करों पर जवाबी फायरिंग की जिससे हाफिज गंज थाना क्षेत्र के गांव महलबान निवासी पशु तस्कर मोहसिन पुत्र साबिर और उसके भाई राशिद गोली लगने से घायल हो गए पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान तस्करों के पास से पशु काटने के काम आने वाले औजार बरामद हुए।

## पिता-पुत्र समेत चार को मिली आजीवन कारावास की सजा

**संवाददाता।** सीतापुर

**जिले** के थाना रामकोट इलाके में करीब 12 साल पहले हुई एक हत्या के मामले में पूर्व प्रधान व पिता-पुत्र समेत चार लोगों को दोषी करार दिया गया है। सत्र न्यायाधीश से फैसला सुनाते हुए आजीवन कारावास की सजा दी है। हत्या 12 साल पहले सीतापुर के रामकोट इलाके में हुई थी, जिसमें चुनाव में वोट न देने को लेकर गुस्साए लोगों ने घर में घुसकर लाइसेंसी बंदूक से वारदात को अंजाम दिया था। कोर्ट ने चारों को सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, सीतापुर के रामकोट इलाके के कचनार निवासी वादी मुकदमा इश्तियाक अली का चुनाव में वोट न देने को लेकर कुछ लोगों से रंजिश चल रही थी। आरोप लगाया था कि वह लोग कई बार धमकी भी दे चुके हैं। 28 मार्च 2011 को सुबह के वक्त असलहों से लैस होकर उनके घर में विपक्षी दाखिल हो गए। घर में घुसते ही लाइसेंसी बंदूक से साबित ने उस पर फायर किया, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। आरोप लगाया कि दूसरा फायर सद्दाम हुसैन ने अवैध असलहे से किया। वह इस बार भी बच गया, लेकिन इस बार गोली का निशाना उसकी भाभी सायरा बानो बनीं। अस्पताल ले जाते समय सायरा की रास्ते में मौत हो गई। वादी मुकदमा इश्तियाक की तहरीर पर रामकोट पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में आरोप पत्र न्यायालय में सौंपा। मामला न्यायालय सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में चल रहा था। कोर्ट ने इस मामले में कई बार सुनवाई की और गवाहों की दलीलों को सुना। 16 फरवरी को सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार ने इस मामले में हनीफ इरफान, साबित, सद्दाम, को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उम्रकैद की सजा पाए हनीफ और इरफान पता-पुत्र हैं। जिन्हें दोषी करार दिया गया है।

## डीएम ने परीक्षा केंद्रों व कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**जिला** प्रशासन की व्यापक तैयारियों के साथ माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 2023 जनपद के 129 केंद्रों पर गुरुवार को प्रारंभ हो गई। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र में स्थित परीक्षा केंद्रों राजकीय इंटर कॉलेज व डा. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज में संचालित परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भ्रमण कर उन्होंने कक्षवार व्यवस्थाएं देखीं। डीएम ने राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि शासन द्वारा जारी निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कैमरे निरंतर संचालित तथा जनपद एवं राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से निरंतर कनेक्ट रहे। जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम के प्रभारी श्री अनिल कुमार एवं सहायक प्रभारी श्री रामभजन को कड़े निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों के कैमरे कंट्रोल रूम से कनेक्ट रहें यह सुनिश्चित किया जाए। कनेक्टिविटी में बाधा आने पर तत्काल संबंधित परीक्षा केंद्र पर तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के संज्ञान में लाते हुए तत्काल प्रभाव से कैमरों का संचालन ठीक कराया जाए। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। कहा कि राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम में नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं है। जिलाधिकारी सिंह ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि वह नियमानुसार संपूर्ण प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 का अनुपालन शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराएं तथा परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर घटित होने वाली सूक्ष्म विपरीत घटना की सूचना से जनपदीय कंट्रोल रूम में तत्काल अवगत कराएं।

## क्विक न्यूज

### पेड़ पर लटका मिला किसान का शव

**बरेली।** खेत पर गए एक किसान का शव आज सुबह पास के ही एक खेत में पेड़ पर लटका पाया गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव सिरौली निवासी 50 वर्षीय मूल चंद्र मौर्य पुत्र जीसुख मौर्य की लाश आज सुबह उसके गांव के पास की सरदार चौधरी के गन्ने के खेत में लगे नीम के पेड़ से बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मूलचंद्र कल दोपहर में अपने खेत पर जाने के लिए घर से निकला था शाम तक घर वालों ने उसके वापस लौटे का इंतजार किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला सुबह होने पर पास के खेत में गन्ना काटने गए गांव के ही मनोज ने उसकी लाश को नीम पर लटके देखा और उसके घर वालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक 5 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम सुमन है ।

### संविदा कर्मचारियों की हड़ताल

**शाहजहांपुर।** विद्युत संविदा मजदूर संगठन की ओर से संविदा कर्मचारियों का कई दिन से लगातार अधीक्षण अभियंता कार्यालय में धरना प्रदर्शन चल रहा है। जिसकी सुध लेने सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष तनवीर खां धरना स्थल पहुंचे जहां उन्होंने आंदोलनकारियों का समर्थन करते हुए उनके साथ खड़े होने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कर्मचारियों का 3 माह का बकाया वेतन ना देना एवं 10 माह का ईपीएफना देना एवं मृतक संविदा कर्मचारी के आश्रित को भी पैसा व पेंशन भाजपा सरकार द्वारा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचकर अभियंता से वार्ता कर समस्याओं के समाधान के लिए जोरदार मांग की।

### डीएम ने धरनास्थल पर जाकर प्रदर्शनकारियों से वार्ता की

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह के निर्देशानुसार नगर मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह ने रौसर कोठी शराब फैक्ट्री के मुख्य गेट पर चल रहे धरना स्थल पर जा कर वार्ता की। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि सबंधित संगठनों द्वारा शांतिपूर्वक धरना किया जा रहा है तथा बातचीत के माध्यम से हल निकालने का प्रयास भी किया जा रहा है। उन्होने बताया कि आगामी 21 फरवरी को सहायक श्रमायुक्त शाहजहाँपुर के कार्यालय में सभी पक्षो द्वारा वार्ता की जायेगी। नगर मजिस्ट्रेट आश्वस्त करते हुये कहा कि प्रशासन स्तर पर नियमानुसार पूरी मदद की जायेगी एवं बातचीत के माध्यम से समस्या का हल भी निकालने का प्रयास भी किया जाएगा। इस दौरान जिला आवकारी अधिकारी प्रदीप दूबे, प्रभारी निरीक्षक आरसी मिशन अरविन्द चौहान सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जंगल में लकड़ी बीनने गयी किशोरी बनी बाघ का निवाला

**मैलानी खीरी।** मिली जानकारी के मुताबिक मैलानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव कोरियानी निवासी पार्वती पुत्री जयकरन उम्र लगभग 18वर्षीय अपने चाचा महादेव और ग्रामीणो के साथ सेन्चुरी जंगल मे लकडी दोपहर लगभग दो बजे गयी थी बीनने निकली थी दमहा पुलिया के पास जंगल मे बाघ ने पार्वती पर हमला कर मार डाला मृतका के चाचा महादेव समाचार लिखे जाने तक दहशत मे बेहोश थे साथ मे गयी राम सहाय की लडकी उम्र 17 को भी बुखार आ गया घटना की सूचना पाकर काफी ग्रामीण पार्वती के घर पहुंच गये घटना सूचना वन विभाग की टीम को दी गई सूचना पाकर वन विभाग की टीम भी पहुंची घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था मृतका के पिता जयकरन व भाई कुलदीप मेहनत मजदूरी करके घर का पालन पोषण करते है घटना के बाद गाव मे गमगीन माहौल बना हुआ है मृतका चार बहिनें व एक भाई व एक भाई है मृतका भाई कुलदीप से छोटी थी तथा मृतका से तीन बहिनें और छोटी है ।

### संदना में बुजुर्ग ने गोली मारकर की आत्महत्या

**सीतापुर।** जिले के संदना इलाके में एक बुजुर्ग ने गोली मारकर खुदकुशी कर ली है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। लाइसेंसी बंदूक से घटना को अंजाम दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। संदना इलाके के गांव मिश्रापुर निवासी मुन्नालाल ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार ली, इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की असल वजह का पता नहीं चल सका है, लेकिन चर्चाएं हैं कि वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे, उसी से तंग आकर जान दे दी। बताया ये भी जा रहा है कि उनकी पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। परिजनों के अनुसार, रात में गांव में बारात आई थी। इसलिए बैंड बाजा, डीजे की आवाज की वजह से फायर होने की किसी को भनक नहीं लग सकी। सुबह होने पर परिवार को जानकारी हो सकी। घटना की सूचना पाकर पुलिस, फिंगर प्रिंट की टीम के साथ मौके पर पहुंची और जांच की। देर शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के सिर से 16 छर्रे पाए गए हैं। सिर में गोली मारकर जान देने की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई है। एसओ संदना का कहना है कि बुजुर्ग ने खुदकुशी कर ली है।

### ट्रक की टक्कर से लकड़ी ठेकेदार की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार लकड़ी ठेकेदार और उसके चचेरे भाई को ट्रक ने टक्कर मार दी ठेकेदार की मौके पर ही मौत हो गई चचेरा भाई घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पंढरी निवासी लकड़ी ठेकेदार चंद्रपाल की आज सुबह बरेली और शीशगढ़ के बीच हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि उसका चचेरा भाई टीकाराम घायल हो गया जिला अस्पताल में मौजूद टीकाराम के परिजनों ने बताया कि चंद्रपाल लकड़ी का ठेकेदार था और आज सुबह काम के सिलसिले में बहेड़ी जाने के लिए टीकाराम के साथ घर से निकला था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद शीशगढ़ के पास ही तेजी से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे टीकाराम गंभीर रूप से घायल हो गया और चंद्रपाल की मौके पर ही मौत हो गई ।

### परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की दुर्घटना में मौत, दो घायल

**बरेली।** परीक्षा देकर घर लौट रहे छात्र कि रास्ते में ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि उसके 2 साथी गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाली बस में तोड़फोड़ कर दी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दो। शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अंबरपुर के पास आज दोपहर हुई सड़क दुर्घटना में शेरगढ़ के गांव अंबरपुर निवासी हाई स्कूल के छात्र चंद्रपाल की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि चंद्रपाल अपने साथी अंबरपुर निवासी पुष्पेंद्र और तहसील के साथ आज सुबह हाई स्कूल की परीक्षा देने के लिए गया था। परीक्षा संपन्न होने के बाद चंद्रपाल के घर पहुंचे थे जहां से चंद्रपाल अपने भाई की मोटरसाइकिल से पुष्पेंद्र और तहसील को उनके घरों को छोड़ने के लिए जा रहा था लेकिन उनके ही गांव के पास तेजी से आ रही एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों बाइक सवार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के समय मौके पर मौजूद लोगों ने टक्कर मारने वाली बस का पीछा किया और रोक लिया तब बस का चालक खुद को बचाने के लिए खेतों में भाग निकला लोगों ने उसका पीछा करके पकड़ लिया और पिटाई करने के बाद बस में भी तोड़फोड़ की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसने चंद्रपाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा घायल पुष्पेंद्र और तहसील को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक के विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दी है।

## डीएम ने बैंकों से संचालित योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स की जिला स्तरीय सलाहकार समिति, डीसीसी/डीएलआरसी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने बैंकों के माध्यम से संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं की समीक्षा की एवं निर्देश दिए कि बैंकों के जरिए शासन द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्रों को समय से लाभान्वित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि लंबित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराया जाए। डीएम ने बताया कि शासन निवेश एवं नये उद्योगो की स्थापना हेतु अत्यंत गंभीर है, इसलिये निवेश एवं उद्योगो से सम्बन्धित प्रकरणों को पात्रता के आधार पर निस्तारित कराया जाना सुनिश्चित करें। डीएम ने अस्वीकृत किये गये आवेदन पत्रों की समिति से जांच कराये जाने के निर्देश दिये। विभिन्न योजनाओं में खराब प्रदर्शन करने पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक कैनरा बैंक एवं एचडीएफसी बैंक के विरूद्ध नोटिस जारी करते हुये उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के निर्देश दिये। बैठक में एसबीआई के प्रतिनिधि द्वारा बिना सूचनाओं के उपस्थित होने पर डीएम ने कड़ी फटकार लगाते हुये अगली बैठक में डेटा सहित उपस्थित होने के निर्देश दिये। एचडीएफसी बैंक के अधिकारियों के अनुपस्थित होने पर डीएम ने राज्य स्तर पर पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीडी अनुपात बढ़ाए जाने के निर्देश दिये तथा स्वीकृ ऋण को तत्काल वितरित कराये जाने के निर्देश भी दिये। आईओबी द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्षपूर्ण ऋण स्वीकृत किये जाने पर जिलाधिकारी ने प्रशंसा की। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत सीसीएल की स्वीकृति प्राथमिकता के आधार पर किये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि यह योजना महिला सशक्तीकरण के लिये एक महत्वपूर्ण योजना है ।

## दबंगों ने किसान के घर पर की फायरिंग

**बरेली** । रात के समय दबंगों ने एक किसान के घर के बाहर फायरिंग की और सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया फायरिंग में एक महिला बाल बाल बच गई। पुलिस ने घटना की शिकायत दर्ज होने पर दबंगों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी। हाफिजगंज थाना क्षेत्र के रिठौरा स्थित साहूकारा में बीती रात तेजपाल के मकान के बाहर वहीं के रहने वाले आलोक गंगवार ने अपने चार साथियों के साथ में मिलकर फायरिंग की और घर के बाहर लगा सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया। फायरिंग के दौरान घर में मौजूद एक महिला बाल बाल बच गई तेजपाल की पत्नी नीलम ने बताया कि उसके घर में 8 महीने से उसकी एक रिश्तेदार दुर्गा देवी कह रही है और उनका पोता आलोक गंगबार उनकी हत्या करके संपत्ति पर कब्जा करना चाहता है। घटना की शिकायत दर्ज होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तब पुलिस ने घर के बाहर 4 खोखे बरामद किए।

## बच्चों को तंबाकू उत्पादों के सेवन से बचाना जरूरी: डॉ अनिल गुप्ता

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**देश** के भविष्य नन्हें-मुन्ने बच्चों को तंबाकू से बने उत्पादों के सेवन से बचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग और जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत सीएमएस इंटर कॉलेज लखीमपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस कैंप में बच्चों को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान और बीमारियों के बारे में बताया गया। एसीएमओ ने इस दौरान अपने संबोधन में बच्चों को तंबाकू से होने वाले नुकसान और बीमारियों से अवगत कराते हुए बताया कि तंबाकू में मौजूद 4000 से अधिक जहरीले तत्व तमाम बीमारियों का कारण बनते हैं। जिनमें दांतों में सड़न, मोतियाबिंद, बालों का झड़ना, फेफड़ों में कैंसर, दिल की बीमारी, पेट का अल्सर, बेरंग उंगलियां, विकृत शुक्राणु और गैंग्रीन जैसी बीमारियां शामिल हैं। युवाओं में भी तंबाकू पदार्थों के सेवन की लत बढ़ रही है। ऐसे में उन्हें तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जानना बेहद जरूरी है। जिससे वह इससे दूर रह सके। तंबाकू का सेवन बीमारियों के साथ-साथ बच्चों के भविष्य को भी गर्त में धकेलता है। ऐसे में शासन द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम जिले भर के अलग-अलग स्कूलों में जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं।

## बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली।** शाम के समय छत पर बने कमरे मे गए एक वृद्ध व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली देर रात उस का शव फांसी पर लटका पाया गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। प्रेम नगर थाना क्षेत्र के छावनी असरफखा निवासी 75 वर्षीय सद्दीक हसन का शव बीती रात उसके मकान की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे मे छत के कुंडे से बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटका पाया गया मृतक के घर वालों ने बताया कि सद्दीक हसन शाम को खाना खाने के बाद मकान की छत पर गए थे लेकिन वहां से वापस नहीं लौटे घरवालों ने समझा कि वह कमरे में सो रहे होंगे लेकिन देर रात लगभग 12रू00 बजे जब घर के लोग कमरे में पहुंचे तो उसके शव को फांसी पर लटके देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।

## पेज एक का शेष

### त्रिपुरा विधानसभा...

उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए केंद्रीय बलों और राज्य सशस्त्र पुलिस की 400 से अधिक कंपनियों को राज्य में तैनात किया गया था। कुल मिलाकर 28.13 लाख मतदाता 259 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इन मतदाताओं में 13.53 लाख महिलाएं और 65,000 नए मतदाता हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) त्रिपुरा की 60 सीटों में से सबसे अधिक 55 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि उसकी सहयोगी इंडीजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) ने छह सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। वाम मोर्चा 47 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। राज्य में पहली बार वाम दलों के साथ गठबंधन करने वाली कांग्रेस ने 13 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। क्षेत्रीय तिपरा मोथा बिना किसी सहयोगी के 42 सीटों पर चुनाव मैदान में है। कुल 58 निर्दलीय भी मैदान में हैं। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने बारडोवली टाउन निर्वाचन क्षेत्र से उपचुनाव जीता था। वह इसी सीट से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि माकपा के प्रदेश सचिव जितेंद्र चौधरी सबरूम विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। चौधरी वाम-कांग्रेस गठबंधन का चेहरा भी हैं। उल्लेखनीय है कि टिपरा मोथा प्रमुख प्रद्योत किशोर देबबर्मा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वह त्रिपुरा ट्राइबल एरियाज ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल (टीटीएएडीसी) के सदस्य हैं।

### पूर्वोत्तर के...

गई है जो पिछले 2018 के चुनाव में जब्त 7.24 करोड़ रुपए से 20 गुना अधिक है। आयोग ने बताया कि बड़ी कार्रवाई में धलाई जिले में 10.58 करोड़ कीमत की 3.52 किलो हेरोइन की जब्ती, मेघायल के ईस्ट खासी हिल्स जिले में 2.447 किलोग्राम हेरोइन और नगालैंड के चुमोयूकेडिमा जिले में राजस्व आसूचना निदेशालय द्वारा 2.27 किलोग्राम हेरोइन की जब्ती शामिल है। बयान के मुताबिक त्रिपुरा के सिपाहीझाला में 9.27 करोड़ की गांजा की फसल नष्ट की गई। पश्चिमी त्रिपुरा जिले में 3.75 करोड़ रुपए के गांजा को नष्ट किया गया जबकि उत्तरी त्रिपुरा में 529 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया जिसकी कीमत 1.10 करोड़ रुपए है।

### जल सुरक्षा ...

को देव की संज्ञा देते हैं, नदियों को मां मानते हैं। मोदी ने कहा, हमें देशवासियों में जल संरक्षण के मूल्यों के प्रति फिर से वैसी ही आस्था पैदा करनी होगी। हमें हर उस विकृति को भी दूर करना होगा जो जल प्रदूषण का कारण बनती है। मोदी ने कहा, जल प्रदूषण की तरह ही गिरता भूजल स्तर पर भी देश के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। इसके लिए देश ने कैच द रेन आंदोलन शुरू किया है जो अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश की हजारों ग्राम पंचायतों में अटल भूजल योजना के जरिए भी जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने देश के हर जिले में 75 अमृत सरोवर के निर्माण के अभियान को जल संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने श्री अन्न योजना का जिक्र करते हुए कहा कि मोटे अनाजों में पोषण भी भरपूर होता है और उनकी खेती में पानी भी कम लगता है इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग अपने भोजन में मोटे अनाजों को शामिल करें। कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद थे।

### सेल्फी से...

यादव कार को ओशिवारा थाने ले गए। आठ आरोपी भी उनके पीछे वहां पहुंच गए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि महिला आरोपी ने बहस शुरू कर दी और यादव को मामले को निपटाने के लिए 50,000 रुपए देने के लिए कहा और धमकी दी कि ऐसा नहीं किए जाने पर वह उनके खिलाफ पुलिस में झूठी शिकायत दर्ज कराएगी। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद यादव ने आरोपियों के खिलाफ एक शिकायत दी और उनकी शिकायत के आधार पर, ओशिवारा पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 143, 148, 384, 506 और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

## इटली के प्रतिनिधिमंडल ने किया मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सेन्टर का निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** जी20 समिट में आये इटली के प्रतिनिधि मंडल द्वारा नगर निगम टीम के साथ नगर क्षेत्र के ककरा स्थित मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सेन्टर का निरीक्षण किया। कचरे के ठोस अपशिष्ट प्रबधंन के क्षेत्र में नगर आयुक्त की अध्यक्षता में नगर निगम परिसर में इटली के प्रतिनिधि मंडल के साथ की गई बैठक। नगर क्षेत्र को कचरा मुक्त किये जाने की दिशा में नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा ने अथक प्रयास किये जा रहें है। जिससे नगर निगम शाहजहॉपुर को एक सुन्दर व स्वच्छ नगर के रुप में विकसित किया जा सकें। इसी क्रम में जी 20 समिट के सम्बन्ध में इटली से आये फर्म के प्रतिनिधि मंडल द्वारा नगर क्षेत्र में कचरे के ठोस अपषिश्ट प्रबंधन की दिषा में अपनी रुचि दिखाते हुये नगर निगम टीम के साथ ककरा में स्थित नगर निगम द्वारा संचालित मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सेन्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय फर्म के प्रतिनिधि मंडल द्वारा एम.आर.एफ सेन्टर में सूखे कचरे की छटांई व रिसाईकिलिंग करने की विधि को देखा गया। साथ ही सेन्टर पर ट्रामल मषीन द्वारा सिटी कम्पोस्ट बनाने की विधि को भी देखा गया। इसके उपरान्त कचरे के ठोस अपषिश्ट प्रबधंन हेतु नगर आयुक्त की अध्यक्षता में इटली के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक की गई। बैठक में फर्म द्वारा नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ व सुन्दर नगर बनाने की दिषा में कचरे के ठोस अपषिश्ट प्रबधंन के कार्य में अपनी रुचि दिखाते हुये नगर निगम क्षेत्र में बायो सी.एन.जी. प्लांट स्थापित किये जाने के लिये इन्वेस्टमेंट करने की इच्छा व्यक्त की गई।

जिस पर नगर आयुक्त ने नगर निगम द्वारा इटली की फर्म के प्रतिनिधि मंडल का इस कार्य के लिये आभार व्यक्त किया। नगर निगम टीम की ओर से भरसक सहयोग करने के लिये आष्वस्त किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली , शुक्रवार, 17 फरवरी 2023



# सरकार की योजनाओं से पात्रों को करें लाभान्वितः साध्वी



● दिशा की बैठक में विभागों की हुई समीक्षा दिये दिशा-निर्देश

संवाददाता। फतेहपुर

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति की अध्यक्षता एवं समिति के सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, विधायक बिन्दकी जय कुमार सिंह जैकी, विधायक खागा कृष्णा पासवान, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह, विधायक सदर चंद्रप्रकाश लोधी, विधायक हुसेनगंज ऊषा मौर्या की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि दिशा की बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा जो समस्याएं उठायी जाती है उसका निराकरण संबंधित अधिकारी 15 दिन के अंदर निस्तारण कराते हुए सूचना भेजें। बैठक की बुकलेट एक सप्ताह पूर्व भिजवना सुनिश्चित करें। ताकि सदस्यों द्वारा अध्ययन करने के उपरांत बैठक में अपने विचार बिन्दु रखे। उन्होंने एकीकृत विद्युत विकास योजना, राष्ट्रीय पेय जल योजना, राजस्व अभिलेखों का कंप्यूटरीकरण (आधुनिकीकरण), डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड आधुनिकीकरण, सर्वशिक्षा अभियान, मध्यान्ह भोजन, अनुपूरक पुष्टाहार, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम, राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, परम्परागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कौशल योजना, ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार, सुगम भारत अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि योजनाओ की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास के लिए जिला निगरानी समिति का गठन किया गया है। जिसमे जनप्रतिनिधियों के सुझाव व प्रशासनिक अधिकारियों की सकारात्मक पहल से जनपद का विकास लगातार किया जा रहा है। बैठक मे सार्थक परिणाम निकल रहा है।

जनपद आकांक्षी जनपदों में पांचवे पायदान पर है। जिससे नीति आयोग द्वारा प्रोत्साहन राशि देकर जनपद के विकास में सहयोग किया जा रहा है। विकास के लिए हम सबका एक ही ध्येय है कि हम सब मिलकर जनपद के विकास का एक नया आयाम स्थापित करें। उन्होंने कहा कि जनपद के दो रेलवे स्टेशन खागा, फतेहपुर के विकास के लिए सम्मिलित किया गया है। शादीपुर नाका में रेलवे ब्रिज के निर्माण के लिए प्रशासनिक अधिकारी रेलवे के अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए ओवरब्रिज का निर्माण जल्द कराये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझाव व दिशा निर्देशों का नियमानुसार पालन सुनिश्चित कराया जायेगा।

## परिवहन विभाग ने पकड़े पांच ओवरलोड मौरंग भरे ट्रक

**जालौन,** उरई। ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस व परिवहन विभाग की टीम ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जा रहे 5 ओवरलोड बालू के ट्रकों को पकड़ा गया। ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसके बाद भी ओवरलोडिंग थम नहीं रही है। ओवरलोड ट्रकों के परिवहन से एक ओर जहां सड़क की गुणवत्ता पर असर पड़ता है वहीं राजस्व की भी चोरी की जाती है। बुधवार की देर रात एसडीएम सना अख्तर के नेतृत्व में सीओ उमेश पांडेय एआरटीओ उमेश पांडेय की टीम ने बुंदेलखड एक्सप्रेस वे पर ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान ओवरलोड मौरंग लादकर आ रहे पांच ट्रकों को पकड़ा गया। वहीं, ओवरलोडिंग विरोधीअभियान की भनक लगते ही अन्य ट्रक जहां के तहां खड़े हो गए। एसडीएम सना अख्तर ने बताया कि ओवरलोडिंग किसी भी हालत में नहीं होने दी जाएगी।

# शिवरात्रि पर शिवभक्त करेंगे सृष्टि के प्रथम शिवलिंग का पूजन

संवाददाता। चित्रकूट

**धर्म** नगरी चित्रकूट में मन्दाकिनी नदी के रामघाट तट पर स्थित सृष्टि के प्रथम शिवलिंग स्वामी मत्यगेंद्रनाथ के जलाभिषेक और पूजन के लिए शिवरात्रि पर देश भर से लाखों श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगेगा। वहीं महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर और जिला प्रशासन ने अभी से व्यवस्थाओं को चुस्त दुरूस्त करना शुरू कर दिया है। भगवान श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट में मन्दाकिनी नदी के रामघाट तट स्थित स्वामी मत्यगेंद्रनाथ (भगवान शिव) मन्दिर का प्राचीन और गौरवशाली इतिहास है। मंदिर के पुजारी विपिन बिहारी तिवारी इस प्राचीन शिव मंदिर की महिमा का बखान करते हुए कहते हैं कि मान्यता है कि इस मंदिर में विराजमान चार शिवलिंग में से एक शिवलिंग भगवान ब्रम्हा और एक भगवान श्री राम ने स्थापित की थी। ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना के लिए रामघाट स्थित यज्ञवेदी अखाड़ा में यज्ञ किया था। 108 कुंडीय यज्ञ से मदमस्त हाथी की तरह झूमता हुआ एक शिवलिंग प्रकट हुआ था, जिसकी स्थापना भगवान ब्रम्हा ने मत्यगेंद्रनाथ के रूप में रामघाट में की थी और उनको चित्रकूट का क्षेत्रपाल नियुक्त किया था। इसीलिए जब भगवान श्री राम यहां पर वनवास काटने आए तो उन्होंने चित्रकूट निवास के लिए स्वामी मत्यगेंद्रनाथ से आज्ञा ली थी। इसके बाद श्रीराम ने खुद उस शिवलिंग के बगल में एक शिवलिंग की स्थापना की थी। ऐसी मान्यता है कि चित्रकूट आने पर यदि किसी ने मत्यगेंद्रनाथ के दर्शन नहीं किए तो उसको कामतानाथ के दर्शन और कामदगिरि की परिक्रमा का पूर्ण लाभ नहीं मिलता है। बताया कि महाशिवरात्रि पर रामघाट स्थित राजाधिराज मत्यगेंद्रनाथ स्वामी मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रहती है। भोलेनाथ की भव्य बारात निकलने के साथ-साथ चार प्रहर की महाआरती के साथ साथ रातभर पूजन अनुष्ठान का दौर चलता है। इसके बाद शाम को बजे गाजे बाजे के साथ धूमधाम से राजाधिराज की बारात रामघाट मंदिर से निकली जाती है। वहीं रातभर मंदिर में पूजन अनुष्ठान का दौर चलता है।



प्राचीन शिवलिंग का पूजन करते प्रधान पुजारी

वहीं जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार 18फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। चित्रकूट में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावनाओं के मददेनजर मंदाकिनी के रामघाट तट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

# जिला अस्पताल में होगी सर्जन की नियुक्ति



संवाददाता। हमीरपुर

**चित्रकूट** धाम मंडल बांदा के अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ.वीपी दिवेदी ने जिला अस्पताल व महिला अस्पताल का निरीक्षण कर जिला महिला और पुरुष अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अस्पतालों की प्रशंसा करते हुये कहा कि शीघ्र ही मुस्करा सीएचसी से जनरल सर्जन व हड्डी रोग विशेषज्ञ को नियुक्त किया जायेगा। एडी बादां से आकर सीएमओ कार्यालय पहुंचे यहां कर्मचारियों की उपस्थिति देखी। कुछ देर सीएमओ डॉ.रामअवतार सिंह से वार्ता करने के बाद वह जिला महिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने सीधे वार्ड का रुख किया। प्रसूताओं और तीमारदारों से अस्पताल का फीडबैक लिया। व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलने पर संतोष जाहिर किया। इस दौरान सीएमएस डॉ.फौजिया अंजुम नोमानी भी मौजूद रही। महिला अस्पताल के बाद अपर निदेशक ने जिला पुरुष अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया। यहां एक मरीज हाकिम सिंह निवासी भरुआ सुमेरपुर से बातचीत की। पेशाब न उतरने की वजह से हाकिम सिंह को यहां भर्ती कराया गया था। उसने बताया कि आज सुबह आया था। अब स्थिति ठीक है। इसके बाद अपर निदेशक ने सीएमएस डॉ.विनय प्रकाश के साथ डॉक्टरों की बैठक की और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि मुस्करा सीएचसी में नियुक्त सर्जन को जिला अस्पताल में नियुक्त किया जायेगा। जिला अस्पताल में भी जल्द ही एक जनरल सर्जन और हड्डी रोग विशेषज्ञ की तैनाती के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही इनकी तैनाती होगी ताकि मरीजों को राहत मिले।

## निखत अंसारी और उसके ड्राइवर नियाज की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर

**चित्रकूट।** बीती 9 फरवरी की दोपहर को चित्रकूट जिले के डीएम, एसपी ने जेल में छापा डाल था। जिसमें मुख्तार की बहू निखत बानो को नियमों का उल्लंघन कर मोबाइल, नगदी और पति को जेल से भगाने की साजिश के आरोप में गिरफ्तार कर किया था। पुलिस ने जांच में निखत के चालक नियाज का आपराधिक इतिहास खंगाला दंग रह गई। गाजीपुर में उसके खिलाफबलवा और रिश्वत लेने के दो मामले दर्ज हैं। जिनकी जांच जारी है। वहीं गुरुवार को लखनऊ की एंटी करप्शन कोर्ट ने निखत अंसारी और उसके ड्राइवर नियाज की पुलिस कस्टडी रिमांड को मंजूरी दे दी है। आपको बता दे कि चित्रकूट में जिला जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी से मिलने आई उनकी पत्नी निखत बानो के वाहन चालक नियाज पर भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने जांच में निखत के चालक नियाज का आपराधिक इतिहास खंगाला दंग रह गई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गाजीपुर में उसके खिलाफ बलवा और रिश्वत लेने के दो मामले दर्ज हैं। चित्रकूट। बीती 9 फरवरी की दोपहर को चित्रकूट जिले के डीएम, एसपी ने जेल में छापा डाल था। जिसमें मुख्तार की बहू निखत बानो को नियमों का उल्लंघन कर मोबाइल, नगदी और पति को जेल से भगाने की साजिश के आरोप में गिरफ्तार कर किया था। पुलिस ने जांच में निखत के चालक नियाज का आपराधिक इतिहास खंगाला दंग रह गई। गाजीपुर में उसके खिलाफ बलवा और रिश्वत लेने के दो मामले दर्ज हैं। जिनकी जांच जारी है। वहीं गुरुवार को लखनऊ की एंटी करप्शन कोर्ट ने निखत अंसारी और उसके ड्राइवर नियाज की पुलिस कस्टडी रिमांड को मंजूरी दे दी है।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 118 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं प्रारम्भ

● केंद्रों के बाहर रहा खाकी का पहरा, राज्य मुख्यालय तक वेब कैमरे से होती रही निगहबानी

संवाददाता। फतेहपुर

**कड़ी** निगरानी के बीच गुरुवार को जनपद में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुई। बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल की प्रथम पाली सुबह आठ बजे से 11.15 बजे तक हिंदी विषय एवं इंटरमीडियट की प्रथम पाली में सैन्य विज्ञान एवं द्वितीय पाली दोपहर के दो बजे से शाम 5.15 बजे तक में हिंदी विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा के दौरान निगरानी के लिये केंद्रों के बाहर पुलिस बल की तैनाती रही। कड़ी तलाशी के बाद छात्र छात्राओं को प्रवेश पर चेक करने के बाद केंद्रों में प्रवेश दिया गया। नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के लिये केंद्रों के अंदर की निगरानी के लिये वेबकास्टिंग कैमरे एवं वायस रिकॉर्डर लगाये गये है।

जनपद के 118 केंद्रों यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा आयोजित की गयी। परीक्षा के दौरान कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करने की भी हिदायत है। दो पाली में आयोजित हो रही परीक्षा में हाईस्कूल में 39987 संस्थागत व 130 व्यक्तिगत एवं इंटर में 28663 संस्थागत व 2964 व्यक्तिगत छात्र-छात्रा परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा की शुचिता को देखते हुए सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के अलावा केंद्रों के बाहर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई। साथ ही परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाए जाने पर छात्र के विरुद्ध प्रदेश सरकार द्वारा एनएसए तक की कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

वहीं केंद्र व्यवस्थापकों एवं प्रबंधन तंत्र पर भी कार्रवाई तय की गई है। डीआईओएस राजेश कुमार शाही ने बताया कि जिले मे केंद्रों में 118 केंद्रों पर परीक्षार्थी हाईस्कूल व इंटर की छात्र-छात्रा परीक्षा दे रहे हैं। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिये विभाग व जिला प्रशासन द्वारा 40 परीक्षार्थियो पर एक दो कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई है। साथ ही निगरानी के लिये सचल दस्ता तैनात किया गया है। परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिये सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट लगाये गये है। केंद्रों में स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ आनलाइन कैमरा के माध्यम से जनपद मुख्यालय एवं राज्य मुख्यालय पर निगरानी की जा रही है। परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करने वालो पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## डीएम अभिषेक आनंद ने लिया बोर्ड परीक्षाओं का जायज़ा

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के संचालन का चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी, जे पी इंटर कॉलेज कर्वी एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित सीसीटीवी रिकॉर्ड रूम, जनपदीय स्ट्रांग रूम मॉनिटरिंग सेल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चित्रकूट इंटर कॉलेज के कक्ष संख्या 21 व 22 में संचालित परीक्षा की व्यवस्था का जायजा लिया तथा केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान से उन कक्षाओं की जानकारी ली जिनमें परीक्षा संचालित की जा रही है। जिसमें प्रधानाचार्य ने बताया कि 25 कक्षाओं पर परीक्षा संचालित हो रही है। इसके बाद जिलाधिकारी ने जे पी इंटर कॉलेज कर्वी के निरीक्षण के दौरान कक्ष संख्या एक व दो का निरीक्षण किया, जहां पर केंद्र व्यवस्थापक रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि 10 कक्षाओं पर परीक्षा संचालित की जा रही है। राजकीय हाईस्कूल मडैयन में निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक भैरव प्रसाद को प्रॉपर ड्रेस कोड, आई कार्ड न होने एवं गुटखा खाए पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि तत्काल प्रभाव से प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में जिन अध्यापकों, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी लगाई गई है, उन सभी के पास आई कार्ड अवश्य होना चाहिए।

# झोला छाप डॉक्टर से इलाज के दौरान लड़की की हुई मौत, डॉक्टर पर आरोप



**कायमगंज**, फर्रुखाबाद। बेटी की दुखद मौत का मामला थाना क्षेत्र कंपिल के गांव बिल्हा का बताया जा रहा है। यहां झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से किशोरी की मौत हो गई। परिजन उसे लेकर कायमगंज सीएचसी पहुंचे थे। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर अमरेश कुमार ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। किशोरी के शव को परिजन अपने गांव ले गए। थाना कंपिल क्षेत्र के ग्राम बिल्हा निवासी धर्मेंद्र सिंह चौहान पूर्व प्रधान की 14 वर्षीय पुत्री नेहा को काफी समय से बुखार आ रहा था। गांव से 2 किलोमीटर दूर स्थित गांव चांदपुर कच्छ में परिजन डॉक्टर बृजेश के यहां उसका इलाज करा रहे थे। आज उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन पुनः उसे लेकर झोलाछाप चिकित्सक के यहां पहुंचे और उसका इलाज कराया। चिकित्सक ने दवा देने के बाद उसकी कई घंटे बर्फ से सिकाई कर दी। सिकाई के बाद जब किशोरी की हालत बिगड़ी तो झोलाछाप डॉक्टर ने अपने हाथ खड़े करते हुए कायमगंज सरकारी अस्पताल के लिए उसे भेज दिया। बेचारे परिजन आनन.फानन में उसे लेकर कायमगंज के सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ अमरेश कुमार ने किशोरी को देखा और उसे मृत घोषित कर दिया। साथ आए परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन किशोरी के शव को लेकर अपने गांव वापस चले गए। अन्य परिजनों का कहना था इससे पूर्व भी इस चिकित्सक द्वारा गलत इलाज करने पर गांव कमलाईपुर में भी मौत हो चुकी है।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल, अस्पताल में भर्ती

**मौदहा,** हमीरपुर। क्षेत्र में हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक महिला सहित तीन घायल सभी घायलों को लहुलुहान हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया सभी का इलाज जारी है। बताते चलें कि क्षेत्र के गांव भैसता निवासी भैयालाल 70 पुत्र लल्लू बीती देर शाम किसी शादी समारोह में शामिल हो अपने गांव जा रहा था तभी मौदहा भैसता के बीच बाइक का संतुलन बिगड़ने जाने से सड़क पर गिर घायल हो गया ग्रामीणों की मदद से मौदहा की सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज जारी है वही नगर निवासी रेशमा बानो 30 पत्नी गुल मोहम्मद बीती शाम घर में कामकाज निपटा रही थी सभी सीढ़ियां चढ़ते समय पैर फिसल जाने से नीचे गिर कर घायल हो गए परिजनों की मदद से मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां इलाज जारी तीसरी घटना में सुनील 40 पुत्र रामकुमार इंगोहटा गांव निवासी आज सुबह तड़के मौदहा की ओर आ रहा था तभी मकरांव और मौदहा के बीच बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से सड़क पर गिर घायल हो गया जिसे राहगीरों की मदद से मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

### गांजा तस्करी के मामले में पति-पत्नी समेत चार को सजा

**चित्रकूट।** गांजा तस्करी के मामले में पकड़े गए पति-पत्नी समेत चार लोगों को न्यायालय ने सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनत कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 30 अगस्त 2022 को मानिकपुर जीआरपी थाना प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा अपनी टीम के साथ रेलवे स्टेशन मानिकपुर में सघन जांच कर रहे थे। इस दौरान तीन पुरूष और एक महिला जीआरपी टीम को देखकर भागने लगे। जिन्हें टीम ने दबोच लिया। पकड़े गए लोगों के बैग से बड़े पैमाने पर गांजा बरामद हुआ था। जिसमें हमीरपुर जिले के मौदहा थाने के नरायच गांव के निवासी महावीर वर्मा पुत्र राधे, मोनू कुमार पुत्र कल्लू व छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के कूरा गांव के निवासी बलविन्दर सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह और पिंकी कडरा पत्नी बलविन्दर के विरुद्ध मानिकपुर जीआरपी थाने में स्वापक औषधि एवं मनोत्तेजक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। बिचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को त्वरित न्यायालय के अपर जनपद न्यायाधीश सुशील कमार वर्मा ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोषसिद्ध होने पर आरोपी मोनू कुमार, महावीर वर्मा व बलविन्दर सिंह को पांच-पांच वर्ष कारावास एवं प्रत्येक को 50,000 रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई। इसके अलावा बलविन्दर की पत्नी पिंकी कडरा को तीन वर्ष कारावास एवं 3,000 रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

### महिला से दुष्कर्म की कोशिश, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**फतेहपुर।** बहन के साथ खेत गई महिला से दो लोगों ने दुष्कर्म का प्रयास किया। मामले में कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि 17 नवंबर 2022 की सुबह बहन के साथ खेत चारा काटने गई थी। पुरानी रंजिश के मानने वाले गांव के दिलीप और कुलदीप पहले से खेत पर मौजूद थे। गाली गलौज करते हुए उसे पकड़ लिया। दोनों अश्लील हरकत करने लगे। विरोध करने पर कपड़े फाड़कर दुष्कर्म का प्रयास किया। चीख पुकार सुनकर आसपास के खेत में मौजूद लोग आ गए। उन लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले है। कोतवाल एसबी सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### पुत्र होने का झांसा देकर जेवरात और नगदी ले गए टप्पेबाज

**फतेहपुर।** एक महिला को पुत्र होने का झांसा देकर टप्पेबाज घर से नकदी और जेवरात उड़ा ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गांव रेवाड़ी बुजुर्ग गांव निवासी उमेश कुमार की शादी आठ साल पहले ऊषा देवी के साथ हुई थी। शादी के बाद बच्चे नहीं हुए। उमेश के मां शकुंतला देवी ने बताया कि घर में दोपहर को दो युवक घर आए थे। घर में बहू को संतान न होने के पीछे टोना टोटका होना बताया। इसकी पूजा के बाद संतान प्राप्ति की बात कही। शकुंतला झांसे में आ गई। उसने युवकों से घर के आंगन में पूजा पाठ कराई। पूजा के दौरान नकदी, जेवरात भी युवकों ने रखवा लिए। सारा माल एक मटकी में रखवाकर आंगन में गड़वा दिया। इसके बाद सवा महीने में खोलने की बात कहकर चले गए। उनके जाने के बाद घर के अन्य लोग आए। उनको शकुंतला आपबीती बताई। तभी गड्ढा खोदकर मटकी निकाली गई। जेवरात नकदी गायब देखकर परिवार के होश उड़ गए। प्रभारी थानाध्यक्ष राजेंद्र यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

### डॉक्टर ओम प्रकाश गुप्ता के दो प्रतिष्ठानों पर ईडी का छापा

**फर्रुखाबाद।** शहर के मोहगा जोगराज स्थित ओम प्रकाश हॉस्पिटल पर पैरामिलिट्री के साथ पहुंची ईडी की टीम, ईडी की दूसरी टीम ने मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव सकवाई स्थित ओम प्रकाश गुप्ता इंस्टीट्यूट आफमैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी पर मारा छापा है। मिली जानकारी के अनुसार डॉक्टर ओम प्रकाश गुप्ता के सकवाई स्थित इंस्टीट्यूट व अस्पताल के गेट बंद कर अंदर पैरामिलिट्री फोर्स सुरक्षा है। किसी भी व्यक्ति को अंदर बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है। भारी संख्या में पैरामिलिट्री फोर्स अस्पताल इंस्टिट्यूट के अंदर मौजूद है। जांच प्रक्रिया चल रही है।

### रसोई गैस की अवैध रिफिलिंग करने के उपकरण बरामद

**कायमगंज,** फर्रुखाबाद। रसोई गैस की अवैध रूप से रिफिलिंग करने की सूचना मिलने पर कोतवाली कायमगंज मंडी चौकी प्रभारी के के कश्यप ने छापा मारकर कायमगंज कंपिल बाईपास मार्ग पर स्थित बलराम कबाड़ी की दुकान के सामने घरेलू गैस की अवैध रिफलिंग करते हुए 2 लोगों को देखा , उनसे पूछताछ करने पर पता चला कि रिफलिंग करने वाला पहला व्यक्ति सत्येंद्र सिंह पुत्र ओम सिंह तथा दूसरा दीपक पुत्र रामदास दोनों निवासी प्रेम नगर मजरा घसिया चिलौली के हैं। यह सुनिश्चित हो जाने पर की वो यह काम अवैध रूप से कर रहे हैं। पुलिस बल ने उनके पास से एक नियो मार्का स्प्रे पंप जिसमें तीन रंग के अलग.अलग पाइप तथा 3 मीटर का इलेक्ट्रॉनिक तार लगा हुआ था, पाइपों में नोजल फिट थे, 2 घरेलू गैस सिलेंडर इंडियन कंपनी वाले, इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटा आदि सामान बरामद कर लिया। सामान बरामदगी के बाद इसकी सूचना क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शरद चंद दुबे को दी गई तथा सभी बरामद सामान जिसकी कीमत 7000 बताई जा रही है।

### घर घर जाकर बिजली बिल न निकालने पर निदेशक पर मुकदमा

**फतेहपुर।** उपभोक्ताओं को बिजली के बिल न बांटने और गलत बिल निकालने के मामले में अधिशाषी अभियंता खागा और बिंदकी ने फर्म के प्रबंध निदेशक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। खागा और बिंदकी कोतवाली पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। खागा और बिंदकी क्षेत्र में बिजली बिलिंग का अनुबंध आंध्र प्रदेश की कंपनी मे. स्टलिंग टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेज के साथ हुआ था। जिसमे पांच प्रतिशत उपभोक्ताओं की दैनिक बिलिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन फर्म के कर्मचारी डोर टू डोर न जाकर टेबल बिलिंग कर रहे थे। जिससे आरडीएफडीएफ, एनआर एवं सीडीएफके बिल निकल रहे थे। जिस कारण प्रत्येक माह विभाग को करोड़ो के राजस्व का नुकसान हो रहा है। मीटर रीडरों ने कई ग्राम सभाओं में एक भी बिजली के बिल वितरित नहीं किये।

# डीएम ने सामुदायिक पोषण वाटिका लाभार्थियों से किया संवाद

● बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए तत्काल निवारक कैम्प आयोजित करने के दिए निर्देश।



रामपुरा। जालौन

**जिलाधिकारी** चांदनी सिंह ने रामपुरा विकासखण्ड के ग्राम कंजोसा में सामुदायिक पोषण वाटिका के लाभार्थियों के साथ संवाद का आयोजन किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में संवेदनशीलता की बहुत ज्यादा आवश्यकता है, पिछले 3 सालों से इलाके में लगातार बाढ़ आ रही है किसान केवल एक ही फसल ले पा रहे हैं। इसलिए अभी तत्काल आवश्यकता है कि इस क्षेत्र के लिए अलग रणनीति बनाकर कार्य किए जाएं। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, नायब तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि इस ग्राम पंचायत में कैंप लगाकर केंद्र सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाकर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने पोषण वाटिका से जुड़ी महिलाओं के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास को पूरे जनपद में फैलाने की आवश्यकता है। अब आवश्यकता है कि जैविक रूप से पैदा होने वाली इन सब्जियों को मिड-डे मील, आंगनबाड़ी एवं अन्य जगह आपूर्ति की जाये जहरमुक्त उत्पाद स्वास्थ्य के लिए जहां एक तरफबेहतर है वही जलवायु परितर्वन के प्रभाव को रोकने में भी सहायक है। शीघ्र ही उन्होंने ग्राम सभा की भूमि में सामुदायिक पोषण वाटिका स्थापित करने के लिए संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिये और बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए तत्काल वहां समस्या निवारक कैम्प आयोजित करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आप जैविक खाद से सब्जियों फूल आदि का उत्पादन करते हैं आने वाले दिनों में इसके महत्व को समझकर सभी लोग जैविक खाद से होने वाली सब्जियों का ही सेवन करेंगे। उन्होंने कहा कि जनपद में ही नहीं अन्य जनपदों में भी आप को पहचान दिलाने का कार्य किया जाएगा और जैविक फसलों को बढ़ावा भी दिया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सामुदायिक पोषण वाटिका कार्यक्रम सराहनीय प्रयास है। इसको बढ़ावा देने के लिए आजीविका मिशन से सहायता प्रदान की जायेगी।

# आरेडिका पहुँची राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा



**रायबरेली।** अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन से अभिप्रेरित राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा 2023 में पूर्वोत्तर के 30 छात्र एवं छात्राएँ 15ण्02ण्2023 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में पहुँचे। यहाँ पर आरेडिका के अधिकारियोंए कर्मचारियों एवं रेलवे कर्मचारी प्रतिनिधि संगठनों द्वारा यात्रा प्रतिनिधियों का स्वागत किया। आरेडिका के तकनीकी प्रषिक्षण केन्द्र के ऑडिटोरियम में आरेडिका पर बनी हुई कॉपरेट फिल्म के प्रदर्शन द्वारा कोचों के उत्पादन के बारे में बताया। इसके उपरान्त प्रतिनिधियों ने फैक्ट्री परिसर का अवलोकन किया। इस यात्रा के माध्यम से पूर्वोत्तर के सात राज्यों से आये प्रतिनिधि उत्तर प्रदेश और रायबरेली जिले की सभ्यता और संस्कृति से रूबरू होकर प्रसन्न हुए एवं स्वागत कर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। ज्ञात हो कि सन 1966 से ही अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के नेतृत्व में भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति को समझने के लिए इस प्रकार की यात्राओं का आयोजन किया जाता है।

# केंद्र शासित प्रदेश घोषित कर सरकार करे पौराणिक तीर्थ चित्रकूट का चौमुखी विकासः महंत दिव्य जीवन दास

संवाददाता। चित्रकूट



**विश्वयुगीन** समस्याओं के समाधान के केंद्र के रूप में परिभाषित किये जाने वाला चित्रकूट खुद समस्याग्रस्त है। और विकास की दौड़ में काफी पीछे हो गया है। सूचना के विस्फोट के युग में भी चित्रकूट का विकास अभी आदिम युग में ही चल रहा है। यह बातें गुरुवार की दोपहर धर्मनगरी के एक रिसार्ट में सात अखाड़ों के महंतों ने पत्रकारों से कहीं। उन्होंने कहा कि हम लोग न तो बुंदेली हैं और न ही बघेली, हम तो चित्रकूट के हैं और चित्रकूट सबका है, इसलिए अब केंद्र सरकार हमें यूपी,एमपी, बुंदेली, बघेली के बंधन से मुक्त कर चित्रकूट के 84 कोस परिक्षेत्र को केंद्र शासित प्रदेश बनाकर विकास का उपहार दे। जब तक हमें केन्द्र सरकार अपने आधीन नही लेगी तब तक हमारा सर्वांगीण विकास नही होगा। संतोषी अखाड़े के महंत रामजी दास महराज ने कहा कि चित्रकूट की महिमा का गुणगान तो लगभग सभी वेद, पुराण, भगवतगीता में है। चित्रकूट तपोस्थलियों में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। तभी तो प्रभु श्री राम ने अपने वनवास काल का सर्वाधिक समय दिया। उन्होंने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश की मांग पूर्व में सिहस्थभूषण प्रेम पुजारी दास महराज, पंजाबी भगवान, भारतरत्न नानाजी देशमुख, पदमविभूषण जगद्गुरू राम भद्राचार्य महाराज आदि समय-समय पर करते रहे हैं। अगर वास्तव में चित्रकूट की महिमा को और आगे बढाना चाहती है तो इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया जाए।

दिगंबर अखाड़े के महंत दिव्यजीवनदास महराज ने कहा कि चित्रकूट को चिंताहरण के रूप में परिभाषित किया जाता है। विश्व युगीन समस्याओं के समाधान के इस केंद्र को अभी तक दो प्रदेशों में विभिन्न स्थान होने के कारण विकास की दृष्टि से वह न्याय नहीं मिल सका है जिसका वह हकदार है। यूपी और एमपी की सीमा में बंटे इस क्षेत्र को अभी दोनों सरकारों ने मुक्त क्षेत्र तो घोषित किया है लेकिन वह पर्याप्त नही है। इस 84 कोस के भूभाग को अगर केंद्र सरकार अपने पास रखे और इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दे तो इस अनोखे तीर्थ का विकास द्रुतगति से होना संभव होगा।

निर्वाणी अखाड़े के महंत सत्यप्रकाश दास कहा कि चित्रकूटधाम विश्व का एक मात्र ऐसा महान तीर्थ है जहां पर धार्मिक, आध्यात्मिक, पौराणिक व ऐतिहासिक व साथ ही पर्यटकीय दृष्टि से प्रकृति ने अपना वैभव लुटाया है।

# रूस ने यूक्रेन में मिसाइल से किया ताबड़तोड़ हमला



**भाषा।** कीव

**यूक्रेन के** साथ जारी जंग में रूस ने क्रूज और अन्य मिसाइल के साथ बृहस्पतिवार को एक बार फिर ताबड़तोड़ हमला बोला। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि इन हमलों में 79 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के सैन्य प्रमुख वालेरी जालुजनी ने कहा कि रूसी सेना ने रात में करीब दो घंटों तक विभिन्न प्रकार की 36 मिसाइल दागीं। उन्होंने बताया कि उनमें से कम से कम 16 को यूक्रेनी वायु रक्षा इकाइयों ने नष्ट कर दिया। यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि देश के उत्तर, पश्चिम, दक्षिण, पूर्व और केंद्रीय इलाकों में निशाना साधा गया। रूसी सेना हालांकि यूक्रेनी हवाई सुरक्षा तंत्र को पार करने के तरीकों की तलाश कर सकती है जिन्हें पश्चिमी देशों द्वारा आपूर्ति की गई हथियार प्रणालियों द्वारा मजबूत किया गया है। यूक्रेन

### ● एक व्यक्ति की मौत

के स्थानीय गवर्नर सेरही लिसाक ने बताया कि पूर्वी शहर पावलोह्राद में मिसाइल हमले में 79 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और कम से कम सात अन्य लोग घायल हो गए। इनमें से दो को बाद में अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। गवर्नर ने कहा कि हमलों में सात मकानें जमींदोज हो गईं और 30 अन्य को नुकसान पहुंचा तथा एक औद्योगिक इकाई में आग लग गई। पश्चिमी यूक्रेन के एक क्षेत्रीय गवर्नर मैक्सिम कोजित्स्की ने कहा कि ल्वीव प्रांत में एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में आग लग गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले 24 घंटों में कुल मिलाकर रूसी हमलों और गोलाबारी में कम से कम सात लोग मारे गए।

# सैन्य सहायता के लिए बढ़ते दबाव के बीच इजराइली विदेश मंत्री यूक्रेन पहुंचे

**भाषा।** कीव

**इजराइल के विदेश** मंत्री बृहस्पतिवार को कीव पहुंचे, जो पिछले साल रूस के आक्रमण के बाद किसी वरिष्ठ इजराइली अधिकारी की यूक्रेन की राजधानी की पहली आधिकारिक यात्रा है। एली कोहेन की यात्रा यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की पहली वर्षगांठ से ठीक पहले हुई है और वह भी ऐसे समय में जब पश्चिमी देश कीव की सैन्य सहायता बढ़ाने की कवायद में लगे हैं। अन्य पश्चिमी देशों के विपरीत, इजराइल ने रूस या रूसी अधिकारियों पर प्रतिबंध नहीं लगाए हैं। इजराइल ने यूक्रेन को न खुफिया जानकारी साझा की है और न ही हथियार प्रदान किए हैं। इसने यूक्रेन को एक फील्ड अस्पताल सहित मानवीय सहायता जरूर प्रदान की है। कोहेन अपनी इस संक्षिप्त यात्रा के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ-साथ वरिष्ठ यूक्रेनी अधिकारियों और देश के यहूदी समुदाय के नेताओं से मिलेंगे। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या कोहेन अपनी यात्रा के दौरान यूक्रेन को अधिक सहायता की घोषणा करेंगे। कोहेन ने कीव के बाहर बुचा में एक सामूहिक कब्र स्मारक पर पहुंचने पर कहा, हम यहां यूक्रेनी राष्ट्र के साथ एकजुटता व्यक्त करने की एक महत्वपूर्ण यात्रा पर हैं, जिसने निश्चित रूप से पिछले एक साल में बहुत कठिन समय का सामना किया है। उन्होंने कहा कि इजराइल ने यूक्रेन का समर्थन किया है और मानवीय सहायता प्रदान की है, तथा आगे भी करता रहेगा। अन्य पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता बढ़ाए जाने से इजराइल पर दबाव बन रहा है कि वह कीव को अपने कुछ परिष्कृत सैन्य उपकरण प्रदान करे। पिछले साल, इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट मध्यस्थता के प्रयास के तहत मॉस्को पहुंचे थे।



### नॉर्वे ने यूक्रेन को 7.4 अरब डॉलर की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की

**कोपनहेगन (डेनमार्क)।** नॉर्वे ने यूक्रेन को 7.4 अरब डॉलर की आर्थिक मदद देने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। नॉर्वे की संसद ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि यूक्रेन को पांच साल के पैकेज के तहत 7.4 अरब डॉलर की मदद प्रदान की जाएगी।यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस आर्थिक सहायता के लिए नॉर्वे को धन्यवाद दिया। जेलेंस्की ने नॉर्वे की संसद के सदस्यों से अपने वीडियो संबोधन में कहा, आप एक ऐसे देश के लिए दीर्घकालिक वित्तीय सहायता के लिए मिसाल कायम कर रहे है जो अपनी स्वतंत्रता की रक्षा कर रहा है। पांच वर्षों मे इस धनराशि को सैन्य और मानवीय सहायता के बीच समान रूप से विभाजित किया जाएगा।

### यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की बर्लिन फिल्म महोत्सव के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे

**बर्लिन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की वार्षिक बर्लिन अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन सत्र को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करेंगे। पूर्व हास्यकलाकार और अभिनेता जेलेंस्की ने सीन पेन की यूक्रेन युद्ध पर बनी फिल्म सुपरपावर मे अहम भूमिका निभाई थी जिसका महोत्सव मे विश्व प्रीमियर होगा। इस साल महोत्सव 26 फरवरी तक चलेगा और गोल्डन और सिल्वर बीयर अवॉर्ड के लिए 18 फिल्मों मे प्रतिस्पर्धा होगी। विजेता का चुनाव करने वाले निर्णायक मंडल के अध्यक्ष अमेरिकी अभिनेता, पटकथा लेखक और निर्देशक क्रिस्टेन स्टीवार्ट है। महोत्सव की शुरुआत बृहस्पतिवार को रिबेका मिल्लर की फिल्म शी केम टू मी के प्रीमियर से होगी।

### अमेरिका के एल पासो शहर में शॉपिंग मॉल में गोलीबारी, एक व्यक्ति की मौत

**एल पासो।** अमेरिका के टेक्सास राज्य के एल पासो शहर में बुधवार को एक शॉपिंग मॉल में हुई गोलीबारी मे एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। एल पासो पुलिस ने बताया कि गोलीबारी की घटना के कुछ घंटे बाद दो लोगो को हिरासत में ले लिया गया था। हालांकि गोलीबारी का कारण अभी स्पष्ट नही हो पाया है। अंतरिम पुलिस प्रमुख पीटर पैकिलास ने कहा कि घटना सिएलो विस्टा मॉल में हुई। जांच पूरी होने तक मॉल को बंद कर दिया गया है।

### हॉलीवुड अभिनेत्री रैक्वेल वेल्च का निधन

**न्यूयॉर्क।** वन मिलियन इयर्स बीसी और फैथम जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के जरिए 1960 और 70 के दशक में अपनी अलग पहचान बनाने वाली अभिनेत्री रैक्वेल वेल्च का निधन हो गया। वह 82 वर्ष की थी। टैलेंट एजेंसी इनोवेटिव आर्टिस्ट्स से जुड़े उनके एजेंट स्टीफन लामान्ना के मुताबिक संक्षिप्त बीमारी के बाद वेल्च का बुधवार की सुबह निधन हो गया। वेल्च 1966 में आई वन मिलियन इयर्स बीसी मे बिकिनी पहने पर्दे पर नजर आईं तो लोगो ने उनके इस अंदाज को काफी सराहा।

### पाक के पंजाब में ट्रेन विस्फोट में दो की मौत, नौ घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बृहस्पतिवार को एक यात्री ट्रेन में हुए विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। मीडिया की खबरों से इस बात की जानकारी मिली। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट जाफर एक्सप्रेस के अंदर उस समय हुआ जब वह क्वेटा से रावलपिंडी जा रही थी। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार के मुताबिक, पुलिस सूत्रों ने बताया कि धमाका यात्री ट्रेन के शौचालय के अंदर हुआ। उस समय यह ट्रेन प्रांत के एक जिले चिचावतनी पहुंची थी। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक घायलो और हताहतो की पुष्टि करते हुए पाकिस्तान रेलवे के प्रवक्ता बाबर अली ने कहा कि विस्फोट की प्रकृति अभी निर्धारित नही की गई है।


### फ्रांस में पेंशन सुधार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आज पांचवां दिन

**पेरिस।** फ्रांस मे पेंशन सुधार के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल और विरोध प्रदर्शन का बृहस्पतिवार को पांचवां दिन है। यह पेंशन सुधार देश के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के दूसरे कार्यकाल की एक प्रमुख नीति है। विरोध प्रदर्शन का यह नवीनतम दौर पिछले मौकों की तुलना मे कम बाधा उत्पन्न करने वाला होने की उम्मीद है, क्योंकि पेरिस मेट्रो सामान्य रूप से संचालित हो रही है और इससे अधिकतर स्कूल प्रभावित नही है। हालांकि, रेलकर्मी की हड़ताल से हाईस्पीड टीजीवी ट्रेनें और क्षेत्रीय सेवाएं गंभीर रूप से बाधित होंगी।

### नेपाली कांग्रेस के नेता चंद्र भंडारी को मुंबई ले जाया गया

**काठमांडू।** अपने आवास पर सिलेंडर गैस विस्फोट के बाद गंभीर रूप से झुलसे नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चंद्र भंडारी को बेहतर उपचार के लिए बृहस्पतिवार को विमान से मुंबई ले जाया गया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। भंडारी (61) और उनकी मां बुधवार रात उस समय झुलस गए थे जब सांसद के आवास पर रसोई गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया था। पार्टी सूत्रों ने बताया कि भंडारी की मां हरिकला अधिकारी का बृहस्पतिवार को काठमांडू के एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया जबकि भंडारी को आगे के इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस से मुंबई के नेशनल स्किन बर्न अस्पताल ले जाया गया क्योंकि वह 25-30 प्रतिशत तक झुलस गए है। उपचार कर रहे डॉक्टरो ने उनकी स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ने पर उन्हे विदेश मे बेहतर चिकित्सा सुविधाओं वाले स्वास्थ्य संस्थान मे ले जाने की सिफारिश की है।

# फिलीपीन में भूकंप , अस्पताल को खाली कराया गया



### ● इमारतों को मामूली नुकसान

**भाषा।** मनील

**मध्य फिलीपीन** के एक प्रांत में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिसके बाद लोग रात में अपने घरों से बाहर निकल गए, एक अस्पताल से दर्जनों मरीजों को बाहर निकाल लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान एक सरकारी थिएटर एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों को मामूली नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि मस्बाते प्रांत में छह तीव्रता का भूकंप आया। उन्होंने बताया कि भूकंप का केंद्र मस्बाते के तटीय शहर बतुआन से करीब 11 किलोमीटर पश्चिम में 10 किलोमीटर की गहराई में था। बहरहाल, इसके कारण किसे के हताहत होने या कोई बड़ा नुकसान होने की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। मस्बाते प्रांतीय आपदा-शमन अधिकारी एडोनिस डिलाओ ने बताया कि आधी रात के करीब दो घंटे बाद भूकंप आया, जिससे कई लोगों की नींद खुल गई। रेड क्रॉस के अधिकारी एम जे ओक्सेमर ने मस्बाते शहर से टेलीफोन पर द एसोसिएटेड प्रेस से कहा, पहला झटका वाकई बहुत तेज था। इसके बाद भी झटके महसूस किए गए, जिनसे मैं और मेरा बच्चा जग गए। डिलाओ ने बताया कि मस्बाते प्रांतीय अस्पताल से दर्जनों मरीजों को निकाला गया था लेकिन बाद में उन्हें वापस अस्पताल लाया गया। उन्होंने बताया कि भूकंप के कारण अस्पताल की तीन मंजिला इमारत में कुछ दरारें पड़ गई हैं। उन्होंने कहा कि मस्बाते शहर में एक छोटे से सरकारी थिएटर की छत का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया और कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में दरारें पड़ गईं। इससे पहले फिलीपीन में 1990 में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें करीब दो हजार लोगों की मौत हो गई थी।

### सीरिया में भूकंप से मौतों की संख्या बढ़ सकती : संयुक्त राष्ट्र

**भाषा।** अम्मान

**सीरिया के** लिए संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायता समन्वयक मुहन्नाद हादी ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी कि पिछले सप्ताह आए प्राणघातक भूकंप मे मरने वालो की संख्या बढ़ सकती है क्योकि टीम प्रभावित इलाको मे मलबा हटाने अब पहुंच रही है। हादी ने एसोसिएटेड प्रेस को दिए साक्षात्कार मे संयुक्त राष्ट्र की भूकंप प्रभावितो की मदद के लिए उठाए गए कदम का बचाव किया। हालाकि, कई आलोचक सीरिया मे धीमी और अपर्याप्त मदद को लेकर संयुक्त राष्ट्र की आलोचना कर रहे है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक सीरिया मे भूकंप से अबतक करीब 6000 लोग मारे गए है जिनमे से 4,400 लोगों की मौत बागियो के कब्जे वाले उत्तर पश्चिम सीरिया मे हुई है, जो दमिश्क स्थित सरकारी अधिकारियो और उत्तर पश्चिम के नगरिक रक्षा अधिकारियो द्वारा मुहैया कराए गए आंकड़ो से अधिक है जिन्होने क्रमशः।,414 और 2,274 लोगो के मारे जाने की पुष्टि की है। हादी ने कहा, हमे आशंका है कि यह संख्या (मृतको) बहुत अधिक बढ़ सकती है।लेकिन जो हम देख रहे है, वह यह है कि इस भूकंप से आई आपदा खत्म होने की उम्मीद नही दिखाई दे रही है। उन्होने कहा कि भूकंप से पहले ही उत्तर पश्चिम सीरिया मे 41 लाख लोगो को मदद जरूरत थी, इनमे से अधिकतर विस्थापित थे और वे एक बार फिर बेघर या विस्थापित हो गए है।

# भूकंप से बेहाल सीरिया में पैदा हो सकता है स्वास्थ्य संकटः रेड क्रॉस प्रमुख

**भाषा।** बेरूत

**रेड क्रॉस** संस्था के प्रमुख जगन कैपागेन ने बृहस्पतिवार को कहा कि सीरिया में पिछले सप्ताह आए विनाशकारी भूकंप में विस्थापित हुए लोगों के यदि जल्द ही स्थाई आवास प्रदान नहीं किया गया तो देश में खतरनाक बीमारियों का प्रकोप फैल सकता है। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट सोसाइटीज के महासचिव कैपागेन ने कहा कि बिना गर्माहट के प्रबंध के अस्थाई आश्रयों रह रहे परिवारों को तत्काल स्थाई आवास की जरूरत है। उन्होंने एसोसिएटेड प्रेस को दिए साक्षात्कार में कहा, वे अभी भी बहुत ही ठंडे स्कूली कमरों में बहुत ही बुनियादी परिस्थितियों में रह रहे हैं। अगर लंबे समय तक यह सब चलता रहा तो स्वास्थ्य संकट पैदा हो सकता है। सीरिया के हलब शहर से लौटने के बाद उन्होंने कहा कि वर्षों से देश में भीषण गृह युद्ध जारी है। उन्होंने कहा कि हलब में 2022 के अंत में हैजा को प्रकोप फैला। आवास, जल, ईंधन और अन्य बुनियादी ढांचा सुविधाओं पर भूकंप के प्रभाव से एक और प्रकोप की आशंका पैदा हो गई है। मुझे लगता है कि गृह युद्ध ने जहां उनकी कमर तोड़ी तो वहीं इस भूकंप ने उनकी आत्मा को झकझोर कर रख दिया। तुर्की और सीरिया में कुछ दिन पहले आए 7.8 तीव्रता के घातक भूकंप ने सीरिया के विभिन्न हिस्सों को तहस-नहस कर दिया। इनमें विद्रोहियों के कब्जे वाले और सरकार प्रशासित हिस्से शामिल हैं। एक अनुमान के मुताबिक सीरिया में भूकंप के कारण 3,688 लोगों की जान चली गई। सरकार के कब्जे वाले शहरों और कस्बों में लगभग।,400 लोगों की मौत हुई। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के अनुसार अगर सीरिया में उचित आश्रय और सहायता का प्रबंध नहीं किया गया, तो 53 लाख लोग बेघर हो सकते हैं।

### जो बाइडन ने अपनी राष्ट्रीय आर्थिक टीम का पुनर्गठन किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस मे अपनी राष्ट्रीय आर्थिक टीम का पुनर्गठन किया है हालांकि उन्होंने टीम मे भारतीय-अमेरिकी भरत राममूर्ति को बनाए रखा है जो बाइडन के राष्ट्रपति बनने के पहले दिन से उनके साथ है। व्हाइट हाउस ने कहा कि लिल ब्रेनार्ड अब राष्ट्रीय आर्थिक परिषद की निदेशक होगी।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल । पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL2CAG9707, | DL10CC1790, | DIC6335, |
| DL2CAE4761, | GJ1K7011, | DL6CG2999, |
| DL9CE0108, | HR61A7971, | DL4CG0927, |
| DL6CK4470, | DL9CQS4318, | HR26BW5492, |
| DL6C2246, | DL2CAG8979, | DL4CS5898, |
| DL1CL4670, | DL7CF4982, | DL8CQ1432, |
| MA3ESKD1-S00359160, | SB308IN - 1023553, | MAKGD852-F5N228964, |
| DL9CQ1069, | DL1YC7681, | DL3CBF0210, |
| DL4CND0617, | DL3CBP3876, | DL3CAB1256, |
| DL9CH3550, | DL1CJ6171, | UP16R7957, |
| DL1CG1205, | DL4CAE6162, | DL6CH9472, |
| DL2CAG2933, | DL10CB4329, | DL8CR1368, |
| DL8CK2431, | DL9CP5190, | PB10DN6095, |
| DL4CAG8733, | DL2CAG0634, | DL8CJ1109, |
| DL8CQ1714, | DL4CAA8208, | HR26BF4970, |
| DL5CD5149, | HR69A5474, | MH03AM5153, |
| DL9CE6721, | 10810112153, | DL2CZ6110, |
| DL8CQ0676, | DL3CAZ8148, | CH03R0666, |
| HR01P9773, | HR13G0110, | DL3CAQ9829, |
| DL4CE7370, | DL4CP0914, | DL8CL1226, |
| DL8CW0777, | DL4CS9795, | DL3CAA6691, |
| DL8CN8986, | DL2CZ2170, | DL4CND2279, |
| AP10AC2490, | DL2CQ3180, | UP80BQ0137, |
| DL3CY9787, | DL8CK2361, | DL9CK8720, |
| DL8CG6059, | DL9CP0537, | 3118310, |
| DL4CP9267, | DL3CAK3378, | DL4CAJ0608, |
| DL3CAB7497, | DL3CAQ3064, | DL1CJ5495, |
| UP14AJ8605, | DL4CR3097, | DL4CAB7877, |
| DL4CAF8510, | HR26AF4863, | DL9CJ0573 |
| DL9CL3256, | UP16AK6933, | |


# चीनी गुब्बारे को लेकर अमेरिका की प्रतिक्रिया की चीन ने की निंदा



**भाषा।** बीजिंग

**चीन की संसद** ने अमेरिकी हवाई क्षेत्र में चीन का संदिग्ध जासूसी गुब्बारा मिलने पर अमेरिका की प्रतिक्रिया की निंदा की और अमेरिकी सांसदों पर अन्य देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। चीन की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है, जब चीन का संदिग्ध जासूसी गुब्बारा मिलने पर अमेरिका ने इस घटना की निंदा करने वाला प्रस्ताव पारित किया है। चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस फोरेन अफेयर्स कमेटी ने बीजिंग के इस रुख को दोहराया कि यह गुब्बारा मानवरहित असैन्य मौसम अनुसंधान यान था। इस दावे को अमेरिका ने खारिज किया है। चीन ने चार फरवरी को अमेरिकी हवाई क्षेत्र में गुब्बारा नष्ट किए जाने की घटना पर शुरुआत में खेद जताया और बाद में उसने इस मामले पर अपने रुख को कड़ा करते हुए अमेरिका की प्रतिक्रिया की निंदा की। चीनी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि वह पूर्वी अमेरिकी तट पर संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारा नष्ट किए जाने के मामले में अमेरिकी संस्थाओं के खिलाफ कार्वाई करेगा। उसने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। चीन की विदेश मामलों की समिति ने एक बयान में कहा कि अमेरिका में प्रतिनिधि सभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में चीन के खतरे को जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। उसने कहा, अमेरिकी कांग्रेस के कुछ नेताओं ने आग भड़काई और चीन का विरोध करने और चीन को नियंत्रित करने के अपने भयावह षड्यंत्रों को पूरी तरह से उजागर कर दिया। बयान में कहा गया, वास्तव में अमेरिका ही अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करता है, उनकी संप्रभुता का उल्लंघन करता है और अन्य देशों पर निगरानी रखता है।

# दक्षिण अफ्रीका से चीतों को भारत भेजने की योजना तीन साल बाद शनिवार को होगी पूरी

**भाषा।** जोहानिसबर्ग

**भारत सरकार ने** पहली बार करीब तीन साल पहले दक्षिण अफ्रीका से देश में चीतों को लाने का विचार रखा था और अब शनिवार को ए चीते भारत पहुंचेंगे। भारत की चीतों को अपने देश ले जाने की योजना को एक बार स्थगित करना पड़ा था और लिम्पोपो प्रांत के एक अभयारण्य में इन चीतों को पृथकवास में रखा गया था। दक्षिण अफ्रीका में चीता मेटापोपुलेशन के समन्वयक विंसेंट वान डेर मेरवे ने बताया कि जनवरी 2020 में उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार को प्रायोगिक तौर पर दक्षिण अफ्रीकी चीतों को भारत में एक अनुकूल आवास में रखने की अनुमति दी थी ताकि यह देखा जा सके कि वे यहां के माहौल में ढल सकते हैं या नहीं। यह फैसला राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा दायर एक याचिका की सुनवाई के दौरान आया, जिसमें नामीबिया से दक्षिण अफ्रीकी चीतों को देश में लाने की अनुमति का अनुरोध किया गया था। पड़ोसी नामीबिया से आठ चीते पिछले साल सितंबर में भारत भेजे गए थे। इस फैसले के एक महीने बाद एनटीसीए एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान ने भारत में चीतों को लाने के संबंध में प्रिटोरिया विश्वविद्यालय में पशु चिकित्सा विज्ञान संकाय के डॉ. लीथ मेयर और डॉ. एड्रियन टोर्डिफ से संपर्क किया। टोर्डिफ ने जुलाई 2022 में डब्ल्यूआईआई को वान डेर मेरवे के संपर्क में बनाए रखा, जिसके बाद चीता स्थानांतरण के पहले प्रयास के तहत दक्षिण अफ्रीका के मत्स्य पालन, वानिकी और पर्यावरण विभाग से भारत को 12 चीतों की आपूर्ति का अनुरोध किया गया। मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 12 चीतों का दूसरा जत्था दक्षिण अफ्रीका से 18 फरवरी को शनिवार को पहुंचेगा। भारत में चीतों को बसाने के योजना के तहत इससे पहले फरवरी में नामीबिया से आठ चीते केएनपी में लाए गए थे।भारत में परियोजना से जुड़े एक विशेषज्ञ ने बताया कि सात नर और पांच मादा चीते भारतीय वायुसेना के परिवहन विमान से दक्षिण अफ्रीका से हजारों मील दूर भारत में अपने नए घर के लिए यात्रा शुक्रवार शाम को शुरु करेंगे।



### इमरान खान ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति से पूर्व सेना प्रमुख बाजवा के खिलाफ जांच की मांग की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी से संपर्क किया है और पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा के खिलाफ जांच की मांग की है। खान ने राष्ट्रपति से कहा कि बाजवा ने उनके प्रधानमंत्री रहते उनकी टेलीफोन वार्ता को गोपनीय ढंग से टैप करने सहित पद की शपथ का बार-बार उल्लंघन किया। गत 14 फरवरी को राष्ट्रपति अल्वी को लिखे एक पत्र में खान ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख के रूप में सेवा शर्तों के उल्लंघन को लेकर बाजवा के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग की। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी द्वारा साझा किए गए पत्र की सामग्री के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री ने चार मामलों में बाजवा के खिलाफ जांच की मांग की है। मुख्य शिकायत स्तंभकार जावेद चौधरी द्वारा उर्दू स्तंभ में नौ फरवरी को प्रकाशित बाजवा की कथित टिप्पणी पर आधारित है।

### पाकिस्तान : सेना के खिलाफ ट्वीट करने पर इमरान खान के समर्थक को पांच साल की जेल

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के एक समर्थक को ट्विटर पर सेना का अपमान करने के आरोप में पांच साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, फैसलाबाद के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुंसिफ खान ने सिकंदर जमान (20 साल की उम्र में) को पांच साल की जेल की सजा सुनाई और पाकिस्तानी सेना तथा उसके वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अप्रिय ट्वीट करने के लिए 250,000 रुपए का जुर्माना लगाया।


**प्रारूप संख्या आई.एन.सी-26**

[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]

कंपनी का पंजीकृत कार्यालय, एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित करने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाने वाला विज्ञापन

केंद्रीय सरकार के समक्ष प्रादेशिक निदेशक, उत्तरी क्षेत्र

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (ए) के मामले में

और

वन टू टेन मैनेजमेंट कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय – 40बी, पॉकेट-बी, एसएफएस फ्लैट मयूर विहार फेज-III नई दिल्ली 110096 में स्थित है, के मामले में,

याचिकाकर्ता

आम जनता को यह नोटिस दी जाती है कि यह कंपनी केंद्रीय सरकार के समक्ष कंपनी के नियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन करने का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का पंजीकृत कार्यालय "दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (रा. रा. क्षे.)" से "राजस्थान राज्य" में स्थानांतरित करने के लिए शुक्रवार तारीख 13 जनवरी 2023 को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कंपनी के संगम ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है|

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्रारूप फाइल कर एमसीए- 2 1 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लेखित हो के साथ अपनी आपत्ति प्रादेशिक निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर बी – 2 विंग, दूसरा फ्लोर, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सी जी ओ कंपलेक्स, नई दिल्ली - 110003 पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकते हैं या सुपुर्द कर सकते हैं और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय के पते पर भी भेज सकेंगे:

" पंजीकृत कार्यालय – 4 0 बी, पॉकेट- बी, एसएफएस फ्लैट मयूर विहार फेज-III नई दिल्ली 110096 "

कृते एवं हित

वन टू टेन मैनेजमेंट कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड

ह/-दिनकर बंसल

निदेशक

नि. प. सं.: 07284669


# मानव प्रतिक्रिया समय से तेज रोबो जूते संतुलन बढ़ाते हैं



### जब लोग फिसलते है या लड़खड़ाते है, तो संतुलन हासिल करने की उनकी प्रतिक्रिया कुछ मशीनों की तुलना में बहुत धीमी होती है


**भाषा।** अटलांटा

**सुपरह्यूमन** रिफ्लेक्स प्रदान करने वाले रोबोटिक बूट्स आपके संतुलन में मदद कर सकते हैं। हमारे नए अध्ययन से पता चलता है कि संतुलन बढ़ाने की कुंजी ऐसे जूते हैं जो मानव प्रतिक्रिया समय से तेज़ी से कार्य कर सकते हैं। जब लोग फिसलते हैं या लड़खड़ाते हैं, तो संतुलन हासिल करने की उनकी प्रतिक्रिया कुछ मशीनों की तुलना में बहुत धीमी होती है। मनुष्यों और पैरों वाले अन्य जानवरों के लिए, जैविक सेंसर को तंत्रिका तंत्र को संकेत भेजने और फिर मांसपेशियों को चालू करने में समय लगता है। रोबोट अपने संकेतों को भेजने के लिए नसों के बजाय तारों का उपयोग करके बहुत तेजी से कार्य कर सकते हैं। लेकिन रोबोट अभी भी संतुलन बनाने में कुख्यात हैं, क्योंकि वे अभी तक इस बात की नकल नहीं कर सकते हैं कि जब मनुष्यों के संतुलन को चुनौती दी जाती है तो वह कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। हम बायोमैकेनिकल इंजीनियर और पुनर्वास फिजियोलॉजी शोधकर्ता हैं जो गति की न्यूरोफिजियोलॉजी का अध्ययन करते हैं। हमारे अध्ययन में, हमने इस सवाल का जवाब देने की कोशिश की कि क्या पहनने योग्य रोबोट – जैसे निचले अंगों का संचालन करने वाले एक्सोस्केलेटन या कृत्रिम अंग – सामान्य आधार रेखा से ऊपर और बाहर संतुलन में सुधार कर सकते हैं। हमने संतुलन के अध्ययन के लिए इस अध्ययन के प्रतिभागियों के पैरों के नीचे से जमीन निकालने के लिए एक मोटरयुक्त फर्श का उपयोग किया – उन्हें जमीन की ओर आगे बढ़ाया। हमने उन्हें अपने पैरों के साथ संतुलित रहने के लिए कहा, लेकिन कभी-कभी फिसलन इतनी ज्यादा होती थी कि उन्हें जमीन पर चेहरा लगाने से बचने के लिए एक कदम उठाना पड़ता था। फिर, हमने एक्सो-बूट्स को प्रोग्राम किया ताकि प्रतिभागियों को उनकी प्राकृतिक प्रतिक्रिया के समान देरी के साथ सहायता मिल सके या मानवीय रूप से कृत्रिम रूप से तेजी से संभव हो सके और इसकी तुलना एक्स-बूट की प्रतिक्रिया से की जा सके। हमें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि मानवीय प्रतिक्रिया को मात देने वाले मोड ने ही उपयोगकर्ताओं को तेजी से संतुलन हासिल करने में मदद की और उन्हें ठीक होने के लिए एक कदम उठाने से रोका। उसी समय, हमने अपने एक्सो-बूट परीक्षण पायलटों की शारीरिक प्रतिक्रियाओं को यह देखने के लिए रिकॉर्ड किया कि क्या डिवाइस उनकी अंतर्निहित संतुलन प्रतिक्रियाओं की नकल कर रहा था - या संभावित रूप से हस्तक्षेप कर रहा था। अल्ट्रासाउंड का उपयोग करके, हम यह देखने के लिए त्वचा के नीचे देख सकते हैं।

# मेघालय में सभी सीट पर लड़ने को भाजपा ने गठबंधन तोड़ाः अमित शाह

● केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा पार्टी और होगी मजबूत

**भाषा।** तूरा (मेघालय)



**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि मेघालय में चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एनपीपी से अपना गठबंधन तोड़ दिया ताकि वह सभी 60 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ सके और मजबूत बनकर उभर सके। नॉर्थ तूरा निर्वाचन क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य में भ्रष्टाचार को खत्म करने का वादा करते हुए लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा, राज्य में कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कारण, 2022-23 में घाटा 1849 करोड़ रुपए था। यह मेघालय जैसे छोटे राज्य के लिए एक बड़ी राशि है। आरबीआई (भारतीय रिजर्व बैंक) की एक रिपोर्ट के अनुसार, मेघालय देश में सबसे धीमी गति से विकास कर रहा है।

शाह ने रैली में कहा, भाजपा को राज्य में एक मजबूत पार्टी बनाएं और हम भ्रष्टाचार खत्म कर देंगे। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के नेतृत्व वाली मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस (एमडीए) सरकार का हिस्सा रह चुकी भाजपा 27 फरवरी को होने वाले चुनाव में सभी 60 सीट पर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा, हमने मेघालय में गठबंधन (एनपीपी के साथ) तोड़ा ताकि भाजपा सभी सीट पर चुनाव लड़ सके और एक मजबूत पार्टी के रूप में उभर सके।

क्षेत्र के लिए केंद्र द्वारा की गई विकास पहल को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि पीएम-डिवाइन योजना 6,000 करोड़ रुपए के बजट के साथ शुरू की गई है। शाह ने कहा, मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि अगर हम राज्य में सरकार बनाने में सक्षम होते हैं तो मेघालय पीएम-डिवाइन योजना का सबसे बड़ा लाभार्थी होगा। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी एकमात्र प्रधानमंत्री हैं जो 51 बार पूर्वोत्तर आए और क्षेत्र के विकास में मदद की।

## लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिंद्र कुमार थलसेना के नए उप प्रमुख होंगे

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिंद्र कुमार को थलसेना का नया उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। फिलहाल वह सेना मुख्यालय में डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ (सामरिक) के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल कुमार ले. जनरल बी. एस. राजू की जगह लेंगे, जिन्हें जयपुर में स्थित दक्षिण पश्चिमी सैन्य कमान का कमांडर नियुक्त किया गया है। फिलहाल उधमपुर में उत्तरी कमान में चीफ ऑफ स्टाफ के तौर पर सेवाएं दे रहे ले. जनरल एन.एस.आर. सुब्रमणि को लखनऊ में स्थित सेना की मध्य कमान का कमांडर नियुक्त किया गया है। सभी नियुक्तियां एक मार्च से प्रभावी होंगी। ले. जनरल कुमार राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला के पूर्व छात्र हैं। वह जून 1985 में। असम रेजिमेंट में तैनाती के साथ सेना में शामिल हुए थे।

## शिरडी हवाईअड्डे को मिला रात में लैंडिंग का लाइसेंसः फडणवीस

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य के अहमदनगर जिले की प्रसिद्ध धार्मिक नगरी शिरडी स्थित हवाईअड्डे को बृहस्पतिवार को नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय से रात में विमानों के उतरने का लाइसेंस मिल गया है। इस कदम से शहर में संपर्क सुविधा और मजबूत होगी। ज्ञात हो कि शिरडी में साईं बाबा को समर्पित एक विश्व प्रसिद्ध मंदिर स्थित है। यह शहर मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे का भी हिस्सा है। अब वंदे भारत सेवा भी यहां के लिए उपलब्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में इसका उद्घाटन किया था।

फडणवीस ने ट्वीट किया, साईभक्तों और महाराष्ट्र के लिए अच्छी खबरों की हैट्रिकिउ समृद्धि महामार्ग, वंदे भारत एक्सप्रेस के बाद अब हमारे शिरडी हवाईअड्डे को आज सुबह डीजीसीए से नाइट लैंडिंग का लाइसेंस मिल गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, एयरलाइंस द्वारा मार्चाअप्रैल 2023 से रात की उड़ानें शुरू किए जाने की उम्मीद है। वर्तमान में इस हवाई अड्डे से 13 उड़ानें संचालित होती हैं। अब और उड़ानें जोड़े जाने की उम्मीद है।

फडणवीस ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि 2017 में जब ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा शुरू हुआ था तो वह (राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में) शीर्ष पर थे और जब इसे रात में लैंडिंग करने लाइसेंस प्राप्त हुआ है तो राज्य सरकार का नेतृत्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को उनके आग्रह पर तेजी से कार्वाई के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इससे शिरडी की यात्रा आसान होगी आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक वृद्धि भी होगी।

## बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक ने ऋण दरें बढ़ाईं, एसबीआई ने जमा दर में वृद्धि की

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन ओवरसीज बैंक ने कोष की सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) बढ़ा दी है। भारतीय स्टेट बैंक ने भी कर्ज के साथ जमा पर ब्याज दरें बढ़ाई हैं। आरबीआई के आठ फरवरी को मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि के बाद बैंकों ने ब्याज दर बढ़ाई है। बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने सभी अवधि की एमसीएलआर 0.05 प्रतिशत बढ़ा दी है। नई दरें 12 फरवरी से प्रभावी हैं। बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, एक साल के लिए एमसीएलआर 8.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.55 प्रतिशत कर दी गई है। एक दिन, एक महीने और तीन महीने की अवधि के लिए एमसीएलआर क्रमशः 7.9 प्रतिशत, 8.2 प्रतिशत और 8.3 प्रतिशत होगी। आईओबी ने सभी अवधि के कर्ज के लिए एमसीएलआर में 0.15 प्रतिशत की वृद्धि की है।

## धन शोधन मामले में सुकेश चंद्रशेखर फिर से गिरफ्तार

**नई दिल्ली( भाषा )।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर को रेलिगेयर के पूर्व प्रवर्तक मलविंदर सिंह की पत्नी को ठगने से जुड़े धनशोधन के एक नए मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत चंद्रशेखर (33) को नौ दिन के लिए निदेशालय की हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक की अदालत से आरोपी की 14 दिनों की हिरासत मांगी थी। चंद्रशेखर के वकील अनंत मलिक ने अदालत को कहा कि उनके मुवक्किल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत नहीं है और मामला सितंबर 2021 में दर्ज किया गया था। धनशोधन का यह तीसरा मामला है जिसमें ईडी ने चंद्रशेखर को गिरफ्तार किया गया है। अन्य दो मामलों में मलविंदर सिंह के भाई शिविंदर सिंह की पत्नी अदिति सिंह से 200 करोड़ रुपए की ठगी करने और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के दो पत्ते का चुनाव चिह्न वी के शशिकला गुट को दिलाने के नाम पर निर्वाचन आयोग के अधिकारियों को कथित तौर पर रिश्वत देने की कोशिश का मामला शामिल है।

## रेडियो शारदा विश्वभर के कश्मीरी पंडितों को जड़ों से जोड़े रखने में करता है मदद

**भाषा।** जम्मू

जम्मू स्थित एक सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो शारदा दुनिया भर के उन कश्मीरी पंडितों की आवाज बन गया है जो अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़ने की इच्छा में रेडियो शारदा को सुनते हैं। रेडियो शारदा के संस्थापक निदेशक रमेश हंगलू ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम भारत और 108 अन्य देशों में रह रहे कश्मीरी पंडितों से इस रेडियो स्टेशन के माध्यम से जुड़े हुए हैं। कश्मीर संस्कृति, इतिहास, संगीत, भजन और समुदाय के सामने मौजूद मुद्दों पर आधारित अपने कार्यक्रमों के कारण यह समुदाय के बीच हर घर में लोकप्रिय है। वर्ष 1990 में घाटी में आतंकवाद फैलने के बाद कश्मीरी पंडितों को अपना घर-बार छोड़ना पड़ा था और इस रेडियो के माध्यम से उन्हें अपनी बात रखने का एक मंच मिल गया है क्योंकि इस पर न सिर्फ उनकी संस्कृति बल्कि उनके मुद्दों के बारे में बात की जाती है। उन्होंने कहा कि रेडियो शारदा 90.4 एफएम का नारा बूजीव ते खोश रूजीव (सुनो और खुश रहो) है। उन्होंने कहा, जो अपनी जड़ों से कट गए हैं उन्हें अपनी जड़ों से जुड़ने की जरूरत है और हमारी सेवा इसमें उनकी मदद करेगी।

कश्मीरी पंडित समुदाय को अपनी जड़ों से जोड़ने और अगली पीढ़ी के बीच कश्मीर के बारे में संस्कृति, संगीत और ज्ञान को संरक्षित, बढ़ावा देने और प्रचारित करने के उद्देश्य से रेडियो शारदा का संचालन दिसंबर 2011 में शुरू हुआ। बयासी वर्षीय श्रोता अवतार कृष्ण भट ने पीटीआई-भाषा से कहा, मैंने विशेष रूप से रेडियो शारदा सुनने के लिए एक रेडियो खरीदा। यह मुझे मानसिक शांति देता है। मैं कश्मीरी भजन और अन्य कार्यक्रमों को सुनने के लिए हर दिन सुबह सात बजे रेडियो शारदा चालू करता हूं।

## बांधों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर का उत्कृष्टता केंद्र विकसित करने के लिए सीडब्ल्यूसी, आईआईटी रुड़की से समझौता

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय जल आयोग** (सीडब्ल्यूसी) ने ड्रिप योजना के तहत बांधों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर का उत्कृष्टता केंद्र विकसित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की के साथ एक समझौता किया है। जल शक्ति मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि जल शक्ति मंत्रालय के केंद्रीय जल आयोग ने बाह्य वित्त पोषित बांध पुनर्वास और सुधार परियोजना के द्वितीय एवं तृतीय चरण के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर का उत्कृष्टता केंद्र विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन किया है। जल शक्ति मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि यह समझौता ज्ञापन 10 वर्ष अथवा ड्रिप चरण-2 और चरण-3 योजना की अवधि, इसमें से जो पहले हो, तक वैध रहेगा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर का उत्कृष्टता केंद्र, रूड़की, भारत एवं विदेशों में बांध का स्वामित्व रखने वालों को जांच, मॉडलिंग, शोध, नवाचार और तकनीकी सहयोग सेवाओं में विशेषज्ञ तकनीकी समर्थन प्रदान करेगा। बयान के अनुसार, यह केंद्र बांध सुरक्षा के क्षेत्र में वैज्ञानिक शोध और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी नवोन्मेष के माध्यम से उभरती चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करेगा।

यह केंद्र वर्तमान में दो प्रमुख क्षेत्रों... जलाशय अवसादन (सेडिमेन्टेशन) और प्रारंभिक वर्षों में भूकंपीय खतरे का मानचित्रण और विश्लेषण पर ध्यान केन्द्रित करेगा। इसमें निकट भविष्य में बांध सुरक्षा अधिनियम के कार्यान्वयन से पैदा होने वाली ज़रूरतों के अनुसार नए क्षेत्रों को भी शामिल किया जाएगा। बांधों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्टता केंद्र को 109 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित किया जा रहा है। यह खर्च जल संसाधन, गंगा संरक्षण और नदी विकास विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छह किस्तों में अनावर्ती अनुदान के रूप में वहन किया जा रहा है। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के.के. पंत ने कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्टता केंद्र (आईसीईडी) की स्थापना बांध सुरक्षा में मेक इन इंडिया को सशक्त बनाएगी। इसके अलावा उन्नत अनुसंधान को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकियों और अनुप्रयोग उत्पादों को विकसित करने में भी मदद मिलेगी। हम जल शक्ति मंत्रालय के इस मिशन में योगदान देने के लिए बहुत उत्सुक हैं।

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के ग्राम सरपंच का पर्यावरण प्रेम पॉलिथीन लाने वालों को देते हैं सोने का सिक्का

**अनंतनाग ( जम्मू-कश्मीर )।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के एक गांव के सरपंच फारूक अहमद गनी पर्यावरण को बचाने की अपनी मुहिम के तहत घरेलू प्लास्टिक कचरे को खेतों और जल निकायों में फेंकने से रोकने के लिए लोगों को पॉलिथीन के बदले में सोने के सिक्के देते हैं। यहां हिलेर क्षेत्र के सादिवारा-ए गांव के सरपंच गनी ने कहा, अगर हम साफ-सफाई पर ध्यान नहीं देंगे तो आपको अगले 10 साल में उपजाऊजमीन के लिए जल का कोई साफ स्रोत नहीं मिलेगा। एक ओर जहां सरकार और प्रशासन की तरफ से साफ-सफाई पर काफी ध्यान दिया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ निवासियों को भी अपना योगदान देना होगा। पेश से वकील गनी ने पिछले साल ग्रामीणों को अपने घरों में कचरे के गड्ढे बनाने के लिए राजी करके यह सुनिश्चित किया कि ठोस कचरा बाहर न फेंका जाए। उन्होंने कहा, हालांकि पॉलिथीन चिंता का विषय बना रहा क्योंकि यह कचरे के गड्ढों में भी नहीं सड़ती। तभी मेरे मन में- पॉलिथीन लाओ, सोना ले जाओ। का विचार आया। 20 क्विंटल पॉलिथीन लाने वालों को अब हम एक सोने का सिक्का देते हैं। उन्होंने कहा, 20 क्विंटल से कम पॉलिथीन लाने वालों को भी चांदी का सिक्का दिया जाएगा।

### जयपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय संस्कृत फिल्म फेस्टिवल कल से

**जयपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे अखिल भारतीय माघ महोत्सव के तहत जयपुर के जैम सिनेमा में 18 और 19 फरवरी को राष्ट्रीय संस्कृत फिल्म फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। संस्कृत अकादमी की अध्यक्ष डॉ सरोज कोचर ने बताया कि 18 फरवरी को महा शिवरात्रि के मौके पर आदि गुरु शंकराचार्य पर चालीस साल पहले बनी दुनिया की पहली संस्कृत फिल्म और 19 फरवरी को दुनिया की पहली संस्कृत भाषा की साइंस फिल्म यानम की स्क्रीनिंग भी की जाएगी। यानम फिल्म मंगल अभियान पर आधारित है। इस फेस्टिवल का आयोजन कला एवं संस्कृति विभाग, जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्व विद्यालय तथा राजस्थान विप्र कल्याण बोर्ड के सहयोग से किया जा रहा है। कोचर ने एक बयान में बताया कि इसके अलावा 18 फरवरी को फिल्म भगवदज्जुकम की स्क्रीनिंग के साथ संस्कृत सिनेमा अतीत से वर्तमान तक विषय पर टॉक शो का आयोजन भी किया जाएगा। संस्कृत फिल्म समारोह का उद्घाटन 18 फरवरी को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री महेश जोशी जन स्वास्थ्य करेंगे।

### सीवीसी ने भ्रष्टाचार जांच में सेवानिवृत्त कर्मियों की सेवा रोकने संबंधी आदेश को वापस लिया

**नई दिल्ली।** सीवीसी ने कई क्षेत्रों में पैदा हुई गलतफहमी का हवाला देते हुए उस दिशानिर्देश को वापस ले लिया गया है जिसमें भ्रष्टाचार के मामलों की जांच में सेवानिवृत्त कर्मियों को शामिल करने पर रोक लगाई गई थी। सीवीसी ने 13 जनवरी को जारी आदेश में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, बीमा कंपनियों और केंद्र सरकार के विभागों से कहा था कि भ्रष्टाचार के मामलों की जांच में सेवानिवृत्त कर्मियों को संलिप्त नहीं किया जाए। कुछ संगठन उसके करीब दो दशक पुराने दिशानिर्देश के विपरीत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बतौर जांच अधिकारी नियुक्त कर रहे हैं। सीवीसी ने अब पिछले महीने के दिशानिर्देशों को वापस लेने के लिए एक नया परिपत्र जारी किया है। पंद्रह फरवरी को जारी नवीनमत आदेश में कहा गया, आयोग के संज्ञान में लाया गया है कि विभागीय जांच में सेवानिवृत्त अधिकारियों को नियुक्त करने को लेकर जारी उसके परिपत्र से कुछ क्षेत्रों में गलतफहमी पैदा हुई है। मामले की जांच की गई और उक्त परिपत्र को वापस लिया जाता है।

### ललिता लक्ष्मी को पीएम कार्यालय में निदेशक नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह ललिता लक्ष्मी को बृहस्पतिवार को पीएमओ में निदेशक नियुक्त किया गया। पश्चिम बंगाल कैडर की 2008 बैच की आईएएस अधिकारी ललिता लक्ष्मी वर्तमान में कोलकाता में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) की परिसर निदेशक हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 28 फरवरी, 2027 तक प्रतिनियुक्ति कार्यकाल की शेष अवधि के लिए लेट्रल शिफ्ट बेसिस पर पीएमओ में निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

## ब्रिटिश पीएम की पत्नी से मुलाकात के बाद सुर्खियों में आया गोवा का मछुआरा

**पणजी।** गोवा के मछुआरे फ्रांसिस फर्नांडिज उर्फ पेले के मोबाइल फोन की घंटी तब से बीच बीच में लगातार बज रही है जबसे ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ बातचीत का उनका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ है। फ्रांसिस को पेले के नाम से जानते हैं और वह दक्षिण गोवा जिले के बेनौलिम बीच पर जल क्रीडा का कारोबार भी करते हैं। उनके आश्चर्य की सीमा उस समय नहीं रही जब अक्षता मूर्ति अपनी दो बेटियों के साथ बीच पर आईं और उन्होंने जेट स्की राइड का आनंद लिया। इसके बाद वह अपने पिता व इंफोसिस संस्थापक नारायण मूर्ति और मां सुधा मूर्ति के साथ डॉलफिन देखने पेले के स्वामित्व वाली नौका से समुद्र में गईं।

पेले की अक्षता के साथ कुछ सेकेंड की हुई बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया है और तब से उनकी ख्याति सेलिब्रिटी की तरह फैल रही है और खासतौर पर ब्रिटिश नागरिक बेनौलिम में छुट्टियां मनाने के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। ब्रिटेन के रहने वाले 72 वर्षीय नील फैंटे ने कहा, मैं पेले को 25 साल से अधिक समय से जानता हूं और हर साल तीन महीने के लिए छुट्टियां मनाने जाता हूं। मैं अपने प्रधानमंत्री की पत्नी के साथ बेनौलिम में उनकी बातचीत का वीडियो देखकर हतप्रभ हूं। पेले शानदार व्यक्तित्व के मालिक हैं और हमेशा बीच पर रहते हैं। यह स्वभाविक है कि वह सभी से मिलें, चाहे वह कितना भी प्रसिद्ध क्यों न हो। 2022 में पेले क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को मछली पकड़े की पारंपरिक युक्ति दिखाते नजर आए थे। बाद में उन्होंने अपने स्थान पर मछली पकाकर क्रिकेटर को खिलाई थी। पेले ने बिग बी को शक्तिशाली मछुआरा करार देते हुए कहा, कई हस्तियां इस बीच पर आई हैं। मैंने प्रियंका चोपड़ा, अमिता बच्चन, जया बच्चन, अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय जैसी हस्तियों की मेजबानी की है।

## घुसपैठ की साजिश नाकाम, आतंकवादी मार गिराया

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

सेना ने जम्मू कश्मीर के तंगधार सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की एक कोशिश नाकाम कर दी और एक आतंकवादी को मार गिराया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। रक्षा प्रवक्ता ने यहां बताया, सेना ने 15116 फरवरी, 2023 की रात को तंगधार सेक्टर के अग्रिम इलाकों में घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और कश्मीर घाटी में शांति एवं अमन भंग करने के पाकिस्तान के प्रयासों को नाकाम कर दिया तथा नियंत्रण रेखा के पास दुश्मन पर सफलतापूर्वक नैतिक बढ़त बनाए रखा। प्रवक्ता ने घटना के बारे में विस्तृत जानकारी देते कहा कि घुसपैठ रोधी ग्रिड में तैनात सुरक्षा बलों को एलओसी बाड़े के पास पहुंचने की कोशिश कर रहे तीन आतंकवादियों की गतिविधि का पता चला। उन्होंने कहा, चौकी के बेहद करीब पहुंचने पर आतंकवादियों के साथ सुरक्षा बलों की गोलीबारी हुई। सतर्क बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया जबकि गोलीबारी में एक अन्य घायल हो गया। हालांकि, अंधेरे का फायदा उठाकर घायल आतंकी अपने साथी के साथ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की ओर भाग गया। प्रवक्ता ने कहा कि सुबह तलाश अभियान के दौरान मृत घुसपैठिए का शव बरामद किया गया। घटनास्थल से एके सीरीज का एक राइफल, एक हल्का स्वचालित हथियार, छह मैग्जीन, दो ग्रेनेड और बड़ी मात्रा में गोलाबारूद बरामद किए गए। उन्होंने कहा, नियंत्रण रेखा पर लगातार घुसपैठ की कोशिशें कश्मीर घाटी में आतंकवाद को अंजाम देने और युद्धविराम समझौते के बहाने शांति और अमन को बाधित करने के पाकिस्तान के प्रयासों की याद दिलाती हैं।



शिमला में केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश दूरदर्शन की योजना को किया लांच।

## कर्नाटक के मंत्री के सिद्धरमैया को निशाना बनाते हुए टीपू का उल्लेख करने पर विवाद

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को कर्नाटक के मंत्री सी एन अश्वथ नारायण पर लोगों को उन्हें मार डालने के लिए उकसाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। सिद्धरमैया ने नारायण के इस बयान पर आपत्ति जताई कि उनका (सिद्धरमैया का) 18वीं सदी के तत्कालीन मैसूरु साम्राज्य के शासक टीपू सुल्तान की तरह परास्त कर उनके जैसा ही अंजाम होना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई से नारायण को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करके उनके खिलाफ तुरंत कार्वाई शुरू करने का आग्रह किया। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सिद्धरमैया, नारायण द्वारा मांड्या में हाल में की गई उस टिप्पणी का जिक्र कर रहे थे जिसमें उन्होंने, उन्हें (सिद्धरमैया) निशाना बनाया था।

नारायण ने कहा था, टीपू का बेटा सिद्धारमैया आएगा... आप टीपू को चाहते हैं या सावरकर को? हमें टीपू सुल्तान को कहां भेजना चाहिए? उरी गौड़ा और नांजे गौड़ा ने क्या किया? उसी तरह उन्हें भी बाहर कर दिया जाना चाहिए और भेज दिया जाना चाहिए। पुराने मैसूर क्षेत्र में एक वर्ग का दावा है कि टीपू की मृत्यु अंग्रेजों से लड़ते हुए नहीं हुई थी, बल्कि उन्हें दो वोक्कालिगा सरदारों उरी गौड़ा और नांजे गौड़ा द्वारा मारा गया था। कुछ इतिहासकार इससे असहमति जताते हैं।

नारायण ने कहा कि उनका बयान व्यक्तिगत रूप से सिद्धारमैया के संबंध में नहीं था और यदि कांग्रेस विधायक दल के नेता आहत हुए हैं, तो वह खेद व्यक्त करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनका मतलब केवल चुनावी रूप से हराना है और कोई शारीरिक नुकसान पहुंचाना नहीं है, जैसी कि गलत व्याख्या की जा रही है। सिद्धरमैया ने कहा, उच्च शिक्षा मंत्री अश्वथ नारायण ने लोगों से उसी तरह मुझे भी मार डालने की अपील की है कि जिस तरह टीपू को मारा गया था। अश्वथ नारायण, आप लोगों को भड़काने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? खुद ही बंदूक ले आओ।

पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कई ट्वीट में मंत्री के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं किए जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया जिन्होंने लोगों से मारने की खुले तौर पर अपील की है। सिद्धरमैया ने कहा कि इससे पता चलता है कि बोम्मई, गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र और उनका ‛अक्षम कैबिनेट सो रहा है और अश्वथ नारायण की बात से सहमति रखता है। सिद्धरमैया ने सवाल किया कि क्या गुजरात भाजपा की संस्कृति कर्नाटक भाजपा में भी समा गई है? उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2002 (गुजरात दंगों) की तरह अब भी चुप रहेंगे। कन्नड़ लोग कभी भी कर्नाटक को गुजरात नहीं बनने देंगे। बोम्मई से नारायण को तुरंत मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने और उन्हें गिरफ्तार करने का आग्रह करते हुए, सिद्धारमैया ने कहा, ‛यदि कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

## नाबालिग छात्रा को चार युवकों ने इमारत की छत से धक्का दिया, मौत

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले में चार युवकों ने 16 साल की एक छात्रा को कथित तौर पर चार मंजिला अपार्टमेंट की छत से धक्का देकर नीचे गिरा दिया, जिससे इस घटना में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की मां ने एक ही अपार्टमेंट में रहने वाले दो नामजद आरोपियों सहित चार युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि चारों में से एक युवक पीड़िता के साथ बातचीत करता था और यह उसकी मां को पसंद नहीं था। महिला ने अपनी बेटी को युवक के साथ बातचीत करने से रोका था।

पुलिस ने बताया कि घटना धनबाद में बरवाड़ा थाना क्षेत्र के भेलाटांड़ इलाके में बुधवार शाम साढ़े पांच बजे से छह बजे के बीच हुई। पुलिस उपाधीक्षक अमर कुमार पांडे ने बताया कि प्राथमिकी के आधार पर बुधवार की रात दो युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। किशोरी धनबाद के एक स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा थी। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि अपार्टमेंट में ही रहने वाला एक लड़का उनकी बेटी से जबरन बात करता रहता था और वह उसका सीनियर था। महिला ने बताया कि उसने अपनी बेटी को इसके लिए डांटा था और भविष्य में उस लड़के के साथ बातचीत नहीं करने के लिए कहा था। पुलिस ने बताया कि बुधवार की शाम को लड़के को उसके एक दोस्त के साथ अपार्टमेंट की पहली मंजिल पर देखा गया था। पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि छत पर एक कुर्सी भी मिली है, वहां कुर्सी कौन लाया और छत पर कितने लोग मौजूद थे इसकी जांच की जा रही है। जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने कहा कि समिति भी मामले की जांच कर रही है।

## कुलाधिपति ने विद्यार्थियों से कहा सपने देखिए और संकल्प लीजिए

● पंतनगर कृषि विवि राष्ट्र के लिए गौरव का एक स्तम्भ चिन्हः डोभाल

**पायनियर समाचार सेवा।** पंतनगर




**गोविंद** बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल एवं कुलाधिपति, ले. जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह द्वारा 2503 विद्यार्थियों को उपाधि व दीक्षा प्रदान की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीएचडी का एक अलग ही स्तर है और आज से 275 उपाधि धारक अब डॉक्टर कहलाएंगे। इस क्षण डिग्री एवं मेडल लेने आए विद्यार्थियों में एक अलग ही उत्साह दिखा जो कि अहुत ही अहम है। आज उत्तराखंड की बेटियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। यहां कि कि एक परिवार की दो बहनों ने मेडल हासिल किया। उन्होंने विद्यार्थियों के माता-पिता एवं गुरुजनों को हार्दिक बधाई दी और विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने माता-पिता, गुरुजन व साथी को न भूलें। दीक्षांत समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को विज्ञान वारिधि की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डोभाल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय राष्ट्र के लिए गौरव का एक स्तम्भ चिन्ह है। हमारे लिए यह सौभाग्य की बात है कि हमें यहां आने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय ने देश की सेवा उस समय पर की जब हमारे देश में अकाल की स्थिति थी और अन्य देशों से खाद्यान्न आयात करना पड़ा था। आज हम खाद्यान्न उत्पादन में सक्षम ही नहीं बल्कि अन्य देशों को निर्यात भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पड़ोसी देश चीन में हमसे कम जमीन में अधिक खाद्यान्न का उत्पादन किया जा रहा है।

# भारत की निगाहें एक और बड़ी जीत पर

## ● पुजारा की नजर 100वें टेस्ट पर, शीर्ष क्रम की चिंता बरकरार

**भाषा।** नई दिल्ली



**केएल राहुल** का लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना चिंता का विषय बना हुआ है लेकिन भारत फिर भी शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा और कोशिश करेगा कि फिर से तीन दिन में नतीजा हासिल कर सके। यह मैच भारतीय क्रिकेट के कम सुर्खियों में रहने वाले बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के करियर का 100वां टेस्ट होगा, जहां तक पहुंचने में उन्हें 13 साल लगे। पुजारा 20वां टेस्ट शतक जड़कर इस व्यक्तिगत उपलब्धि का जश्न मनाना चाहेंगे। लेकिन भारत के शीर्ष क्रम की चिंता बरकरार हैं। कप्तान रोहित शर्मा को छोड़ दें तो अन्य बल्लेबाज शुरूआती टेस्ट में नहीं चल सके। नागपुर में पहले टेस्ट में रोहित ने शतकीय पारी खेली। राहुल के अलावा संघर्ष करने वाले खिलाड़ियों की सूची में विराट कोहली और कुछ हद तक पुजारा भी शामिल हैं। स्पिनरों का सामना करने में कोहली कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसलिए कोहली का फिर से नाथन लियोन और टॉड मर्फी का सामना करना दिलचस्प हो सकता है। केएल राहुल के लिए समय निकलता जा रहा है क्योंकि शुभमन गिल को बेहतरीन फॉर्म में होने के बावजूद इंतजार करना पड़ रहा है। राहुल 46 टेस्ट करियर में मिले इतने सारे मौकों का फायदा नहीं उठा सके हैं और उनका औसत भी 34 से कम का रहा है। अंतिम दो टेस्ट के लिए टीम की घोषणा से पहले अगर कर्नाटक का यह 30 वर्षीय खिलाड़ी फिर असफल रहता है तो यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम प्रबंधन क्या फैसला करता है। रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने नागपुर में पारी की जीत के दौरान आस्ट्रेलियाई टीम को काफी दबाव में ला दिया था लेकिन फिरोजशाह कोटला में एक और धीमी गति की टर्न लेने वाली पिच होगी या नहीं, इस पर कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। वहीं आस्ट्रेलियाई टीम जब तक अच्छी बल्लेबाजी नहीं करेगी तब तक इस टेस्ट को पांचवें दिन तक नहीं ले जा पाएगी। फिरोजशाह कोटला की पिच पर जब नमी सूख जाएगी तो यह पिच निर्जीव हो जाएगी। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं थी कि हाल के दिनों में जडेजा, (अभी चोटिल) ऋषभ पंत और (फिट हो चुके) श्रेयस अय्यर की मध्यक्रम की तिकड़ी ने ज्यादातर मौकों पर टीम को संकट से बाहर निकाला है। यहां तक कि नागपुर में शुरूआती टेस्ट में भी आस्ट्रेलियाई टीम को समेटने का काम अक्षर पटेल और जडेजा की जोड़ी ने किया था। कोटला की पिच जामथा की तुलना में थोड़ी धीमी हो सकती है जिससे भारतीय बल्लेबाजों को अपने कप्तान की तरह की बल्लेबाजी का अनुकरण करना होगा जिसमें रक्षात्मक होने के साथ आक्रामकता भी हो। मैदान में एक तरफ छोटी बाउंड्री है तो आस्ट्रेलियाई कप्तान कप्तान पैट कमिंस ओल्ड पवेलियन छोर से नाथन लियोन को गेंदबाजी कराने में सतर्क रहेंगे क्योंकि लेग साइड की बाउड्री मुश्किल से 60 मीटर होगी। वहीं अय्यर ने पीठ के निचले हिस्से में चोट के बाद अपना रिहैब पूरा कर लिया है और मौजूदा टीम प्रबंधन के नियमों के अनुसार अगर कोई खिलाड़ी चोटिल होने से पहले अच्छा प्रदर्शन कर रहा था तो उसे अंतिम एकादश में अपनी जगह वापस मिल जाएगी।

### आईसीसी ने भारत को नंबर एक टेस्ट टीम दिखाने की तकनीकी गड़बड़ी के लिए माफी मांगी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उस तकनीकी गड़बड़ी के लिए माफी मांगी है जिसमे बुधवार को पुरूष टेस्ट टीम रैंकिंग में भारत ने आस्ट्रेलिया को हटाकर नंबर एक स्थान हासिल कर लिया था। हालांकि कुछ घंटों के बाद आईसीसी ने एक और अपडेट की हुई सूची जारी की जिसमें रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम फिर से दूसरे नंबर पर खिसक गई। इससे यह प्रतीत हुआ कि रोहित की टीम ने नागपुर में पहले टेस्ट मे आस्ट्रेलिया पर पारी और 132 रन की जीत कुछ समय के लिए शीर्ष स्थान हासिल किया था। गुरुवार को हालांकि खेल की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी गलती स्वीकार की और एक बयान में कहा, आईसीसी स्वीकार करता है कि 15 फरवरी 2023 को कुछ समय के लिए भारत को तकनीकी गलती के कारण आईसीसी की वेबसाइट पर नंबर एक टेस्ट टीम दिखा दिया गया था।

# अपना पूरा खेल नहीं बदल सकता : पुजारा

## ● पर मैं अब बदलाव के लिए तैयार हूं

**भाषा।** नई दिल्ली



**चेतेश्वर पुजारा** ने गुरूवार को कहा कि वह टेस्ट में प्रासंगिक बने रहने के लिए बल्लेबाजी में लचीलापन लाने की जरूरत को समझ चुके हैं। वह क्रिकेट के इसी प्रारूप में खेलते हैं। डेढ़ दशक से अधिक लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद अपने 100वें टेस्ट की दहलीज पर खड़े पुजारा ने टीम प्रबंधन के साथ चर्चा के बाद अपनी बल्लेबाजी में कुछ नए शॉट जोड़े हैं। पिछले साल पुजारा को श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम से कुछ समय के लिए बाहर कर दिया गया था। तब दावा किया गया था वह अपने खेल को आगे नहीं बढ़ा पाए थे जिससे गेंदबाजों पर दबाव आ गया था। आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर इसमें हुई मुश्किलों के बारे में पूछने पर पुजारा ने पीटीआई से कहा, निश्चित रूप से यह चुनौतीपूर्ण था, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात है कि आपको मानसिक रूप से मजबूत होने की जरूरत होती है, खुद पर विश्वास रखना होता है। मैं जानता हूं कि मैंने जो कुछ किया है, उसके लिए मुझे पहले पांच-सात वर्षों में किस तरह सफलता मिली और मैं अपना खेल नहीं बदल सकता, लेकिन निश्चित रूप से आप अपने खेल में सुधार कर सकते हो और अपने खेल में कुछ चीजें जोड़ सकते हो। लेकिन आप अपना पूरा खेल नहीं बदल सकते। पुजारा अभी तक 19 शतक और 7000 से अधिक रन बना चुके हैं। फिर एक और चुनौती कई प्रारूपों में खेलने वाले खिलाड़ियों से होती है जिनके पास आक्रामक खेल का एक अलग आयाम है। हर खिलाड़ी की शैली अलग होती है। इतने वर्षों में मैंने जो सीखा है, वो अपनी मजबूती पर अडिग बने रहना है और आपको इसका समर्थन करना चाहिए। मैंने पिछले कुछ वर्षों में अपने खेल में कुछ शॉट जोड़े हैं और एक क्रिकेटर के रूप में आगे बढ़ना जारी रखा है। भारतीय टीम से बाहर किए जाने के बाद वह इंग्लिश काउंटी क्रिकेट खेलने चले गए और ससेक्स के लिए काफी रन जुटाए और वापसी करते हुए 100 टेस्ट खेलने वाले 13वें भारतीय बने। मैंने पहले ही राहुल भाई (द्रविड़) और विक्की पाजी (विक्रम राठौर) से बात कर ली थी। मैं हालांकि टीम से बाहर था, मुझे स्पष्ट पता था कि कुछ चीजें हैं जिन पर मुझे काम करना है और फिर भारत के लिए खेलने का मौका मिल जाएगा। मुझे इंग्लैंड में एकमात्र टेस्ट मैच में खेलने का मौका मिला और मैं तैयार था। मैंने ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी मैच खेले थे और काफी रन बनाए जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। वह अब पारंपरिक प्रारूप में कुछ अपरंपरागत शॉट खेलने के लिए तैयार हैं। बतौर क्रिकेटर मैं सफेद गेंद का क्रिकेट खेला। इससे मुझे सौराष्ट्र और ससेक्स की ओर से खेलने में मदद मिली जिसमें मैंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ स्वीप शॉट्स खेलने की कोशिश की और पैडल स्कूप भी खेला। मैं इन शॉट्स को टेस्ट में लगाना चाहता था। इससे मुझे बांग्लादेश के खिलाफ पिछली श्रृंखला में भी मदद मिली है और जब हमें तेजी लानी होती तो मुझे कुछ शॉट खेलने पड़े। मैं अब थोड़ा अधिक खुले विचारों वाला बन गया हूं और बदलावों के प्रति लचीला हो गया और परिस्थितियों के अनुकूल हो जाता हूं और तकनीक में बदलाव के लिए तैयार हूं।

### मनु गंडास ने अंडर पार का कार्ड खेला, संयुक्त 7वें स्थान पर

**चोनबुरी (थाईलैंड)।** भारतीय गोल्फर मनु गंडास ने गुरुवार को यहां 2023 थाईलैंड क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 70वें स्थान पर चल रहे है। डीपी वर्ल्ड टूर में अपने पहले सत्र मे खेल रहे गंडास के अलावा हमवतन शुभंकर शर्मा ने तीन ओवर 75 का खराब कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 123वें स्थान पर चल रहे है। शुभंकर को अगर कट मे जगह बनानी है तो उन्हें दूसरे दौर मे अच्छा कार्ड खेलना होगा।

### स्नेहा ने प्रो टूर पर पहला खिताब जीता

**कोलकाता।** स्नेहा सिंह ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के तीसरे चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए बतौर पेशेवर खिलाड़ी पहली बार खिताब जीता। दिन की शुरूआत में जैस्मीन शेखर से दो शॉट से पिछड़ रही स्नेहा बाद में पांच शॉट से पीछे हो गई लेकिन टर्न के बाद उन्होंने लगातार चार बर्डी लगाकर अंतर कम किया। जैस्मीन दो होल बाकी रहते भी स्नेहा से आगे थी और उन्हे दो पार स्कोर की जरूरत थी। वह हालांकिदबाव मे आ गई और खिताब से चूक गई। अमैच्योर सानवी सोमू तीसरे स्थान पर रही।

### होप और पावेल होंगे वेस्टइंडीज के कप्तान

**सेंट जोंस (एंटीगा)।** शाई होप को वेस्टइंडीज की एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम का और रोवमैन पावेल को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया। निकोलस पूरन के आस्ट्रेलिया मे हुए टी20 विश्व कप मे वेस्टइंडीज टीम के जल्दी बाहर होने के बाद दोनो टीमों की कप्तानी छोड़ दी थी जिससे दोनों पद खाली थे और बुधवार को होप और पावेल की नियुक्तियों की घोषणा की गई।

### तमिलनाडु और महाराष्ट्र की महिला सीनियर राष्ट्रीय हॉकी में विशाल जीत

**काकिनाडा (आंध्र प्रदेश)।** तमिलनाडु और महाराष्ट्र ने 13वी हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप मे पुडुचेरी और अंडमान निकोबार पर विशाल अंतर से जीत दर्ज की। महाराष्ट्र ने पुडुचेरी को 7-0 से हराया जबकि पूल एच के दूसरे मैच मे तमिलनाडु ने अंडमान निकोबार को 32 -0 से मात दी। शुक्रवार को पूल ए में ओडिशा का सामना केरल से और मध्यप्रदेश का तेलंगाना से होगा। अन्य मैचो में हिमाचल पूल एफ में गुजरात से और आंध्र प्रदेश पूल ई मे बंगाल से खेलेगा।

### चित्रवेल ने क्यूबाई कोच की ट्रेनिंग को दिया श्रेय

**नई दिल्ली।** हाल में कजाखस्तान में एशियाई इंडोर चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले त्रिकूद एथलीट प्रवीण चित्रवेल को अपने क्यूबाई कोच योआंद्री बेटांजोस के त्रिकूद ट्रेनिंग के तरीकों से काफी फायदा हुआ जो मौखिक निर्देशों के बजाय वास्तव मे कूद लगाकर अपने शिष्यों को सिखाते है।

### शॉर्ट गेंद खेलना पसंद करती हैं शेफाली, ऋचा : हरमनप्रीत

**केपटाउन।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और ऋचा घोष ने भले ही कुछ दिग्गज खिलाड़ियों की तरह पारंपरिक तरीके से ट्रेनिंग नही ली हो लेकिन वे शॉट मे प्रयोग से टीम की मदद कर रही है। हरमनप्रीत ने कहा कि दोनो युवा खिलाड़ियों ने शार्ट गेंद खेलने का लुत्फ उठाया।

# सौराष्ट्र ने बंगाल पर दबाव बनाया

## ● रणजी : उनादकट और सकारिया की उम्दा गेंदबाजी

**भाषा।** कोलकाता



उनादकट



सकारिया

**तीन दशक से** अधिक समय बाद रणजी ट्रॉफी जीतने की बंगाल की उम्मीदों को करारा झटका देते हुए तेज गेंदबाजों जयदेव उनादकट और चेतन सकारिया ने फाइनल मैच के पहले ही दिन बृहस्पतिवार को सौराष्ट्र का पलड़ा भारी कर दिया। बंगाल की टीम पहले दिन ही 174 रन पर आउट हो गई। स्पिन हरफनमौला शाहबाज अहमद (69) और विकेटकीपर अभिषेक पोरेल (50) अगर अर्धशतक नहीं जमाते तो बंगाल की स्थिति और खराब होती। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी करके सौराष्ट्र के गेंदबाजों को करीब चार घंटे तक परेशान किया। बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने दोनों को पवेलियन भेजा। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर सौराष्ट्र ने दो विकेट पर 81 रन बना लिए थे और वह बंगाल से 93 रन पीछे था। फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई (38) और सकारिया (दो) क्रीज पर थे। सौराष्ट्र ने जय गोहिल (छह) और विश्वराज जडेजा (25) के विकेट गंवा दिए। वहीं टेस्ट टीम से रिलीज किए जाने के बाद वापसी कर रहे उनादकट ने 44 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने पहले स्पैल में पांच ओवर में सात रन देकर दो विकेट चटकाए थे। सकारिया ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए। पहले आधे घंटे के खेल में ही बंगाल के चार बल्लेबाज पवेलियन में थे जब स्कोर बोर्ड पर 17 रन टंगे थे। बंगाल की आधी टीम सवा घंटे के भीतर 34 के स्कोर पर आउट हो चुकी थी। सौराष्ट्र के तीसरे तेज गेंदबाज चिराग जानी ने भी दो विकेट लिए। इससे पहले उनादकट ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जो उन्होंने और सकारिया ने सही साबित कर दिखाया। बंगाल के बल्लेबाज गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर आउट होते चले गए। पारी की पांचवीं गेंद पर ही उनादकट ने अभिमन्यु ईश्वरन को आउट किया। फाइनल के जरिए पदार्पण कर रहे सुमंत गुप्ता भी दबाव नहीं झेल सके और एक रन बनाकर आउट हो गए। सकारिया ने सुदीप कुमार घारामी को दो गेंद बाद आउट किया। मेजबान कप्तान मनोज तिवारी को उनादकट ने एक के स्कोर पर गली में लपकवाया। इस सत्र में बंगाल के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले अनुस्तूप मजूमदार भी ज्यादा देर टिक नहीं सके। पांच विकेट जल्दी गिरने के बाद शाहबाज और पोरेल ने पारी को संभालने की कोशिश की और टीम को शर्मनाक स्कोर पर सिमटने से बचाया।

### तिवारी को पहली पारी की बढ़त का भरोसा, कहा सौराष्ट्र को जल्दी समेट सकते हैं दूसरे दिन

**कोलकाता।** बंगाल के बल्लेबाजो के खराब प्रदर्शन से सौराष्ट्र को भले ही गुरुवार को शुरूआती दिन फायदा मिला हो लेकिन घरेलू टीम के कप्तान मनोज तिवारी ने दावा किया कि उनके गेंदबाज शुक्रवार को पहले घंटे के खेल में मेहमान टीम को 60 और रन जोड़ने के बाद समेट सकते है। तिवारी ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद पत्रकारो से कहा, मै हमेशा खिलाड़ियों से कहता हूं, हमें सिर्फ आठ विकेट चटकाने वाली गेंद चाहिए। आपको इसके लिए 20 ओवर भी लग सकते है और यह महज पांच ओवर मे भी हो सकता है। लेकिन महत्वपूर्ण है कि रन नही गंवाए जाएं। कल पहले घंटे का स्पैल बससे महत्वपूर्ण होगा। इसमें कोई सवाल नही उठता कि हम उन्हे कल 60 रन के अंदर समेट सकते हैं। यह बस भरोसा करने की बात है, हम ऐसा कर सकते हैं। यह बस मैदान पर रणनीति लागू करने की बात है। बंगाल के तेज गेंदबाजो मे अनुशासन की कमी दिखी जिससे उन्होने सौराष्ट्र के बल्लेबाजो को शुरू मे काफी रन लुटा दिए। तिवारी ने कहा कि वे भले ही फाइनल मे खेलने की उम्मीदो से डगमगा गए हो। हमारी गेंदबाजी मे अनुशासन की कमी थी। वे ही बता सकते है कि वे दबाव मे आ गए थे, लेकिन बल्लेबाज भी नही चल सको हां, पहले दिन का खेल निराशाजनक रहा लेकिन हमे भरोसा है कि हम वापसी करेंगे। इस अनुभवी कप्तान ने कहा, हमने लीग चरण मे भी काफी बार वापसी की है। हमने चर्चा की है और अब इसे अमल करने की बात है। अगर हम सही लाइन एवं लेथ मे गेंदबाजी करते है तो हम निश्चित रूप से वापसी कर सकते है। अंतिम गेंद तक भी उम्मीद रहती है।

# नीचे की ओर आती उछाल बनी बल्लेबाजों की परेशानी : कमिंस

**भाषा।** नई दिल्ली



**आस्ट्रेलिया** के कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि आस्ट्रेलिया की उछालभरी पिचों पर गेंदबाजी के अभ्यस्त नाथन लियोन समेत उनके स्पिनर भारतीय पिचों पर नीचे की ओर उछाल के कारण उतने प्रभावी साबित नहीं हो पा रहे हैं। आस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले स्पिनर टॉड मरफी ने पहले टेस्ट में सात विकेट लिए लेकिन लियोन को एक ही विकेट मिला। वहीं भारत के रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को तहस नहस करके भारत को एक पारी और 132 रन से जीत दिलाई। कमिंस ने दूसरे टेस्ट से पूर्व कहा , पिछले मैच में हमने देखा कि गेंद नीचे की ओर उछाल ले रही है जिससे गेंदबाजी तकनीक में बदलाव करना पड़ा। करीबी क्षेत्ररक्षकों को कभी लगा ही नहीं कि गेंद उछलकर आएगी क्योंकि उछाल थी ही नहीं। इसमें कोण बदलकर गेंदबाजी करने की जरूरत थी। मुझे लगता है कि गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। थोड़ा सा बदलाव करने से प्रदर्शन और बेहतर होगा। भारत के पश्चिमी हिस्सों में पिच लाल मिट्टी पर बनी होती है जबकि उत्तर भारत में काली मिट्टी है। कमिंस ने कहा कि मिट्टी का रंग भले ही बदल गया है लेकिन पिच में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। मुझे नहीं लगता। यहां मिट्टी अलग है लेकिन पिच एक सी लग रही है। यह स्पिनरों की मददगार होगी। देखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरे टेस्ट में अनुभवी एश्टोन एगर और बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुनेमन को मौका मिल सकता है। हमने दोनों विकल्प खुले रखे हैं। हमें यहां अच्छे प्रदर्शन का यकीन है। दोनों ने पिछले कुछ सत्रों में काफी अभ्यास किया और तीसरे स्पिनर के लिए इनमें से एक को उतारा जा सकता है। आस्ट्रेलियाई कप्तान ने यह भी कहा कि सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को जवाबी हमले करने होंगे क्योंकि ऐसे में ही वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। यह पूछने पर कि क्या वॉर्नर को उतारा जाएगा, उन्होंने कहा , मैं चयनकर्ता नहीं हूं। मुझे नहीं लगता कि उनकी कोई बैठक हुई है लेकिन मुझे यकीन है कि वॉर्नर खेलेगा।

### नागपुर टेस्ट से हेड को बाहर किए जाने से अब भी हैरानी में हैं बॉर्डर

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर एलेन बॉर्डर को अब भी यह समझ नही आ रहा कि मध्यक्रम बल्लेबाज ट्रेविस हेड को नागपुर मे भारत के खिलाफ अंतिम एकादश से बाहर क्यो रखा गया था जिसमे उन्हे तीन दिन मे पारी और 132 रन से हार का सामना करना पड़ा था। हेड 2021-22 एशेज श्रृंखला के बाद से शानदार फॉर्म मे है। आस्ट्रेलिया ने पांच टेस्ट मैचो की यह श्रृंखला 4-0 से जीती थी जिसमे उन्हे प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। वह हाल मे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैचो की श्रृंखला के दौरान दूसरे सबसे ज्यादा रन जुटाने वाली खिलाड़ी रहे थे। इसमें आस्ट्रेलिया ने 2-0 से जीत हासिल की थी।

### नेपाल ने भारतीय महिला टीम से मैत्री मैच में 2-2 से ड्रा खेला

**भाषा।** चेन्नई

**नेपाल ने** दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पहले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में भारतीय महिला फुटबॉल टीम से 2-2 से ड्रा खेला। भारत और नेपाल की महिला फुटबॉल टीमों के बीच दो मैत्री मैच आयोजित किए गए हैं। भारत के लिए सौम्या गुगुलोथ और इंदुमति काथिरेसन ने दूसरे हाफ में गोल दागे। वहीं नेपाल के लिए सबित्रा भंडारी ने अंतिम मिनट में पनेल्टी से गोल किया और फिर उन्होंने इंजुरी टाइम में नेपाल के लिए बराबरी गोल दागा।

# जंग को हराकर नागल क्वार्टर फाइनल में

## ● चेन्नई ओपन चैलेंजर

**भाषा।** चेन्नई



**सुमित नागल** ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चीनी ताइपै के जासन जंग को 3-6, 6-2, 6-0 से हराकर चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 506वें स्थान पर काबिज और क्वालीफाइंग दौर से यहां पहुंचे नागल का सामना अब ब्रिटेन के जे क्लार्क से होगा। क्लार्क ने आठवीं वरीयता प्राप्त दिमितर कुजमानोव को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। इस बीच दूसरी वरीयता प्राप्त जेम्स डकवर्थ ने सर्बिया के हमाद माजेदोविच को 6-2, 7-6 से मात दी। उनके हमवतन मैक्स परसेल ने चेक गणराज्य के पीटर नोजा को 7-5, 6-3 से हराया। युगल वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के जीवन नेदुंचेझियान और एन श्रीराम बालाजी ने नागल और शशिकुमार मुकुंद को 7-6, 6- 0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# बीसीसीआई के सामने कुछ नही कर पाएगा आईसीसी : अफरीदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**पाकिस्तान के** आलराउंडर शाहिद अफरीदी को लगता है कि जहां तक उनके देश में 2023 एशिया कप की मेजबानी का संबंध है तो आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) भी बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के सामने कुछ भी नहीं कर पाएगा। बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया। जिससे इस साल के अंत में पाकिस्तान में टूर्नामेंट की मेजबानी पर संदेह बन गया है। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से ठीक पहले होना है। पाकिस्तान ने जवाबी कार्वाई में इस टूर्नामेंट के बहिष्कार करने की धमकी दी है। अफरीदी ने समा टीवी से कहा, मुझे नहीं पता, क्या भारत एशिया कप के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगा या नहीं ? क्या हम भारत में होने वाले वनडे विश्व कप का बहिष्कार करेंगे ?

### यूएई में कुछ मैच, भारत अपने सारे मैच वहीं खेल सकता है, एशिया कप पर पीसीबी का सुझाव

**कराची।** एशिया कप को लेकर जारी गतिरोध के बीच पाकिस्तान मेजबान बना रह सकता है और भारत को उसके मैच यूएई में खेलने की पेशकश दी जा सकती है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने यह जानकारी दी। ऐसे हालात मे भारत के फाइनल मे पहुंचने पर फाइनल भी यूएई मे ही होगा। एशियाई क्रिकेट परिषद की बहरीन मे चार फरवरी को आपात बैठक हुई। इससे पहले एसीसी ने अपना कार्यक्रम जारी किया था जिसमे पाकिस्तान को टूर्नामेंट का मेजबान नही बताया गया था। यहां मीडिया से बातचीत मे पीसीबी प्रमुख नजम सेठी ने कहा कि अगले महीने आईसीसी की बैठक से इतर इस मसले पर आगे बातचीत होगी क्योंकि यह मसला अभी सुलझा नही है। उन्होंने कहा एसीसी की बैठक मे क्या हुआ, इस पर मै क्या कहूं। कोई हल नही निकला

### ओलंपियन बलराम का लंबी बीमारी से निधन

**भाषा।** कोलकाता

**भारत के** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता फुटबॉलर और ओलंपियन तुलसीदास बलराम का लंबी बीमारी के कारण गुरूवार को यहां निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। उनके परिवार के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। बलराम 1950 और 1960 के दशक में भारतीय फुटबॉल की सुनहरी पीढ़ी का हिस्सा रहे, जिसमें वह चुन्नी गोस्वामी और पीके बनर्जी जैसे दिग्गजों के साथ खेलते थे जिससे उन्हें होली ट्रीनिटी (त्रिमूर्ति) के नाम से पुकारा जाता था। बलराम ने शादी नहीं की थी, वह पश्चिम बंगाल के उत्तरपारा में हुगली नदी के किनारे एक फ्लैट में रहते थे। पिछले साल 26 दिसंबर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 1962 के एशियाड चैंपियन का पेशाब के संक्रमण और पेट संबंधित बीमारी के लिए उपचार किया जा रहा था। परिवार के एक करीबी सूत्र ने बताया, उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ और आज दोपहर करीब दो बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

# स्वर्ण पदक विजेता भारतीय महिला हैंडबॉल टीम वापसी के बाद की गई सम्मानित



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हैंडबॉल टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अम्मान जार्डन में गत 7 से 14 फरवरी तक आयोजित तृतीय वेस्ट एशियन प्रेसिडेंट कप महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर देश का परचम लहरा दिया। इस स्वर्णिम सफलता के साथ भारतीय महिलाओं का वापसी के बाद नई दिल्ली के आरके खन्ना टेनिस स्टेडियम में आयोजित एक भव्य समारोह में जोरदार स्वागत के साथ सम्मान किया गया। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ खेल प्रशासक अनिल खन्ना ने इन खिलाड़ियों का माल्यार्पण करके व पुष्प गुच्छ देकर उनको इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई दी। इस दौरान मौजूद हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष ए.जगनमोहन राव व कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने भारतीय टीम की सराहना की।

### भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम को सम्मानित किया

**लखनऊ।** इंडसइंड ने दिसंबर 2022 में नेत्रहीनों के लिए तीसरे टी20 विश्व कप में ऐतिहासिक जीत के लिए भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम को सम्मानित किया। 13 फरवरीए को इंडसइंड बैंक के मुंबई कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समर्थनम ट्रस्ट के क्रिकेट एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड इन इंडिया के साथ साझेदारी में इंडसइंड बैंक अपने इंडसइंड ब्लाइंड क्रिकेट प्रोग्राम के तहत 6 वर्षों से 700 नेत्रहीन क्रिकेटरों पुरुषों और महिलाओं का समर्थन कर रहा है। इंडसइंड बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुमंत कठपालिया सीएबीआई के अध्यक्ष महंतेश किवादसन्नवर और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रहे।

### कूह स्पोर्ट्स क्लबकी जीत

**लखनऊ।** मैन ऑफद मैच आदित्य सिंह 59 रन की तूफानी पारी के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन की सहयता से कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने जी20 बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग के मुकाबले में यूपी टिम्बर क्रिकेट क्लब को 85 रन से पराजित किया। कूह स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 ओवर में 226 रन का स्कोर बनाया। यूपी टिम्बर की तरफसे विप्रज निगम ने तीन विकेट हासिल किये जबकि अभिषेक ने दो विकेट चटकाये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी टिम्बर की टीम 26.5 ओवर में 141 रन पर ही ढेर हो गई और जीत से 85 रन दूर रह गई। टीम को सलामी बल्लेबाज शुभांग राज 19 और विश्वजीत मिश्रा 29 ने पहले विकेट के लिए 30 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत दी।

### इंग्लैंड का पहले दिन दबदबा, नौ विकेट पर 325 रन पर पारी घोषित की

**भाषा।** माउंट मोनगानुई

**इंग्लैंड ने** बेन डकेट (84 रन) और हैरी ब्रुक (89 रन) के अर्धशतकों से न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरूवार को दिन रात्रि क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी नौ विकेट पर 325 रन पर घोषित की। आसमान में काले बादल छाए हुए थे लेकिन बारिश नहीं हुई जिससे इंग्लैंड ने 58.2 ओवर में पारी घोषित की जिसमें डकेट ने 68 गेंद में 14 चौकों से 84 रन और ब्रुक ने 80 गेंद में 15 चौके और एक छक्के से 89 रन बनाए। दिन का 85 मिनट का खेल बाकी था और इंग्लैंड के गेंदबाजों ने स्टंप तक न्यूजीलैंड के पहली पारी में 37 रन पर तीन विकेट झटक लिए थे। न्यूजीलैंड के टॉम लाथम (01), केन विलियमसन (06) और हेनरी निकोल्स (04) पवेलियन जा चुके हैं। डेवोन कॉनवे 19 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इंग्लैंड के लिए जेम्स एंडरसन ने सात ओवर में 10 रन देकर दो विकेट झटके।